**'पीएलए'वरील नियंत्रणाचा विस्तार?**

झाओ यांच्यावरील कारवाई ही केवळ एका माजी जनरलची हकालपट्टी नसून, क्षी जिनपिंग यांच्या नियंत्रणाखाली 'पीएलए'चे नेतृत्व आणि स्वरूप बदलत असल्याची महत्त्वाची खूण मानावी लागेल. भारताच्या दृष्टीने या बदलाकडे बारकाईने पाहणे आवश्यक आहे. कारण, भारतालगतच्या पश्चिम थिएटर कमांडच्या नेतृत्वात होणारे बदल भविष्यात चीनच्या सीमाविषयक लष्करी धोरणावर परिणाम करू शकतात. अनुभवी कमांडरांची जागा नवे अधिकारी घेत असतील तर त्याचा परिणाम चीनच्या लष्करी निर्णय प्रक्रियेवर कसा होईल हे पुढील काळात स्पष्ट होईल.

दैनिक जागरण

समीक्षा ही सुधार का आधार बनती है

# राजमार्गों पर एंबुलेंस

यह राहतकारी है कि सड़क एवं परिवहन मंत्रालय राजमार्गों पर स्थित हर टोल प्लाजा पर एक एंबुलेंस तैनात करने की लंबे समय से प्रस्तावित अपनी योजना को अमल में लाने जा रहा है। इस योजना के तहत सड़क एवं परिवहन मंत्रालय राज्यों को एंबुलेंस उपलब्ध कराएगा। वह उनके संचालन का खर्च उठाएगा, लेकिन राज्यों को भी इन एंबुलेंस को हेल्पलाइन से जोड़ने का काम करना होगा। इसमें राज्यों को कोई समस्या नहीं आनी चाहिए, लेकिन बात तब बनेगी, जब ये एंबुलेंस लगातार गश्त करेंगी और वे सूचना-संचार के सभी आधुनिक उपकरणों से भी लैस होंगी। इन एंबुलेंस की तत्परता की निगरानी करने की भी आवश्यकता होगी। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि शहरों में राजमार्गों के किनारे या उनके निकट ऐसे ट्रामा सेंटर हों, जो घायलों का बिना किसी देरी के उपचार कर सकें। स्पष्ट है कि इस योजना की सफलता बहुत कुछ राज्यों और विशेष रूप से उनकी पुलिस के सहयोग पर निर्भर करेगी। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को हर टोल प्लाजा पर एंबुलेंस तैनात करने की अपनी योजना को सही ढंग से क्रियान्वित करने के साथ ही राज्यों से मिलकर ऐसे उपाय भी करने होंगे, जिससे दुर्घटना की नौबत ही न आए या उन पर प्रभावी अंकुश लगे। ऐसे उपायों पर प्राथमिकता से ध्यान देना इसलिए अनिवार्य है, क्योंकि तमाम घोषणाओं और चिंताओं के बाद भी मार्ग दुर्घटनाओं एवं उनमें हताहत होने वालों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि भारत में अन्य देशों के मुकाबले कहीं अधिक लोग मार्ग दुघटनाओं में अपनी जान गंवा रहे हैं। यह तब है, जब इन देशों की तुलना में भारत में वाहनों की संख्या कहीं कम है।

मार्ग दुर्घटनाओं का कारण उपयुक्त डिजाइन वाले राजमार्गों का निर्माण न किए जाने के साथ ही उनकी समुचित देखभाल भी न किया जाना है। एक समस्या यह है कि राजमार्गों पर कहीं भी कट बना दिए जाते हैं। इसी तरह यात्री वाहन कहीं पर भी सवारियां उतारने या बैठाने लग जाते हैं। अपने देश में राजमार्गों पर अतिक्रमण के साथ यातायात नियमों की अनदेखी भी आम है। वास्तव में मार्ग दुर्घटनाओं पर लगाम तब लगेगी, जब सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के साथ राज्य सरकारें भी सुरक्षित आवागमन को प्राथमिकता देंगी। इसी के साथ वाहन चालकों को भी जागरूक करना होगा। यह समझा जाना चाहिए कि लापरवाह वाहन चालकों को केवल मामूली जुर्माने के जरिये नियंत्रित करना कठिन है। अच्छा हो कि सड़क एवं परिवहन मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ मिलकर कोई ऐसा साझा तंत्र बनाए, जो राजमार्गों में आवागमन को सुरक्षित कर सके। राज्य सरकारों को इसकी भी फिक्र करनी होगी कि उसके अपने मार्गों पर भी दुर्घटनाएं थमें।

# सुरक्षा तंत्र में सेंध

पंजाब पुलिस की ओर से सशस्त्र सीमा बल के जवान और उसके साथी की गिरफ्तारी ने अत्यंत गंभीर और चिंताजनक स्थिति उजागर की है। जवान और उसका साथी हथियारों की तस्करी कर रहे थे। इनके पास से सात पिस्टल और 25 कारतूस बरामद हुआ है। इस घटना से यही प्रतीत होता है कि अब हथियारों की तस्करी में सुरक्षा बलों के ही कुछ लोग भी सम्मिलित हो रहे हैं। यह महज अपराध नहीं है, बल्कि पूरे सुरक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। पकड़ा गया जवान पटियाला की जेल में बंद एक गैंग्सटर के संपर्क में था। यह स्थिति बेहद खतरनाक है। यह भी चिंता की बात है कि जेल में बंद गैंग्सटर ने इस प्रकार से सुरक्षा बलों तक में अपनी पैठ बना ली है। जेल से बैठकर ही ऐसे अपराधी अपना नेटवर्क संचालित कर रहे हैं। यह पंजाब ही नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरे की बात है। इसलिए यह आवश्यक है कि सुरक्षा बलों में आंतरिक जांच और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए। हथियारों की तस्करी में शामिल पाए गए सुरक्षा बल कर्मियों को कठोर सजा दी जानी चाहिए, ताकि दूसरों को भी सबक मिल सके। पंजाब सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही संवेदनशील राज्य है। वहां इस तरह की घटना समाने आना अत्यंत चिंताजनक है। सीमा की रक्षा करने वाले जवान को लालच में आकर इस तरह की हरकत करने से पहले सोचना चाहिए कि उसके इस हरकत से देश की सुरक्षा को खतरा पैदा होता है।

> यह आवश्यक है कि सुरक्षा वलों में आंतरिक जांच और निगरानी व्यवस्था को और मजवूत वनाया जाए

# नए तरीके का छद्म युद्ध



दिव्य कुमार सोती

**आपरेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान भारत के विरुद्ध हाइब्रिड युद्ध की नई रणनीति पर काम कर रहा है, जिसके मोहरे छोटे-मोटे अपराधी बन रहे हैं**

देश में आए दिन उन तत्वों की गिरफ्तारी के समाचार आते रहते हैं, जिन पर पाकिस्तान के आतंकी संगठनों या वहां की खुफिया एजेंसी के इशारे पर काम करने के आरोप लगते हैं। यह सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ समय पहले भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा पूरे भारत में छापेमारी कर पाकिस्तान के शहजाद भट्टी नेटवर्क के 200 से अधिक सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों के जरिये पाकिस्तान की भारत में बड़े स्तर पर तोड़फोड़ और अस्थिरता फैलाने वाली कार्रवाइयां जैसे रेल ट्रैक काटकर ट्रेन दुर्घटनाओं को अंजाम देने, सरकारी इमारतों और पुलिस चौकियों पर पेट्रोल बम/ग्रेनेड फेंकने और लक्षित हत्याएं कराने की योजना थी। यह आपरेशन सिंदूर से सहमे पाकिस्तान की भारत के विरुद्ध हाइब्रिड युद्ध की नई रणनीति को परिलक्षित करता है। शहजाद भट्टी नेटवर्क दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी की तरह ही एक माफिया है, परंतु उसके काम करने का तरीका एक आम माफिया नेटवर्क की तरह न होकर इस प्रकार का है कि उसमें कोई केंद्रीकृत कमांड नहीं है, जिस पर नजर रखकर सुरक्षा एजेंसियां उसकी गतिविधियों के बारे में सूचना जुटा सकें। यह युवाओं और विशेष तौर पर जेन-जी के ऐसे युवाओं से डिजिटल मीडिया के जरिये संपर्क साधता है, जो गैंग्सटरों और गन कल्चर से प्रभावित होते हैं या फिर नशे की लत से ग्रसित होते हैं। ऐसे युवा महज रोमांच और नशीले पदार्थों के लिए अपराध करने को तैयार हो जाते हैं, जबकि उन्हें अक्सर यह मालूम तक नहीं होता कि उनसे जो अपराध करने को कहा जा रहा है, वह पाकिस्तान में बैठे किसी व्यक्ति द्वारा कहा जा रहा है और वह आतंकवाद की श्रेणी में भी आ सकता है।

शहजाद भट्टी नेटवर्क 5-10 हजार रुपये देकर युवाओं से किसी पुलिस थाने या अन्य किसी संवेदनशील सरकारी कार्यालय का फोटो लाकर देने या किसी सार्वजनिक स्थान पर भड़काऊ पोस्टर लगा आने या बस, रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट आदि पर बम होने की फर्जी काल करने जैसे काम देता है। इसके अलावा युवाओं को किसी संवेदनशील सार्वजनिक स्थान पर चुपके से कैमरे लगाने और उनकी फुटेज भेजने जैसे काम भी दिए जाते हैं। हिंसक वीडियो गेम्स, ड्रग्स और गन कल्चर की फंतासी दुनिया में जी रहे बहुत से युवा इन गतिविधियों का निहितार्थ समझे बिना भट्टी और इस जैसे अन्य पाकिस्तानी नेटवर्क के प्यादे बन जाते हैं। उनके द्वारा भेजी गई जानकारियां बाद में भारत के खिलाफ छेड़े गए आतंकी युद्ध के अगले चरण को कार्यान्वित करने में काम आ सकती हैं। भट्टी नेटवर्क का जाल कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसके नेटवर्क से जुड़े डिजिटल मीडिया अकाउंट को एक करोड़ से अधिक लोग फालो करते हैं। ऐसे में कौन सा आम युवा इनके जाल में फंस जाएगा, इसकी निरंतर निगरानी सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस नेटवर्क की दूसरी श्रेणी के प्यादे वे होते हैं, जिनमें आपराधिक पृष्ठभूमि के होते हैं, पर उन्होंने छोटे-मोटे अपराध ही किए होते हैं, इसलिए वे पुलिस की प्राथमिकता सूची में बहुत नीचे होते हैं। उदाहरण के लिए हथियारों की छोटी-मोटी तस्करी करने वाला विकास प्रजापति मध्य प्रदेश के इंदरगढ़ की अनाज मंडी में मजदूरी करता था। शहजाद भट्टी के वीडियो से वह प्रभावित हुआ और इंस्टाग्राम के जरिये उसके संपर्क में आ गया। भट्टी ने उसे एक पार्सल लेने के लिए पंजाब के गुरदासपुर भेजा। वीडियो काल के जरिये उसने विकास को पार्सल खोलने के लिए गाइड किया, जिसमें ग्रेनेड था। उससे गुरदासपुर सिटी पुलिस थाने और टाउन हाल पुलिस थाना अमृतसर की रेकी कराई गई। इसके बाद विकास से वे ग्रेनेड पंजाब के हनगुनप्रीत सिंह को देने को कहा गया, जिसने उसे गुरदासपुर पुलिस स्टेशन पर फेंका।



अवधेश राजपूत

शहजाद भट्टी नेटवर्क के काम करने के तरीके से आप समझ सकते हैं कि उसकी गतिविधियों को किसी आतंकी संगठन की गतिविधियों की तरह पकड़ा नहीं जा सकता। पाकिस्तान द्वारा यह रणनीति इसलिए अपनाई गई है, क्योंकि पहले सीमा-पार सर्जिकल स्ट्राइक, फिर बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने पर हवाई हमले और फिर आपरेशन सिंदूर में पूरे पाकिस्तान भर में आतंकी ठिकानों और पाकिस्तानी फौज के सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद पाकिस्तान को फिलहाल लग रहा है कि भारत और विश्व समुदाय द्वारा चिह्नित किए जा चुके उसके आतंकी संगठनों के जरिये सीधे कोई आतंकी हमला किया गया तो उसके परिणाम पाकिस्तानी फौज के लिए भयावह हो सकते हैं, क्योंकि आपरेशन सिंदूर के दौरान वह अपने ठिकानों की भारतीय हमलों से रक्षा करने में पूरी तरह असफल रही थी। इतनी जल्दी भारतीय हमलों के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक क्षमता भी पैदा नहीं की जा सकती और न ही ऐसी प्रतिरक्षा प्रणालियों को बड़े पैमाने पर खरीदने की आर्थिक क्षमता पाकिस्तान के पास है, लेकिन अपनी इस बुरी स्थिति में भी पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों से बाज नहीं आना चाहता और भारत के विरुद्ध येन-केन-प्रकारेण आतंकी युद्ध जारी रखे हुए है। ऐसे में स्थानीय थाना पुलिस और बीट ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को भी क्षेत्र के छुटभैये अपराधियों और नशे के आदी युवाओं की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है।

हाइब्रिड आतंकवाद से निपटने में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी सुरक्षा एजेंसियों की। अगर कोई डिजिटल मीडिया पर संदिग्ध किस्म का कोई भी वार्तालाप या पोस्ट देखे तो उसे तुरंत पुलिस को सूचित करना चाहिए। पुलिस को भी ऐसी सूचनाओं को लेकर संवेदनशील होना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सूचनाएं साझा करने वाले नागरिकों को असहज स्थितियों का सामना न करना पड़े। स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने सिविल डिफेंस पर जोर देते हुए सही ही कहा था कि आज का हाइब्रिड युद्ध सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल मीडिया, बैंकिंग आदि क्षेत्रों तक फैल चुका है और उससे लड़ने के लिए देश को सजग नागरिकों की आवश्यकता है।

(लेखक काउंसिल आफ स्ट्रैटेजिक अफेयर्स से संबद्ध सामरिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

# अराजकता करने वालों को विशेष छूट



राजीव सचान

**क्या कोई इसकी गारंटी लेने को तैयार हैं कि सीजेपी के संसद मार्च में हिंसा केवल आपराधिक अतीत वालों ने ही की?**

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार के आग्रह पर काकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में दर्ज की गईं सभी एफआइआर रद कर दीं। केवल उन मामलों में नई एफआइआर दर्ज करने की अनुमति दी गई, जिनमें हिंसा में आपराधिक इतिहास वालों के शामिल होने का अंदेशा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से दिल्ली के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, असम, बिहार में भी सीजेपी के उन प्रदर्शनकारियों को राहत मिल गई, जिनके खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने इन एफआइआर को रद करने का फैसला खुद को अनुच्छेद 142 के तहत 'पूर्ण न्याय' के लिए मिली संवैधानिक शक्ति के जरिये किया, पर क्या यह सचमुच पूर्ण न्याय है? हालांकि इस फैसले को लेकर सवाल भी उठे, लेकिन उन पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं समझी गई। संभवतः इसलिए कि खुद सरकार ने इन एफआइआर को रद करने का निवेदन किया था और विपक्ष संग सीजेपी को तो इस फैसले में अपनी जीत ही दिख रही थी। इसके अतिरिक्त ऐसा भी लगता है कि ऐसा फैसला इसलिए आया, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इस अपराधबोध से ग्रस्त था कि काकरोच जनता पार्टी का जन्म उसकी उस टिप्पणी से हुआ, जिसके सही संदर्भ को नहीं समझा गया था। जो भी हो, इस फैसले को पूर्ण न्याय की संज्ञा देना कठिन है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भले ही सत्तापक्ष-विपक्ष संतोष जता रहे हों, पर इससे दिल्ली पुलिस के सौ से अधिक वे जवान और अधिकारी क्षुब्ध होंगे, जिन्हें कथित शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों ने लहूलुहान कर दिया था-इतना अधिक कि कुछ तो मरणासन्न से हो गए थे। किसी के दांत टूटे थे तो किसी के हाथ में राड डालनी पड़ी। कुछ पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। इनमें कुछ अभी तक चोटों से उबर नहीं सके हैं। क्या इन पुलिसकर्मियों को न्याय पाने का कोई अधिकार नहीं या फिर वे पूर्ण न्याय के दायरे में नहीं आते? यह ध्यान रहे कि दिल्ली पुलिस ने खुद पर हमला करने और सार्वजनिक संपत्ति में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ नामजद एफआइआर नहीं की थी। यह तो जांच का विषय था कि हिंसा किसने की? आखिर सरकार और सुप्रीम कोर्ट इस नतीजे पर कैसे पहुंचे कि सीजेपी के संसद मार्च में जिन्होंने हिंसा की, वे केवल आपराधिक अतीत वाले थे और इनके अलावा जो भी छात्र, रीलबाज, आंदोलनजीवी और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता या समर्थक आदि थे, वे सब देवमानुष थे? प्रश्न यह भी है कि क्या न्यायशास्त्र में ऐसा कुछ लिखा है कि बिना आपराधिक अतीत वाला या फिर कोई छात्र अथवा पहली बार किसी धरने में शामिल शख्स हिंसा कर ही नहीं सकता? क्या कोई इसकी गारंटी लेने को तैयार है कि हिंसा केवल आपराधिक अतीत वालों ने ही की?



सीजेपी के संसद मार्च के समय चोटिल पुलिसकर्मी। फाइल

क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने पुलिसकर्मियों को उनके हाल पर छोड़ दिया? क्या ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि कुछ ऐसा नैरेटिव बना दिया गया था कि संसद मार्च के दौरान बैरिकेड तोड़कर संसद परिसर में घुसने को आमादा भीड़ शांति धुन गाते हुए आगे बढ़ रही थी और फिर भी पुलिस वाले यूं ही आपा खोकर उस पर टूट पड़े? ऐसा नैरेटिव खड़ा करने वाले आनंदित हो सकते हैं, लेकिन जिस देश में पुलिस इस तरह पीटी जाए और उसे पीटने वालों को पूर्ण न्याय के नाम पर विशेष छूट मिल जाए, वहां सीजेपी जैसे संगठनों के जरिये अराजकता के फलने-फूलने की जमीन ही तैयार होगी। क्या सरकार और सुप्रीम कोर्ट को यह भान है कि यदि सीजेपी प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस जाते तो कैसा दृश्य उपस्थित होता या फिर अपेक्षा यह थी कि दिल्ली पुलिस उग्र भीड़ को खुशी-खुशी संसद परिसर घुसने देती?

यदि एक देश में दो विधान नहीं हैं तो क्या सुप्रीम कोर्ट झारखंड के उन छात्रों पर दर्ज एफआइआर रद करेगा, जिन पर विधानसभा घेराव के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिस पर पथराव करने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गई? ठीक यही आरोप दिल्ली पुलिस के भी थे। क्या यह विचित्र नहीं कि आरोप एक जैसे, लेकिन न्याय दो तरह का? यदि सुप्रीम कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचा कि सीजेपी के संसद मार्च में केवल उनकी ही हिंसा किसी कार्रवाई के दायरे में आएगी, जो कथित तौर पर आपराधिक अतीत वाले थे तो फिर क्या दिल्ली पुलिस की सख्ती की जांच उसके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी नहीं? क्या न्याय का तकाजा यह नहीं कहता कि सीजेपी की भीड़ की हिंसा की भी जांच हो और पुलिस के बल प्रयोग की भी?

निःसंदेह सुप्रीम कोर्ट का फैसला अंतिम होता है, लेकिन अच्छा हो कि इस फैसले पर वह पुनर्विचार करे। यह भी सही समय है कि पूर्ण न्याय को भी परिभाषित किया जाए, क्योंकि यह संविधान के मूल ढांचे वाली अवधारणा से भी अधिक गूढ़ है। अफसोस कि यह पहली बार नहीं, जब सरकार या फिर सुप्रीम कोर्ट या फिर दोनों, किसी समूह के अराजक व्यवहार के सामने घुटने टेकते दिखे हों। नागरिकता संशोधन कानून और तीन कृषि कानूनों के विरोध के समय भी यही हुआ था।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## दुख से मुक्ति

हम सुख के साथ अपनी पहचान उतनी दृढ़ता से नहीं जोड़ते, जितनी दुख के साथ। सुख आता है, चला जाता है। दुख आता है तो हम उसे अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बना लेते हैं। कभी-कभी पीड़ा एक विशेष सूक्ष्म अहंकार को पोषित करती है। 'मेरे साथ अन्याय हुआ' 'मैं वंचित रहा' 'इतना दुख सहा' और अंत में एक तुलना, मेरे दुख के समक्ष तुम्हारा दुख तो कुछ भी नहीं। हम अपने दुख को अपना परिचय इसलिए बना लेते हैं, क्योंकि वह हमें एक संतुष्टि प्रदान करता है-महान होने की।

दुख जीवन की घटना है, किंतु मन उसे अस्तित्व का सत्य बना लेता है। जो घटा, वह धीरे-धीरे 'मेरा' होता जाता है और जो 'मेरा' हो गया, वह अंततः 'मैं' प्रतीत होने लगता है। यहीं से दुख अनुभव न रहकर पहचान बन जाता है। किसी प्रिय का वियोग हुआ, कोई स्वप्न भंग हुआ, कहीं असफलता मिली, घटना बीत गई, परंतु मन उसकी स्मृति को बार-बार स्पर्श करता रहा। स्मृति से भाव बना, भाव से गाथा और गाथा से एक नया परिचय, मैं वह हूं, जिसके साथ यह घटित हुआ, फिर भी मैं जीवित रहा। जो दुख को देख रहा है, क्या वह स्वयं दुख हो सकता है? यदि हम कह सकते हैं, मेरे भीतर पीड़ा है तो 'मैं' और पीड़ा एक नहीं हुए। पीड़ा दिखाई दे रही है, अनुभव की जा रही है, बदल रही है, पर जो उसके बदलने को जान रहा है, वह उससे भिन्न है। समस्या दुख का होना नहीं, उसके साथ तादात्म्य हो जाना है। मुक्ति का अर्थ दुख से भाग जाना नहीं है। दुख को पूरी तरह देखना और फिर भी यह जानना कि यह मेरे भीतर घट रहा है, पर यह मैं नहीं हूं। अतः दुख को मिटाना आवश्यक नहीं, उससे अपनी पहचान मिटाना आवश्यक है, क्योंकि दुख से मुक्ति हमेशा हमारे हाथ में नहीं, परंतु दुख के साथ अपने तादात्म्य का अंत हमारे भीतर संभव है।

द्विंकल तोमर सिंह

# शहरों में निकटतम होती सुख-सुविधाएं

डा. सुधीर कुमार

> **ब्रुसेल्स प्रयासरत हैं कि उसके नागरिकों को अपनी सभी जरूरतें 10 मिनट की पैंदल दूरी पर ही उपलब्ध हो जाएं**

बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स '10-मिनट सिटी' (दस मिनट का शहर) के अनूठे शहरी माडल को अपनाने वाला दुनिया का पहला शहर है। इस अवधारणा के अंतर्गत शहरी जीवन के लिए जरूरी तमाम सुविधाएं और सेवाएं महज 10 मिनट की पैदल दूरी पर उपलब्ध होंगी। इसका ध्येय, 2050 तक ब्रुसेल्स को एक ऐसा 'सस्टेनेबल सिटी' (टिकाऊ शहर) बनाना है, जो सुगम शहरी जीवन और सतत विकास का आदर्श प्रस्तुत करे।

ब्रुसेल्स की यह पहल '15-मिनट सिटी' की उस संकल्पना से प्रेरित है, जिसे पेरिस, मेलबर्न और शंघाई जैसे शहर साकार करने में कामयाब रहे हैं। मूल अवधारणा को सर्वप्रथम 2016 में शिक्षाविद् और शहरी योजनाकार प्रो. कार्लोस मोरेनो द्वारा विकसित किया गया था। वर्ष 2024 में उन्होंने शहरों में समय की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए '15 मिनट के शहर' की रूपरेखा को अपनाने की वकालत की थी। इससे उनका तात्पर्य शहरीकरण के उस नए प्रतिरूप से था, जहां हरेक निवासी के घर से केवल 15 मिनट की पैदल दूरी पर स्कूल, अस्पताल, दुकान और कार्यालय आदि की उपलब्धता हो। इसके बाद दुनिया के कई शहरों की परंपरागत भूमिका को बदलकर उसे टिकाऊ बनाने का प्रयास किया गया। अब ब्रुसेल्स 'निकटता के शहर' की परिकल्पना को 10 मिनट की दूरी में रूपांतरित करने में जुटा है।

सोचिए, एक ओर जहां भारत के कुछ बड़े शहरों में कंपनियां उपभोक्ताओं तक 10 मिनट में सामान पहुंचाने की होड़ में लगी हैं, वहीं ब्रुसेल्स इस दिशा में प्रयासरत है कि उसके नागरिकों को अपनी सभी जरूरतें 10 मिनट की पैदल दूरी पर ही उपलब्ध हो जाएं। इस माडल में न तो उन्हें 'डिलीवरी चार्ज' देना पड़ेगा और न ही 'गिग वर्कर्स' की जान जोखिम में डालने की नौबत आएगी। ऐसे में 10 मिनट की दूरी पर 70 से भी अधिक सुविधाओं और सेवाओं को उपलब्ध कराना वास्तव में एक दूरदर्शी और क्रांतिकारी पहल है। आमतौर पर शहर सुख-सुविधाओं की सुलभता के बल पर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, पर हकीकत यह है कि यातायात जाम और प्रदूषण के कारण शहरवासियों को इन्हीं सुविधाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में अगर जरूरतें दस मिनट की दूरी पर ही पूरी हो जाएं तो न केवल निजी वाहनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। यह नागरिकों की दिनचर्या को सरल बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नया जीवन देगा।

बहरहाल, 10 या 15 मिनट के शहर जैसी अवधारणा का मूल मकसद लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ शहरी पर्यावरण को मुस्कुराने का अवसर भी देना है। इस पहल को अपनाने की दिशा में सक्षम शहरों को गंभीरता से सोचना और पहल करना चाहिए।

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

## सवालों के घेरे में न्यायपालिका

'फिर सवालों के घेरे में न्यायपालिका' शीर्षक से लिखे आलेख में लेखक राजीव शुक्ला ने न्यायपालिका की गिरती हुई छवि और विश्वसनीयता पर जो चिंता प्रकट की, उस पर गंभीरता से विचार करके ऐसे प्रयास करने की आवश्यकता है, जिससे वह अपने गौरव को प्राप्त कर सके। पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं घटी हैं, जिनके कारण न्यायपालिका विवादों में आई। तारीख पर तारीख देने के लिए पहले से ही निराश करने वाली न्यायपालिका की छवि न्यायिक निर्णयों से उतनी प्रभावित नहीं हुई, जितनी अपनी कार्यप्रणाली एवं कुछ न्यायाधीशों के आचरण से। आज यह धारणा है कि न्याय अब केवल धनी व्यक्ति के लिए आसानी से उपलब्ध है और यदि वह सक्षम है तो किसी महंगे वकील की सेवाएं लेकर रात को भी न्यायालय खुलवा सकता है। उच्चतम न्यायालय द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की न्यायिक शक्तियों को रोक देना, एक न्यायमूर्ति के आवास से जले हुए नोट बरामद होना ऐसी बातें हैं, जिनसे न्यायपालिका सवालो के घेरे में आ गई है। अधीनस्थ न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार का प्रश्न है तो उस पर उच्च न्यायालय का प्रशासनिक नियंत्रण रहता है, लेकिन उच्चतर न्यायालय पूर्णतया स्वत्रंत होते हैं, इसलिए उनके कार्य एवं आचरण से ही न्यायपालिका की छवि अधिक बनती एवं बिगड़ती है। न्यायपालिका को अपने कार्य एवं आचरण द्वारा अपने संस्थागत चरित्र को मजबूत करना होगा, जिससे आम वादकारी को यह संदेश जाए कि न्याय हर जरूरतमंद को हर समय आसानी से उपलब्ध है।

शैलेंद्र टंडन, लखनऊ

मेलबाक्स

## कार बाजार का बदलता स्वरूप

भारतीय कार खरीदारों ने पहली बार पेट्रोल को सामूहिक रूप से पीछे छोड़ते हुए वैकल्पिक ऊर्जा से चलने वाले वाहनों पर अधिक भरोसा जताया है। अगस्त में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों की संयुक्त हिस्सेदारी 41.95 प्रतिशत रही, जबकि पेट्रोल और एथेनाल मिश्रित पेट्रोल वाहनों की हिस्सेदारी 40.85 प्रतिशत रही। अंतर भले ही केवल 1.10 प्रतिशत अंक का हो, लेकिन इसका महत्व आंकड़े से कहीं बड़ा है। एक साल पहले अगस्त 2025 में पेट्रोल की हिस्सेदारी 46.89 प्रतिशत और वैकल्पिक ईंधन वाली कारों की हिस्सेदारी 34.98 प्रतिशत थी। यानी लगभग 11 प्रतिशत अंक की पेट्रोल बढ़त महज एक वर्ष में समाप्त हो गई। अगस्त 2024 में तो पेट्रोल की हिस्सेदारी 51.04 प्रतिशत थी और वैकल्पिक विकल्पों की केवल 30.01 प्रतिशत। यही इस बदलाव को महज मासिक उतार-चढ़ाव के बजाय बाजार के संभावित संरचनात्मक मोड़ में बदल देता है। पेट्रोल अभी भी किसी एकल पावरट्रेन के रूप में सबसे बड़ी श्रेणी है। सीएनजी की हिस्सेदारी 25.28 प्रतिशत, हाइब्रिड की 9.04 प्रतिशत और ईवी की 7.63 प्रतिशत रही। इन तीनों को जोड़ने पर वैकल्पिक श्रेणी 41.95 प्रतिशत तक पहुंचती है। इस बदलाव का सबसे बड़ा आधार फिलहाल ईवी नहीं, बल्कि सीएनजी है। 25.28 प्रतिशत हिस्सेदारी बताती है कि भारतीय उपभोक्ता सबसे पहले उस विकल्प की ओर जाता है जिसमें उसे कम चलने की लागत मिले और मौजूदा बुनियादी ढांचे के भीतर ज्यादा सुविधा भी बनी रहे। यहीं हाइब्रिड ने बाजार की मनोवृत्ति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइब्रिड वाहन उन उपभोक्ताओं के लिए पुल की तरह काम कर रहे हैं, जो पेट्रोल इंजन की सुविधा छोड़ना नहीं चाहते, लेकिन ईंधन की खपत कम करना चाहते हैं। दूसरी ओर ईवी उन ग्राहकों को आकर्षित कर रही है, जो भविष्य की तकनीक को आज ही अपनाने को तैयार हैं। इस तरह सीएनजी, हाइब्रिड और ईवी तीनों एक ही बाजार में अलग-अलग ग्राहक वर्गों को पकड़ रहे हैं। यही कारण है कि इनकी संयुक्त ताकत पेट्रोल के सामने चुनौती बन गई है। इस बदलाव के पीछे केवल ईंधन की कीमत नहीं है। ई-20 को लेकर उपभोक्ताओं की आशंकाओं ने भी पेट्रोल वाहनों के प्रति धारणा को प्रभावित किया है।

युगल किशोर राही, छपरा, बिहार

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**483** मामले हेट क्राइम के दक्षिण एशियाई लोगों को निशाना बनाने वाले दर्ज हुए थे कनाडा में 2025 में, संस्था-स्टैटिस्टिक्स कनाडा के अनुसार। वहीं वर्ष 2020 में ऐसे 135, 2023 में 289 और 2024 में 321 मामले दर्ज हुए थे।

आजकल

# डिजिटल नस्लवाद की बढ़ती समस्या



अभिषेक कुमार सिंह
संस्था टेली परफार्मेंसेस से संबद्ध

**पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर और दूसरे पश्चिमी समाज में डिजिटल संसार में भारतीय लोगों के बारे में एक विचित्र द्वंद्व पैदा हुआ है। एक तरफ भारतीयों को सांप, करी, गंध एवं जादू-टोना तथा पिछड़ेपन के रूप में चित्रित किया जा रहा है तो दूसरी तरफ वही भारतीय तकनीकी रूप से सक्षम, अत्यधिक शिक्षित, बहुत प्रतिस्पर्धी तथा स्थानीय लोगों की नौकरियां छीनने वाले प्रवासियों के तौर पर दर्शाए जा रहे हैं। यह एक तरह का आर्थिक नस्लवाद है**




प्रतीकात्मक

हाल में सिंगापुर में इंटरनेट मीडिया पर भारतीयों के लिए उछाले गए कुछ शब्द गौर करने लायक हैं। ये शब्द हैं-सांप, करी, परांठा और काला जादू। दरअसल नेपाल-तिब्बत क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ में सिंगापुर के कुछ नागरिकों के लापता होने और एक अलग संदर्भ में एयर इंडिया-सिंगापुर एयरलाइंस से जुड़ी खबरों के सामने आने के बाद आनलाइन टिप्पणियों में भारतीयों के खिलाफ ये सब नस्लवादी संदेश दिखाई दिए थे। हालांकि सिंगापुर के गृह और कानून मंत्री के. षणमुगम ने इन्हें शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। उन्होंने लोगों को चेताया है कि ऐसी भाषा किसी को इस्तेमाल करने नहीं दी जा सकती, लेकिन यह प्रसंग केवल सिंगापुर का नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया और दूसरे पश्चिमी समाज में भी डिजिटल संसार में भारतीयों के बारे में एक विचित्र द्वंद्व पैदा हुआ है। एक तरफ भारतीयों को करी, गंध, सांप, जादू-टोना और पिछड़ेपन के रूप में चित्रित किया जा रहा है तो दूसरी तरफ वही भारतीय अत्यधिक शिक्षित, तकनीकी रूप से सक्षम, बहुत प्रतिस्पर्धी और स्थानीय लोगों की नौकरियां छीनने वाले प्रवासियों के तौर पर दर्शाए जा रहे हैं। यह समस्या का दोतरफा चेहरा है।

समस्या यह नहीं है कि भारतीय कथित रूप से पिछड़े हैं। समस्या यह है कि वे आगे बढ़ रहे हैं और इसी बिंदु में मौजूदा भारत-विरोधी डिजिटल नस्लवाद की कुंजी छिपी है। सवाल है कि आखिर कोई भारतीय पहचान गाली या आनलाइन ट्रोलिंग का जरिया कैसे बन जाती है। इसे कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। जैसे पिछले साल आस्ट्रेलिया में एक भारतीय महिला ने मीडिया को बताया था कि सिडनी में पैदल चलते हुए उस पर 'करी मंचर' और 'स्मेली इंडियन' जैसी नस्लवादी टिप्पणियां की गई थीं। उसी समय इमिग्रेशन-विरोधी या प्रवासी-विरोधी बहस में इंटरनेट मीडिया में यह तर्क भी दिखाई दिया था कि आस्ट्रेलिया के पास इतने ज्यादा प्रवासियों को संभालने लायक संसाधन नहीं हैं और इन प्रवासियों के दबाव की वजह से स्थानीय लोगों को नौकरियों और मकान-किराये में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ये दोनों तरह की टिप्पणियां काबिले-गौर हैं। एक टिप्पणी कहती है कि तुम्हारा खाना-पीना, तुम्हारी संस्कृति और तुम्हारा शरीर हमसे अलग है। दूसरी टिप्पणी होती है कि तुम हमारी नौकरियों और मकानों पर कब्जा कर रहे हो। पहली टिप्पणी में भारतीय सांस्कृतिक रूप से हीन कहे जाते हैं, जबकि दूसरी टिप्पणी में उन्हें आर्थिक रूप से खतरनाक ठहराया जाता है।

नस्लवाद की यही विशेषता है कि उसे अपने तर्कों में संगति की जरूरत नहीं होती है। इन टिप्पणियों में एक समुदाय को एक ही समय में असभ्य बताया जा सकता है और अत्यधिक सफल भी। प्रवासी अगर गरीब हों तो वे कल्याणकारी व्यवस्था पर बोझ माने जाते हैं, लेकिन प्रवासी अगर डाक्टर, इंजीनियर या साफ्टवेयर विशेषज्ञ हों तो वे स्थानीय नागरिकों की नौकरियों के प्रतिद्वंद्वी हैं। इसलिए करी वास्तव में करी के बारे में नहीं है। गंध शरीर की गंध के बारे में नहीं है। और एच-1बी वीजा केवल वीजा की चर्चा नहीं रह जाता है। ये सारे शब्द धीरे-धीरे यह निर्धारित करने लगते हैं कि कौन अपना है और कौन पराया या बाहरी।

**'गो-बैक' से लेकर 'एच-1बी वीजा तक :** अमेरिका इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। 'स्टाप एएपीआइ हेट' और 'मून शाट' नामक संस्थाओं द्वारा डिजिटल स्पेस की निगरानी में पाया गया कि जनवरी 2023 से दिसंबर 2025 के बीच दक्षिण एशियाई लोगों के खिलाफ इस्तेमाल होने वाले अपमानजनक शब्दों में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई। स्टाप एएपीआइ हेट संस्था ने इसके पीछे एच-1बी वीजा को भी एक महत्वपूर्ण संदर्भ माना था। यही वह बिंदु है, जहां नस्लवाद की पुरानी भाषा आर्थिक असुरक्षा का नया चोला पहन लेती है। पहले वाक्य था, 'गो बैक टू व्हेयर यू केम फ्राम।' अब इसके साथ एक नया वाक्य जुड़ गया है कि तुम हमारी नौकरियां ले रहे हो।

**सफलता से पैदा होता नस्लवाद:** प्रवासियों का विरोध करना राजनीति का एक पुराना हथकंडा है। इसके तहत किसी जटिल आर्थिक समस्या को एक दिखाई देने वाले समुदाय के चेहरे से जोड़ दिया जाता है। जैसे कि यह कहना कि मकान महंगे हैं, क्योंकि प्रवासी बहुत आ गए हैं। नौकरी नहीं मिल रही है, क्योंकि हमारे संसाधनों पर विदेशी कर्मचारियों का कब्जा हो गया है। वेतन नहीं बढ़ रहा है तो इसके लिए सस्ते विदेशी पेशेवर लोग जिम्मेदार हैं। और विश्वविद्यालयों में जगह मिलना ही कठिन हो गया है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा हो गई है।

इस तरह के तर्कों की राजनीतिक सुविधा यह है कि तब सरकारों की आवास नीति, श्रम बाजार, उत्पादकता, कारपोरेट नियुक्तियां, वेतन संरचना और शिक्षा व्यवस्था जैसे कठिन प्रश्न पीछे चले जाते हैं। सामने एक आसानी से पहचाना जाने वाला चेहरा आ जाता है, जो प्रवासियों का होता है। और यदि किसी देश में प्रवासी भारतीयों की संख्या ज्यादा हो तो यह साझा चेहरा भारत तक पहुंच जाता है। इसलिए भारतीयों के खिलाफ वर्तमान डिजिटल पूर्वाग्रह को केवल त्वचा के रंग के पुराने नस्लवाद से नहीं समझा जा सकता है। इसमें एक नया तत्व जुड़ चुका है। वह है आर्थिक नस्लवाद या आर्थिक प्रतिस्पर्धा को नस्ली पहचान से जोड़ देना। ऐसे में प्रवासी डाक्टर डाक्टर नहीं रह जाता है, वह इंडियन डाक्टर हो जाता है। साफ्टवेयर कर्मचारी कर्मचारी नहीं रह जाता, वह एच-1बी वर्कर हो जाता है। विद्यार्थी विद्यार्थी नहीं रह जाता, बल्कि वह इंटरनेशनल इंडियन हो जाता है। और फिर व्यक्ति के काम, योग्यता और चरित्र की जगह उसकी सामूहिक पहचान ही कठघरे में खड़ी कर दी जाती है।

**कनाडा के आंकड़ों की चेतावनी:** कनाडा के आधिकारिक आंकड़े इस बारे में कुछ ठोस संकेत देते हैं। संस्था- स्टैटिस्टिक्स कनाडा के अनुसार, पुलिस में दक्षिण एशियाई लोगों को निशाना बनाने वाले दर्ज हेट क्राइम के मामले वर्ष 2020 में 135 थे। 2023 में वे 289 और 2024 में 321 हो गए। 2025 में यह संख्या बढ़कर 483 हो गई। यानी एक ही साल में लगभग 49 प्रतिशत की बढ़ोतरी। उल्लेखनीय है कि पुराने जमाने का नस्लवादी मजाक चाय की दुकान, पब या मित्र मंडली में 10 या 20 लोगों तक ही पहुंचता था। डिजिटल युग में यह प्रक्रिया और तेज हो गई है, क्योंकि अब पूर्वाग्रह केवल अकेले एक व्यक्ति के मन में नहीं रह जाता है। डिजिटल नस्लवाद मिनटों में लाखों स्क्रीनों तक पहुंच सकता है। उसे सोशल मीडिया पर मीम, हैशटैग और एल्गोरिदम से एक बढ़ावा मिलता है। इन्हीं कारणों से इंटरनेट मीडिया के जरिये नस्लवाद की प्रकृति बदल रही है। सोशल मीडिया का आर्थिक ढांचा प्रायः उत्तेजना को पुरस्कृत करता है।

इस तरह नस्लवादी व्यक्ति और डिजिटल प्लेटफार्म के बीच अनजाने में एक गठबंधन बन जाता है। यही वजह है कि करी, काला जादू, स्मेली इंडियन, डर्टी इंडियंस या जाब चोर जैसे छोटे वाक्य या शब्द केवल गालियां नहीं हैं, वे एक सधा हुआ नैरेटिव हैं, जो बहुत पूरे समुदाय को कठघरे में खड़ा कर देते हैं।

## भारतीयों की उपलब्धियों से कुढ़ता पश्चिमी समाज

प्रवासी भारतीयों के प्रति बदलते नजरिये की शायद सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिस सफलता को कभी उनके स्थानीय समाज में घुल-मिल जाने का प्रमाण माना जाता था, वही सफलता अब कई जगह उनके प्रति बढ़ते असंतोष का कारण बन रही है। इसे आधुनिक नस्लवाद का 'सक्सेस पैराडाक्स' कहा जाता है। इस सिद्धांत के मुताबिक, यदि एक भारतीय कम शिक्षित और गरीब है तो कहा जाता है कि वह विकसित देश के संसाधनों पर बोझ बन रहा है, लेकिन यदि वह उच्च शिक्षित होकर डाक्टर, इंजीनियर या टेक्नोलाजी विशेषज्ञ बनता है तो आरोप बदल जाता है।

ऐसी स्थिति में आरोप होता है कि वह स्थानीय लोगों की नौकरियां ले रहा है। वह किराये के छोटे मकान में रहे तो उसके रहन-सहन पर टिप्पणी होती है, संपन्न होकर अच्छा मकान खरीदे तो मकानों की कीमतें बढ़ाने वाले प्रवासियों के रूप में उसकी पहचान होती है। यानी समस्या उसकी असफलता भी है और सफलता भी। पुराने नस्लवाद को अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए दूसरे समुदाय को पिछड़ा दिखाना पड़ता था। नया आर्थिक नस्लवाद कई बार ठीक उलटा काम करता है।

इसके तहत वह दूसरे समुदाय की योग्यता को ही खतरे के रूप में प्रस्तुत करता है। इसी आधुनिक 'सक्सेस पैराडाक्स' की वजह से ही अमेरिका की एच-1बी बहस केवल वीजा नीति की बहस नहीं रह जाती है। उसमें एक किस्म का नस्लवाद नजर आने लगता है। इसी तरह कनाडा में इमिग्रेशन की चर्चा मकानों और नौकरियों से जुड़ जाती है और आस्ट्रेलिया में इमिग्रेशन की बहस भारतीयों की बढ़ती मौजूदगी के संदर्भ में एक राजनीतिक मुद्दा बन जाती है।

हालांकि इमिग्रेशन की सीमा, वीजा नियम, रोजगार में प्रतिस्पर्धा और आवास पर दबाव एक तरह के नीतिगत प्रश्न हैं। उनकी आलोचना ऊपरी तौर पर नस्लवाद नहीं है। नस्लवाद हकीकत में तब शुरू होता है जब नीति की समस्या को किसी राष्ट्रीयता या नस्ल के चरित्र की समस्या बना दिया जाता है। असल में नस्लवाद का चेहरा अब बदल गया है। पहले शिकायत थी कि तुम हमारे जैसे नहीं हो। अब शिकायत यह भी है कि तुम हमसे आगे क्यों निकल रहे हो।

-अभिषेक कुमार सिंह

खरी-खरी

## आपदा में दान

डा. प्रदीप मिश्र

'दान मांगकर दान दो, तीनों लोक सम्मान लो।' नेताजी भी तीनों लोकों में सम्मानित होना चाहते थे, इसलिए यह बात गांठ बांध ली। बाढ़, सूखा और भूकंप जैसे अवसरों पर वे जनता से दान मांगते थे और प्राप्त दान को गरीबों को देते थे। परलोक का तो पता नहीं, पर वर्तमान लोक में उन्हें हर तरह के सम्मान मिल चुके हैं। किसान जितनी बेसब्री से बारिश की प्रतीक्षा नहीं करते, उससे अधिक नेताजी करते हैं। मौसम विभाग में कार्यरत साले से रोज पूछते, 'चारों तरफ सैलाब आया हुआ है और यहां धूप खिली है। तुम्हारा विभाग आखिर कर क्या रहा है?'

'बादलों में दक्षिणी-पश्चिमी विक्षोभ पैदा हो गया है तो मैं क्या करूं?' साला झल्लाया। नेताजी परेशान थे, 'बादलों का विक्षोभ कहीं मेरी जिंदगी में क्षोभ न उत्पन्न कर दे।' दरअसल उनके बेटे ने प्राइवेट जेट की फरमाइश कर रखी है। बिटिया के ससुराल वाले दहेज में फाइव स्टार होटल मांग रहे हैं। और बरसात है कि आ नहीं रही है। साले ने सुझाव दिया, 'अच्छी बरसात के लिए एक अचूक नुस्खा आजमाइए। आप मेंढक-मेंढकी का विवाह करवा डालिए।' नेताजी ने शुभ-मुहूर्त में धूमधाम से विवाह करा दिया। चमत्कार हुआ। घनघोर बारिश शुरू हुई। नदियां उफना पड़ीं, घर डूब गए और लोग बेघर हो गए। चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। नेताजी को मनोवांछित की प्राप्ति हुई। मुदित मन से उन्होंने तुरंत दान-पात्र साफ किए, उनकी भीतरी दीवारों पर गोंद लगाई। और 'मुक्त हस्ते दानां कुरु' कहते हुए दान मांगने निकल पड़े।

भरपूर दान मिला। कैमरों के सामने पारदर्शी तरीके से भिक्षा-पात्रों को उलटा। कुछ सिक्के नीचे गिरे, उन्हें गरीबों में मुक्त-हस्त से वितरित करने के बाद वे पात्रों को घर के भीतर ले गए। वहां गोंद को निष्क्रिय किया और आपदा के अवसर में जनता से मिले असली दान को अपने बेटे-बेटी को दान कर परलोक के सर्वोच्च सम्मान की एडवांस बुकिंग कर डाली। बाढ़ हो, सूखा हो या भूकंप, नेताजी के दान-पात्र सदैव तैयार रहते हैं। जनता की मुसीबत उनकी समृद्धि का शुभ-मुहूर्त बन जाती है। आपदाओं ने जैसा नेताजी को दिया, वैसा सबको दें।

### पोस्ट



हमारे देश में सब फोटोबाजी और प्रचार तक सीमित होता जा रहा है। यहां इंसान की जान की कोई कीमत नहीं है और जानलेवा लापरवाही के लिए किसी की कोई जवाबदेही नहीं है, चाहे टूटी सड़क हो या धंसती बिल्डिंग। दिल्ली में पीजी हादसा भी इसका प्रमाण रहा।
हृदयेश जोशी@hridayeshjoshi

संरचनात्मक आडिट और कार्रवाई हादसे के बाद नहीं, हादसे से पहले होनी चाहिए। दिल्ली में इमारत नहीं, जिंदगियां और भविष्य ढहा है। छात्रों के सपने मलबे में दब गए और प्रशासन की नींद हादसे के बाद खुली।
डा. अवनींद्र कुमार राय@avanindra43

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा डीएम द्वारा एनएसए की कार्रवाई को गलत करार देते हुए पांच लाख का दंड उनकी तनख्वाह से वसूल करने का आदेश दिया। डीएम का आदेश त्रुटिपूर्ण हो सकता है, लेकिन हाई कोर्ट का आदेश भी सही नहीं लगता। कोर्ट विभागीय कार्रवाई का आदेश दे सकता था, तात्कालिक रुप से दंड सरकार से वसूला जाना चाहिए।
आरके विज@ipsvijrk

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में इमारत गिरने के बाद दिल्ली सरकार की ओर से की गई कार्रवाई पर्याप्त है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या वैकल्पिक ईंधन वाली गाड़ियों की बिक्री में बढ़ोतरी एथनाल मिश्रित पेट्रोल पर घटते भरोसे को दर्शाती है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

फूफा जी नाराज हों या जीजा नाराज,
करते रहिए आप तो बस विकास के काज।
बस विकास के काज देखती है सब जनता,
करती जय जयकार काम यदि उसका बनता।
कुढ़नेवाले लोग छोड़ते रहें शिगूफा,
कुछ ना सकें बिगाड़ भले क्रोधित हों फूफा!

-ओम प्रकाश तिवारी

हरियाणा डायरी

# विधायकों के अधिकारों पर छिड़ी बहस



सुधीर तंवर
प्रमुख संवाददाता, हरियाणा

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस का अनोखा विरोध-प्रदर्शन नई बहस को जन्म दे गया है। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां-बैनर लेकर काले कपड़ों में पहुंचे कांग्रेस विधायकों को विधानसभा गेट पर रोकने के दौरान जिस तरह सुरक्षा कर्मियों से हाथापाई हुई और फिर सदन में जिस तरह अभूतपूर्व हंगामे के बीच मार्शलों ने किसी विधायक को घसीटकर तो किसी को उठाकर बाहर निकाला, उससे मर्यादाएं तार-तार होती दिखीं। तभी से बहस छिड़ी है कि विधायक विधानसभा परिसर में कहां तक बैनर-तख्तियों के साथ आ सकते हैं और विरोध-प्रदर्शन के तरीके का पैमाना क्या है?

मानसून सत्र के पहले ही दिन विवाद शुरू हुआ, जब राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड को बंद करने, अतिथि अध्यापकों को पक्का करने, पेपर लीक रोकने और कानून-व्यवस्था में सुधार सहित कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस विधायक पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हाई कोर्ट चौक से प्रदर्शन करते हुए विधानसभा के मुख्य गेट तक पहुंचे। सभी ने काले कपड़े पहने हुए थे। सुरक्षा कर्मियों ने न सिर्फ कांग्रेस विधायकों से धक्का-मुक्की की, बल्कि महिला विधायकों से भी दुर्व्यवहार किया। विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी एक सुरक्षा कर्मी को कोहनी मारते कैमरे में कैद हो गए। इसी तरह हुड्डा के सिर पर हाथ मारते एक सुरक्षा कर्मी का वीडियो भी वाट्सएप ग्रुपों में जमकर शेयर हुआ। सदन में हुड्डा ने अपनी शर्ट की फटी जेब दिखाते हुए आरोप लगाया कि पुलिस की वर्दी में बदमाश भेजे गए थे।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मामले को संभालते, उससे पहले ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह कहकर विपक्ष को भड़का दिया कि कांग्रेसी सदन में 'गुंडागर्दी' कर रहे हैं। फिर क्या था, 'गुंडागर्दी' शब्द पर ऐसा घमासान हुआ कि विपक्ष के साथ ही सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक भी विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी के सामने पहुंच गए। आरोप-प्रत्यारोपों के बीच भाजपा विधायक तो अपनी सीटों पर वापस लौट गए, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने खूब बवाल काटा और विधानसभा अध्यक्ष की बार-बार चेतावनी के बावजूद शांत नहीं हुए। नतीजन, विधानसभा अध्यक्ष को कांग्रेस के आठ विधायकों-इंदुराज नरवाल, विकास सहारण, शकुंतला खटक, जस्सी पेटवाड़, बलराम दांगी, आदित्य सुरजेवाला, देवेंद्र हंस और गोकुल सेतिया को एक दिन के लिए निलंबित करना पड़ा। बार-बार बाहर जाने की चेतावनी के बावजूद आठों विधायक जब टस से मस न हुए तो मार्शलों ने उन्हें उठाकर बलपूर्वक सदन से बाहर निकाला। तब तक प्रश्नकाल और शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ चुके थे। सदन में घंटों गतिरोध बना रहा। हुड्डा ने मुख्यमंत्री पर सदन में 'गुंडा' शब्द के इस्तेमाल का आरोप लगाया तो विधायक इंदुराज नरवाल ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात के आरोप जड़ दिए, जिससे वे आहत दिखे।



हरियाणा विधानसभा के मुख्य द्वार पर विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को रोकते सुरक्षा कर्मी। जागरण

बहरहाल विधानसभा परिसर में प्रदर्शन के अधिकार को लेकर दोनों तरफ से अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। वरिष्ठता में सरकार में नंबर दो के मंत्री अनिल विज कहते हैं कि कांग्रेस और इनेलो की सरकार में विधानसभा परिसर तो छोड़ो, बाहर भी धरने पर नहीं बैठने देते थे। पानी तक नहीं पीने देते थे, जिससे उन्हें साथ लगते हरियाणा सचिवालय में शरण लेनी पड़ती थी। इसी तरह विधानसभा में विपक्ष के नेता रह चुके इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला नियमों की दुहाई देते हुए कहते हैं कि कोई भी विधायक सदन में ठोस वस्तु लेकर नहीं जा सकता, जिसे फेंककर किसी दूसरे को मारा जा सकता है। अगर कांग्रेस विधायकों को प्रदर्शन करना ही था तो कागज पर लिखकर ले जा सकते थे। कांग्रेस के दलित विधायक जरनैल सिंह सिख दंगों के दोषी सज्जन सिंह को रोल माडल बताने वालों से माफी मंगवाने की मांग को लेकर हाथ में पर्चा लेकर पहुंचे थे, लेकिन कांग्रेस के अन्य विधायकों ने उनसे जिस तरह दुर्व्यवहार किया, वह शर्मनाक है।

उधर विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का दावा है कि विधायकों को विशेषाधिकार प्राप्त है और उन्हें प्रदर्शन से रोका नहीं जा सकता। उन्हें अच्छे से पता है कि विधानसभा परिसर कहां तक है। परिसर में पहुंचने के बाद वे खुद ही बैनर-पोस्टर छोड़ देते, लेकिन इससे पहले ही सुरक्षा कर्मियों ने उनसे हाथापाई शुरू कर दी और विधानसभा परिसर में घुसने से रोक दिया। विधानसभा अध्यक्ष को स्पष्ट करना चाहिए कि यह किसके कहने से हुआ और सुरक्षा कर्मियों को विधायकों से हाथापाई का अधिकार किसने दिया। विधानसभा की एक कमेटी बनाई जाए, जो पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सदन में रखे। उनकी इस मांग को खारिज करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण कहते हैं कि सदन को गरिमापूर्वक चलाना उनकी जिम्मेदारी है। किसी को भी नियमों के उल्लंघन की छूट नहीं दी जा सकती। सदन नियमानुसार ही चलेगा।

मंथन

# नदियों का बदलता मिजाज



प्रेम प्रकाश
वरिष्ठ पत्रकार

**नेपाल में जल-प्रलय से लेकर असम एवं बिहार की भयावह बाढ़ की घटनाओं ने जल, नदी तथा विकास के बीच बिगड़ते संतुलन के खतरे को रेखांकित किया है**

नेपाल में जल-प्रलय से लेकर असम और बिहार की भयावह बाढ़ तक, इस साल नदियों का बदलता मिजाज सामने है। इन घटनाओं ने जल, नदी और विकास के बीच बिगड़ते संतुलन के खतरे को रेखांकित किया है। दूसरी ओर, स्थिति यह भी है कि देश के कई हिस्से जल-अभाव और भूजल संकट से जूझ रहे हैं। यह विरोधाभास बताता है कि नदी का सवाल सिर्फ बाढ़ या पानी की उपलब्धता का नहीं, बल्कि नदी के स्वभाव, उसके प्रवाह, जलग्रहण क्षेत्रों, राज्यों के हितों और बदलते जलवायु जोखिमों को समझने का भी है। ऐसे में 2026 नदी प्रबंधन और जल नीति को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप नए सिरे से गढ़ने का अहम पड़ाव बन रहा है।

नदियों का बहाव और स्वरूप इस बदलाव की सबसे कठिन परीक्षा हैं। उनकी कोई प्रशासनिक सीमा नहीं होती, जबकि पानी के उपयोग और अधिकार राज्यों में बंटे हैं। दशकों तक कई अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद चलते रहे और अनेक मामले न्यायाधिकरणों तथा अदालतों तक पहुंचे। ऐसे में 2026 का घटनाक्रम खास महत्व रखता है। इस वर्ष अब तक चार महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय जल समझौते हुए हैं- किशाऊ बहुउद्देश्यीय परियोजना, यमुना जल परियोजना, नर्मदा से जुड़े लंबित वित्तीय मुद्दे और बिहार-झारखंड के बीच सोन नदी जल-बंटवारा समझौता। इनमें सोन समझौता विशेष रूप से उल्लेखनीय है। करीब 25 वर्ष पुराने विवाद के समाधान के साथ 1973 के बाणसागर समझौते के तहत अविभाजित बिहार के लिए निर्धारित जल में बिहार और झारखंड के हिस्से को लेकर सहमति बनी। इससे सिंचाई और पेयजल के साथ बिहार की प्रस्तावित इंद्रपुरी जलाशय परियोजना के आगे बढ़ने का रास्ता भी साफ हुआ। यह उदाहरण दिखाता है कि लंबे समय से अटके नदी-जल प्रश्नों का रास्ता केवल विवाद से नहीं, बल्कि संवाद और साझा हितों से भी निकल सकता है। इस बदलते रुझान के दूसरे उदाहरण केन-बेतवा और संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं हैं। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश-राजस्थान के बीच बनी सहमतियां बताती हैं कि नदियां अब केवल जल-बंटवारे का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और साझा जल-सुरक्षा की परियोजनाओं का आधार भी बन रही हैं।

वैसे 2026 की स्थिति एक और जरूरी सवाल सामने रखती है। क्या नदी प्रबंधन को केवल बांध, बराज, तटबंध और जलाशयों के नजरिये से देखा जा सकता है? शायद नहीं। नदी का प्राकृतिक प्रवाह, उसका जलग्रहण क्षेत्र, बाढ़ का मैदान, भूजल, पारिस्थितिकी और उससे जुड़े समुदाय-सब एक ही नदी-तंत्र के हिस्से हैं। कोसी जैसी सीमा-पार नदियां यह भी बताती हैं कि नदी प्रबंधन केवल राज्यों के बीच सहयोग का विषय नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ सतत समन्वय का भी प्रश्न है।

पिछले एक दशक की भारत की जल-यात्रा खासी दिलचस्प रही है। इस दशक में जल नीति की दृष्टि केवल पानी जुटाने और बांटने से आगे बढ़कर संरक्षण, जल-सुरक्षा और साझा प्रबंधन की ओर बढ़ी है। खासतौर पर 2019 में जल शक्ति मंत्रालय का गठन इस बदलाव का महत्वपूर्ण संस्थागत पड़ाव था। नमामि गंगे ने नदी को केवल जलधारा नहीं, जीवित इकोसिस्टम के रूप में देखने की समझ को मजबूत किया। जल जीवन मिशन ने पेयजल को केवल पहुंच नहीं, नियमित सेवा से जोड़ा। भूजल प्रबंधन ने यह स्पष्ट किया कि जमीन के नीचे का पानी असीमित भंडार नहीं है। धीरे-धीरे जल नीति में स्रोत, उपयोग, संरक्षण और पुनः उपयोग को एक ही चक्र में देखने की समझ विकसित हुई।



नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बचाए रखते हुए शहरों और बस्तियों की योजना बनानी होगी। फाइल

बहरहाल यह बदलाव अभी मुकम्मल नहीं है। आने वाले वर्षों में चुनौती केवल भूजल दोहन या नदी प्रदूषण तक सीमित नहीं रहेगी। बदलते मौसम के साथ कम समय में अत्यधिक वर्षा, अचानक बाढ़, लंबे सूखे और जल उपलब्धता में बढ़ती अनिश्चितता नदी प्रबंधन की मौजूदा व्यवस्थाओं की परीक्षा लेंगी। ऐसे में नदियों को केवल जलधारा नहीं, बल्कि एक पूरे नदी-तंत्र के रूप में समझना होगा, जिसमें जलग्रहण क्षेत्र, बाढ़ के मैदान, भूजल, जलाशय और पारिस्थितिकी सभी शामिल हैं। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह और बाढ़ के लिए उपलब्ध स्थान को बचाए रखते हुए शहरों और बस्तियों की योजना बनानी होगी। कोसी जैसी सीमा-पार नदियों के मामले में भारत और पड़ोसी देशों के बीच वास्तविक समय के आंकड़ों, पूर्व चेतावनी और संयुक्त बाढ़ प्रबंधन को भी नई प्राथमिकता देनी होगी।

बीते दशक में बनी जल-सुरक्षा की संस्थागत नींव को अब नदी-घाटी आधारित, जलवायु-संवेदी और सहयोगात्मक जल-नीति में बदलने का वक्त है।

### अगस्त में घर में बनी शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी

**मुंबई:** घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक घर पर बनी शाकाहारी थाली की लागत सालाना और मासिक आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 29.50 रुपये हो गई। वहीं ब्रायलर की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि के चलते मांसाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 57.5 रुपये हो गई। हालांकि, यह कीमत जुलाई के 58.3 रुपये से एक प्रतिशत कम है। रिपोर्ट के अनुसार प्याज, खाद्य तेल, चावल और एलपीजी की कीमतें पिछले साल की तुलना में ऊंची बनी हुई हैं। (प्रेट्र)



"कंपनी को निकट भविष्य में सरकार की ओर से अपनी और हिस्सेदारी बेचने की उम्मीद नहीं है। हम लंबी अवधि के निवेश और विस्तार पर ध्यान दे रहे हैं।"
– आर दोराईस्वामी, सीईओ, एलआइसी

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,577.58 | ▼ 555.23 |
| निफ्टी | 23,635.10 | ▼ 144.05 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,58,100 | ▼ ₹ 2,150 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,41,100 | ▲ ₹ 600 |
| डालर | ₹ 94.74 | ▲ ₹ 0.18 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 98.36 | |

## एक नजर में

### कोल गैसीफिकेशन योजना में मिले सात आवेदन

**नई दिल्ली** : कोयले से गैस बनाने से जुड़ी केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी कोल गैसीफिकेशन योजना के पहले चरण में कुल सात आवेदन मिले हैं। कोयला मंत्रालय ने बताया कि आवेदन करने वालों में अदाणी एंटरप्राइजेज, गैलेंट इस्पात लिमिटेड, एनटीपीसी, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड और तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड प्रमुख हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह उद्योग में कोयला गैसीफिकेशन के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। योजना के तहत सरकार 37,500 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देगी। (आइएएनएस)

### अगस्त में ईंधन की कुल खपत 6.3 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली:** इस वर्ष अगस्त में देश में ईंधन की कुल खपत 6.3 प्रतिशत घटकर 1.86 करोड़ टन रही है। यह सितंबर 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है। तेल मंत्रालय के अधीन पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के अनुसार, इस वर्ष जुलाई में 1.98 करोड़ टन ईंधन की खपत हुई थी। डाटा के अनुसार, पिछले महीने डीजल की खपत 6.8 प्रतिशत बढ़कर 70.2 लाख टन रही है। इसी तरह, पेट्रोल की खपत 8.2 प्रतिशत बढ़कर 38.4 लाख टन रही है। (रायटर)

### पहले दिन 10% बढ़कर बंद हुए दीपा ज्वेलर्स के शेयर

**नई दिल्ली** : ज्वेलरी डिजाइन से जुड़ी दीपा ज्वेलर्स के शेयर मंगलवार को सूचीबद्ध हो गए। बीएसई में शेयर इश्यू प्राइस 177 रुपये के मुकाबले 24.88 प्रतिशत बढ़कर 221.05 रुपये प्रति इकाई पर सूचीबद्ध हुए। अंत में यह 9.77 प्रतिशत बढ़कर 194.30 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए। एनएसई पर शेयर 24.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 221 रुपये पर सूचीबद्ध हुए और अंत में 9.81 प्रतिशत बढ़कर 194.37 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए। उधर, रेज आफ बिलीफ के शेयर पहले दिन बीएसई में इश्यू प्राइस 239 के मुकाबले 4.5 प्रतिशत गिरकर 228.25 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए। (प्रेट्र)

# इस वर्ष त्योहारी सीजन में होगी मजबूत खरीदारी

## आनलाइन से 1.50 लाख करोड़ का सामान बिकने की उम्मीद, 2.60 लाख युवाओं को नौकरी देंगी कंपनियां

राजीव कुमार • जागरण

- कार डीलर्स ने त्योहारी सीजन की बिक्री की तैयारी शुरू की
- नवरात्र से दिवाली तक के लिए बढ़ाने लगे स्टाक

**नई दिल्ली:** घरेलू स्तर पर मजबूत मांग से इस साल त्योहारी सीजन में सिर्फ आनलाइन माध्यम से 1.50 लाख करोड़ की बिक्री होने की उम्मीद है। पिछले साल त्योहारी सीजन में 1.20 लाख करोड़ की बिक्री हुई थी। उपभोक्ता व्यवहार पर रिसर्च करने वाली कंपनी डाटम इंटेलिजेंस के मुताबिक बिक्री में इस बढ़ोतरी को देखते हुए कंपनियां सीजनल रूप से करीब 2.6 लाख युवाओं को रोजगार देने जा रही है। त्योहारी सीजन की बिक्री मुख्य रूप से अक्टूबर पहले सप्ताह में शुरू होकर नवंबर आखिर तक चलेगी।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 में पैसेंजर कार की बिक्री में हर महीने होने वाली बढ़ोतरी को देखते हुए कार कंपनियों के डीलर ने भी त्योहारी सीजन की बिक्री की तैयारी शुरू कर दी है। नवरात्र से लेकर दिवाली के बीच प्रचलित गाड़ियों की डिलीवरी के लिए अभी से स्टाक किए जा रहे हैं।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारी बिक्री से सिर्फ मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों को ही फायदा नहीं होता है। पूरी अर्थव्यवस्था की गति तेज हो जाती है और त्योहारी सीजन वाली तिमाही के आर्थिक परिणाम भी बेहतर हो जाते हैं। पांच साल पहले तक मुख्य रूप से मोबाइल फोन और कपड़ों की खरीदारी त्योहारी सीजन पर होती थी। अब पर्सनल केयर, कंज्यूमर गुड्स, ग्रासरी जैसे कई उत्पाद की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। वर्ष 2024 के त्योहारी सीजन की आनलाइन बिक्री में मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत थी, जो इस साल 29 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

**1.60 लाख युवाओं को एमेजोन ने नौकरी पर रखा :** रांची, जालंधर, कोच्चि जैसे दर्जनों टियर-3 शहरों में आनलाइन बिक्री के बढ़ते चलन को देखते हुए वहां भी कंपनियां युवाओं को नौकरी पर रख रहे हैं। 20 लाख विक्रेताओं वाले ई-कामर्स प्लेटफार्म एमेजोन इंडिया ने तो 1.6 लाख युवाओं को सीजनल तौर पर नौकरी देने की घोषणा भी कर दी है। अच्छी बात यह है कि अब छोटे खुदरा दुकानदार भी अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए स्वदेशी आनलाइन प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने लगे हैं। एमेजोन, फ्लिपकार्ट, मीशो, मिंत्रा जैसे प्लेटफार्म उन्हें जोड़ने में कोई परहेज नहीं दिखा रहे हैं।

पिछले पांच सीजन में बिक्री (करोड़ में) स्रोत : डाटम इंटेलिजेंस

| | |
|---|---|
| 2021 | 58405 |
| 2022 | 69800 |
| 2023 | 81,000 |
| 2024 | 96,000 |
| 2025 | 120000 |



### पिछले साल त्योहारी सीजन में 6.50 लाख करोड़ की हुई थी आफलाइन बिक्री

कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव एवं भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि पिछले साल त्योहारी सीजन में आफलाइन खुदरा दुकानदारों ने 6.5 लाख करोड़ की बिक्री की थी और इस बार इससे अधिक की बिक्री होने की उम्मीद है। छोटे खुदरा व्यापारी खुद को स्वदेशी आनलाइन प्लेटफार्म से जोड़कर आसपास में अपनी बिक्री को बढ़ा रहे हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com




लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पर बेंचमार्क तीन महीने के तांबे का मूल्य 14,533 डालर (13,73,230 रुपये) प्रति टन के नए उच्च स्तर पहुंच गया है और इसने जनवरी 2026 के 14,527 डालर प्रति टन के पिछले रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। आइए जानते हैं कि आखिर तांबे की कीमतों में यह तेजी क्यों आ रही है...

**14,533** डालर प्रति टन पर पहुंचा तांबे का मूल्य लंदन मेटल एक्सचेंज में

**2.25** लाख टन से ज्यादा तांबा आयात किया अमेरिका ने जुलाई 2026 में

### आपूर्ति में गिरावट सबसे बड़ी वजह

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक और कमोडिटी प्रमुख किशोर नार्ने का कहना है कि तांबे की लगातार वैश्विक आपूर्ति में गिरावट आ रही है। इसके अलावा, दक्षिण अमेरिका में खदानों से आपूर्ति में कमी और रिफाइनरी कांस्ट्रेट की दिक्कतों से भी आपूर्ति पर तनाव बना हुआ है।

### इसलिए बढ़ रही कीमत



किशोर नार्ने का कहना है कि संरचनात्मक विद्युतीकरण की मांग और स्पाट बाजार में कम उपलब्धता के कारण तांबे को 1,360–1,370 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में मजबूत समर्थन मिल रहा है। जब तक ब्याज दरों में कटौती या आसान पालिसी के संकेत या नई औद्योगिक मांग के कारण नहीं मिलते, तब तक कीमतों में लगातार तेजी बनी रहेगी और यह 1,400-1,410 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास ही रहेगी।

### यह भी है प्रमुख कारण



बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा का कहना है कि तांबे की कीमतें इसलिए नहीं बढ़ रही हैं कि दुनिया को अभी और तांबे की जरूरत है, बल्कि इसलिए बढ़ रही हैं क्योंकि हर कोई इसे खरीदने की होड़ में है, ताकि अमेरिकी टैरिफ से यह बाद में महंगा न हो जाए। अमेरिका में तांबा आयात पर सेक्शन 232 की जांच हो रही है। उम्मीद है कि जनवरी 2027 से इस पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जो 2028 तक 30 प्रतिशत हो जाएगा।

### इन क्षेत्रों में बढ़ रही मांग

- डाटा सेंटर
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर
- नवीकरणीय ऊर्जा
- पावर ग्रिड के विस्तार
- रक्षा क्षेत्र



### भारत में अभी ज्यादा असर नहीं

केडिया एडवाइजरी के अजय केडिया का कहना है कि तांबे की वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी का असर अभी भारत में वैसा नहीं दिखा है। इसका कारण यह है कि पिछले 15 दिनों में रुपया मजबूत हुआ है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर तांबा 1,400 के स्तर को पार नहीं कर पाया है।

इनपुट : एएनआइ, जागरण इन्फो

# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार



- क्रूड की कीमतें बढ़ने और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव से सेंसेक्स 555 अंक लुढ़का
- एनएसई निफ्टी 144 अंक गिरा, ब्लूचिप शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार को नीचे खींचा

**मुंबई, प्रेट्र:** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव के चलते मंगलवार को लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 555.23 अंक या 0.73 प्रतिशत गिरकर 75,577.58 पर बंद हुआ। दिन के दौरान एक समय यह 579.46 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 75,553.35 पर आ गया था। वहीं एनएसई निफ्टी 144.05 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 23,635.10 पर बंद हुआ। आइसीआइसीआइ बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे ब्लू-चिप शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार को नीचे खींचा।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों ने आइसीआइसीआइ बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। भारत इलेक्ट्रानिक्स, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इंटरग्लोब एविएशन में बढ़त देखी गई। ग्लोबल आयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत बढ़कर 98.36 डालर प्रति बैरल हो गया।

**डालर के मुकाबले रुपया 18 पैसे कमजोर हुआ:** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 18 पैसे गिरकर 94.74 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 99 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा।

### 18 सितंबर को खुल सकता है एनएसई का आइपीओ

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) 18 सितंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल सकता है। इसके 25 सितंबर को सूचीबद्ध होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि आइपीओ के लिए मूल्य दायरे का एलान 15 सितंबर को होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक इस आइपीओ के जरिये एनएसई 30 हजार करोड़ रुपये जुटाएगा। इस रकम पर उसका मूल्यांकन पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होगा। यह 2024 में हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के निर्गम को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा आइपीओ बन जाएगा।

# अगस्त में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी



- पिछले महीने पूरे देश में कुल 2.98 लाख ईवी की बिक्री
- इलेक्ट्रिक दोपहिया की बिक्री कुल 1.83 लाख इकाई रही

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** इस वर्ष पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री वार्षिक आधार पर 52.9 प्रतिशत बढ़कर 2,98,448 इकाई रही है। इसके साथ ही कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 12.3 प्रतिशत हो गई है। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

फाडा ने बताया कि ईवी की कुल बिक्री वृद्धि में दोपहिया का प्रमुख योगदान रहा है। पिछले महीने इलेक्ट्रिक दोपहिया की बिक्री 1,83,204 इकाई रही है, जो अगस्त 2025 की 1,09,673 इकाई की तुलना में 67.05 प्रतिशत ज्यादा है। इसी तरह, अगस्त 2026 में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 30,696 इकाई रही है, जो पिछले वर्ष समान महीने में 20,210 इकाई थी।

इलेक्ट्रिक तिपहिया श्रेणी में अगस्त 2026 में कुल बिक्री 79,846 इककाई रही है, जो पिछले वर्ष की 63,736 इकाई से 25.28 प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन की बिक्री 1,631 यूनिट्स से बढ़कर 4,702 यूनिट्स हो गई, जो लगभग तीन गुना है।

फाडा के प्रेसिडेंट साई गिरिधर ने कहा कि अगस्त 2026 भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए अब तक सबसे अधिक बिक्री हुई है। पिछले महीने सभी ईवी श्रेणियों में रिकार्ड बिक्री हुई है। इलेक्ट्रिक दोपहिया की कुल ईवी बिक्री में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हैं।

## राष्ट्रीय फलक

# बेंगलुरु में ई कामर्स से बेचा जा रहा था एक्सपायर्ड सामान

**1.38** करोड़ रुपये का एक्सपायर और गलत लेवल वाला पदार्थ जब्त

- छापेमारी के दौरान लगभग चार लाख रुपये की दवाएं भी बरामद



प्रतीकात्मक

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : बेंगलुरु में लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हुए अमेजन, इंस्टामार्ट जैसे ई कामर्स प्लेटफार्म के जरिये एक्सपायर हुआ सामान धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। आनलाइन डिलीवरी प्लेटफार्म द्वारा चलाए जा रहे डार्क स्टोर और स्टोरेज सेंटर से छापेमारी के दौरान 1.38 करोड़ रुपये के एक्सपायर हो चुके और गलत लेबल वाले प्रोडक्ट्स और लगभग चार लाख रुपये की दवाएं जब्त की गईं। डार्क स्टोर छोटा गोदाम होता है, जो केवल आनलाइन आर्डर (जैसे क्विक कामर्स एप) को सामान तेजी से डिलीवर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि स्वास्थ्य मंत्री यूटी. खादर के निर्देशों के बाद खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन ने यह कार्रवाई की।

अधिकारियों ने आनलाइन और ई-कामर्स प्लेटफार्म पर बिकने वाले खाद्य उत्पादों की जांच की ताकि यह देखा जा सके कि वे अनिवार्य लेबलिंग नियमों (जैसे कि बनने की तारीख, एक्सपायरी डेट) और खाद्य सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन करते हैं या नहीं। इस बात की भी जांच की कि रखी गई दवाओं के लिए ज़रूरी लाइसेंस हैं या नहीं। मंत्री ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन ने ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है जो एक्सपायर हो चुके और गलत लेबल वाले उत्पाद खरीदकर उन्हें कम कीमत पर दुकानों तक पहुंचाता था। बड़ी कंपनियां अपने उत्पादों की एक्सपायरी डेट नजदीक आने पर उन्हें कम कीमत पर छोटे व्यापारियों को बेच देती हैं। वहां से वे उत्पाद दुकानों तक पहुंचते हैं।

बेंगलुरु में "पेप्टाइड पार्टी" आयोजित होने की इंटरनेट मीडिया से जानकारी मिलने के बाद विभाग ने जांच शुरू की। पेप्टाइड पार्टी आमंत्रण-आधारित सामाजिक कार्यक्रम होता है जहां फिटनेस इन्फ्लुएंसर पेप्टाइड-वाले उत्पादों पर चर्चा करने, उन्हें आजमाने के लिए जुटते हैं। पेप्टाइड-वाले उत्पाद को फिटनेस के लिए बेचा जाता है। आयोजकों ने अधिकारियों को बताया कि ये उत्पाद अमेजन के डार्क स्टोर से मंगाए गए थे।

टीम ने जांच की तो देखा कि इस सेंटरों के पास दवाएं बेचने का लाइसेंस नहीं था। अमेजन सेंटर की जांच के दौरान अधिकारी लिंगराजपुरम के पास स्थित परिसर पहुंचे, जहां उन्हें 45 लाख रुपये से ज़्यादा कीमत के ऐसे उत्पाद मिले जो या तो एक्सपायर हो चुके थे या जिन पर गलत लेबल लगे थे।

### कोलकाता के 40 रेस्तरां के लाइसेंस निलंबित, 'खराब' खाने का आरोप

**राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता** : दुर्गापूजा से पहले कोलकाता में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। निम्न गुणवत्ता और खराब खाद्य सामग्री के इस्तेमाल के आरोप में कोलकाता के 40 रेस्तरां के लाइसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए गए हैं। इनमें कुछ चर्चित रेस्तरां भी शामिल हैं। पिछले सात दिनों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कोलकाता में 592 ठिकानों पर अभियान चलाया। इस दौरान मांस, छेना समेत कुल 1,224 किलो खराब खाद्य सामग्री बरामद कर नष्ट की गई। कोलकाता नगर निगम की प्रशासक स्मिता पांडे ने मंगलवार शाम पत्रकार वार्ता में कार्रवाई की जानकारी दी। बताया कि जांच के दौरान कहीं भंडारित छेना में फफूंद मिली तो कहीं बड़ी मात्रा में खराब मांस बरामद हुआ। अधिकारियों ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और रसोई की स्वच्छता समेत कई पहलुओं की जांच की। दुर्गापूजा के दौरान कोलकाता में रेस्तरां और बाहर खाने-पीने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

# पीयरलेस की बड़ी जीत, तीन दशक पुराना बड़ा कारपोरेट विवाद खत्म

- सुप्रीम कोर्ट ने शेयरों के लेन-देन से जुड़े विवाद में भगवती डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : सुप्रीम कोर्ट ने पीयरलेस जनरल फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड के पक्ष में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए भगवती डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) की अपील को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही देश के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कारपोरेट विवादों में से एक का आधिकारिक अंत हो गया है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने नेशनल कंपनी ला अपीलीय ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) के 16 अप्रैल के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया।

**क्या था पूरा मामला** : यह विवाद 1991 में शुरू हुई कानूनी कार्यवाही से जुड़ा है, जो 1987-88 के दौरान पीयरलेस द्वारा किए गए शेयर लेन-देन और कारपोरेट निर्णयों पर आधारित था। इस विवाद की मुख्य जड़ पीयरलेस द्वारा प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिये जारी किए गए 30 हजार इक्विटी शेयर और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 15,626 शेयरों का हस्तांतरण था। इन लेन-देन को इस आरोप के साथ चुनौती दी गई थी कि इनका उद्देश्य कंपनी के नियंत्रण को बदलना था और इनमें धन के अनुचित उपयोग या रूटिंग का मामला शामिल था। एनसीएलटी ने 18 जुलाई 2022 को अपने आदेश में कंपनी याचिका को स्वीकार कर लिया था। इसके खिलाफ पीयरलेस ने एनसीएलएटी का रुख किया था। 16 अप्रैल, 2026 को एनसीएलएटी ने पीयरलेस की अपील को मंजूर करते हुए एनसीएलटी के फैसले को रद कर दिया और वित्तीय अनियमितता के सभी आरोपों को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ बीडीपीएल ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।

# भारतीय कंपनी गैलेक्सआइ को आप्टोसार तकनीक के लिए अमेरिका में मिला पेटेंट

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : भारतीय कंपनी गैलेक्सआइ को सेटेलाइट इमेजिंग तकनीक आप्टोसार के लिए अमेरिका में पेटेंट मिल गया है। गैलेक्सआइ सेटेलाइट इमेजिंग तकनीक के लिए अमेरिकी पेटेंट पाने वाला पहला भारतीय स्टार्टअप है। आप्टोसार तकनीक ऐसी सेटेलाइट तकनीक है जिसमें कैमरे (आप्टिकल) और सिंथेटिक अपर्चर रडार(एसएआर) दोनों की ताकत का एक साथ उपयोग किया जाता है। कैमरा के सेंसर सूरज की रोशनी और साफ आसमान में हाई-रिजाल्यूशन वाली तस्वीरें लेते हैं, वहीं एसएआर सेंसर रडार पल्स का इस्तेमाल कर बारिश और अंधेरे में भी तस्वीरें ले सकते हैं। गैलेक्सआइ के संस्थापक सुयश सिंह ने कहा, यह पेटेंटेड तकनीक हमें वैश्विक बाजार में सेवा देने और रक्षा, कृषि, बीमा जैसे सेक्टर में हर मौसम में तस्वीरें उपलब्ध कराने की सुविधा देने में सक्षम बनाती है।

# सैमसंग इंडिया ने शुरू की छंटनी, वरिष्ठ स्तर के कर्मचारी हटाए

- कंपनी देशभर में अपने कुछ शाखा कार्यालयों का भी कर रही विलय

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : मोबाइल फोन और उपभोक्ता उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रानिक्स ने मध्य से वरिष्ठ स्तर के 8-10 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। बढ़ती लागत और कमजोर उपभोक्ता मांग के बीच लागत को तर्कसंगत बनाने की कवायद के तहत आने वाले सप्ताहों में 40-50 अन्य कर्मचारियों को भी हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक यह छंटनी सैमसंग इंडिया के उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स (सीई) डिविजन में की जा रही है, जिसके अंतर्गत टेलीविजन, डिजिटल उपकरण और घरेलू इलेक्ट्रानिक्स कारोबार आते हैं।

पहले चरण में कंपनी ने सीई डिविजन से महाप्रबंधक, टीम नेतृत्वकर्ता और ब्रांच/एरिया मैनेजर से लेकर निदेशक स्तर तक के लगभग 8-10 कर्मचारियों को हटाया है। दूसरे दौर में, सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स इंडिया 40 से 50 अन्य लोगों की छंटनी कर सकती है। इस कदम का मकसद कार्यबल को संतुलित करना और दक्षता बढ़ाना है, क्योंकि सैमसंग इंडिया को इस क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच सीई कारोबार में प्रतिद्वंद्वी कोरियाई और चीनी कंपनियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस टीम में लगभग 500 से 600 अधिकारी हैं।

सूत्रों ने कहा कि सैमसंग देशभर में अपने कुछ शाखा कार्यालयों का भी विलय कर रही है, जिससे कुछ पदों में दोहराव की स्थिति बनेगी। कंपनी ने हाल ही में अपनी पटना और रांची शाखाओं का विलय किया है। इसी तरह की कवायद दिल्ली-गुरुग्राम और पंजाब-चंडीगढ़ शाखाओं के लिए भी की जा रही है, जिनका आपस में विलय होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 में 1.14 लाख करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने वाली सैमसंग में सीई कारोबार की हिस्सेदारी 10 से 12 प्रतिशत है।

# आइआइएम लखनऊ को 15 पायदानों का झटका

जागरण संवाददाता, लखनऊ

- फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग में संस्थान की पिछले वर्ष थी 57वीं रैंक
- इस बार पहुंच गए 72वें पायदान पर, पूर्व विद्यार्थियों का औसत वेतन कम होना भी वजह

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) लखनऊ को फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग-2026 में इस बार 72वां स्थान मिला है। रैंकिंग के लिहाज से संस्थान को 15 पायदानों का झटका लगा है। वर्ष 2025 में संस्थान 57वें स्थान पर था। संस्थान की रैंक गिरने के पीछे पूर्व विद्यार्थियों का औसत वेतन कम होने और लगातार महंगे होते डालर को भी एक बड़ी वजह माना जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 100 बिजनेस स्कूलों में सात भारतीय प्रबंध संस्थानों समेत कुल 14 भारतीय बिजनेस स्कूल जगह बनाने में सफल रहे हैं। दुनिया के शीर्ष आठ ज्यादा वेतन वाले संस्थानों में सात भारतीय संस्थान शामिल हैं और आइआइएम लखनऊ भी इस सूची में है।



आइआइएम, लखनऊ। फाइल फोटो

फाइनेंशियल टाइम्स की रैंकिंग में केवल संस्थान की अकादमिक प्रतिष्ठा ही नहीं, बल्कि पूर्व छात्रों का वेतन, वेतन वृद्धि, करियर प्रगति, रोजगार, वैल्यू फार मनी, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, विविधता और करियर सेवाओं जैसे 19 मानकों को शामिल किया जाता है। इस साल 132 पूर्णकालिक प्रबंधन कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया गया। इस रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष बिजनेस स्कूलों का मूल्यांकन 19 पैमानों के आधार पर किया जाता है, जिसमें रैंकिंग में पूर्व छात्रों की राय का वेटेज 56% और स्कूल के डाटा का वेटेज बाकी 44% होता है।

**आइआइएम लखनऊ की रैंक गिरने का कारण**

- फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग में तीन वर्ष बाद पूर्व विद्यार्थियों का औसत वेतन (15 प्रतिशत वेटेज) और वेतन में हुई वृद्धि प्रतिशत (नौ प्रतिशत वेटेज) सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान को इसमें कम अंक मिले।
- यदि आइआइएम लखनऊ के पूर्व छात्रों में अधिकतर भारत में ही कार्यरत हैं और डालर के मुकाबले रुपये की क्रय शक्ति या ग्लोबल पीपीपी एडजस्टमेंट में कोई बदलाव आया है तो यह वैश्विक स्तर पर रैंकिंग को प्रभावित करता है।
- प्रतिस्पर्धी वैश्विक संस्थानों के मुकाबले यदि पूर्व छात्रों की सैलरी बढ़ने की दर धीमी रही हो तो रैंक नीचे खिसक जाती है।
- रैंकिंग में विदेशी छात्रों और फैकल्टी के प्रतिशत को काफी महत्व दिया जाता है। आइआइएम लखनऊ में वैश्विक छात्रों की संख्या कम होना भी एक कारण है।

# सहारा समूह के 20 लाख लंबित दावा आवेदनों का होगा निपटारा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल को दोबारा कर दिया गया है चालू
- रिफंड की पूरी प्रक्रिया आनलाइन और सत्यापन के आधार पर की जा रही

सहारा समूह की चार सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं के रिफंड दावों की प्रक्रिया फिर शुरू हो गई है। सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल को दोबारा चालू कर दिया गया है। पोर्टल पर करीब 20 लाख आवेदन अभी लंबित हैं, जिनका अब सत्यापन कर रिफंड की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार, अब तक 41,56,711 जमाकर्ताओं को 9,267 करोड़ रुपये उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में सीधे लौटाए जा चुके हैं। रिफंड की पूरी प्रक्रिया आनलाइन और सत्यापन के आधार पर की जा रही है, ताकि वास्तविक जमाकर्ताओं को ही उनकी पात्र राशि मिल सके।

सहारा सहकारी समितियों से जुड़ी कुछ प्रशासनिक और तकनीकी समस्याओं के कारण नवंबर 2025 से रिफंड दावों के सत्यापन की व्यवस्था पर असर पड़ रहा था। समितियों के कार्यालयों से जुड़ी दिक्कतों के अलावा आइटी ढांचे, जरूरी लाइसेंस, हार्डवेयर, रख-रखाव और कर्मचारियों से संबंधित समस्याएं भी सामने आई थीं। सहकारिता मंत्रालय और केंद्रीय सहकारी समितियों के पंजीयक (सीआरसीएस) ने संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर इन बाधाओं को दूर कर लिया है, जिसके बाद रिफंड की व्यवस्था फिर से शुरू हो सकी। रिफंड के लिए जमाकर्ता के आधार ई-केवाईसी, सदस्यता और खाते से जुड़े विवरणों का संबंधित सहकारी समितियों के उपलब्ध रिकार्ड से मिलान किया जाएगा। जमा प्रमाण-पत्र, रसीद और जरूरी दस्तावेजों की भी जांच होगी। सत्यापन पूरा होने के बाद पात्र राशि सीधे जमाकर्ता के आधार से जुड़े बैंक खाते में भेजी जाएगी।

# जेन-जी से संवाद

गुजरात के वडोदरा में महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी मैदान में हजारों पेशेवर युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद के गहरे निहितार्थ हैं। इस समय देश में सबसे ज्यादा मुखर अगर कोई वर्ग है, तो वह जेन-जी ही है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन ने देश-दुनिया को इसकी शक्ति का एहसास भी करा दिया है। तमाम राजनीतिक दल और संगठन अब इसे गंभीरता से लेने लगे हैं। गौर कीजिए, कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस पीढ़ी से संवाद किया था और जेन-जी व जेन-अल्फा को पुरानी पीढ़ियों से अधिक देशभक्त करार दिया था। दरअसल, आधुनिक तकनीक की समझ के मामले में यह पीढ़ी किसी भी आयु-वर्ग के लोगों से कहीं अधिक दक्ष है और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक सक्रिय भी है। ऐसे में, बहुत जरूरी है कि इस वर्ग की अपेक्षाओं, चिंताओं को समझा जाए और उसे एक सकारात्मक दिशा दी जाए। प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि 'भारत का नौजवान सच की हुंकार से चलता है।' ऐसे कई उदाहरण हैं, जब इस वर्ग ने विभिन्न दलों के आईटी सेल द्वारा परोसे गए झूठ को चंद मिनटों के भीतर तार-तार कर डाला। इसलिए इसे अब भ्रमित करने की कोई भी कवायद कामयाब नहीं होने वाली।

जेन-जी की ऊर्जा को इस समय सकारात्मक मोड़ देने की बहुत आवश्यकता है और प्रधानमंत्री इस बात को भली-भांति जानते हैं। चूंकि विकसित भारत 2047 का काफी कुछ दारोमदार इसी आयु-वर्ग के कंधों पर होगा, इसलिए इन किशोरों-युवाओं को रचनात्मक बनाए रखने की बड़ी आवश्यकता है। यह सुखद है कि चरखा आंदोलन के जरिये महात्मा गांधी देश को रचनात्मकता की एक ऐसी राह दिखा गए हैं, जिस पर चलने को अपने युवाओं, नागरिकों को प्रेरित करके बड़े लक्ष्य साधे जा सकते हैं। इतिहास साक्षी है कि चरखा आंदोलन से प्रेरित भारतीयों ने कैसे मैनचेस्टर से आने वाले कपड़ों का बहिष्कार कर दिया था और क्या अमीर, क्या गरीब, सबने हुलसकर खादी को अपना लिया था। उस मुहिम से स्त्रियों का सशक्तीकरण तो हुआ ही, आजादी के आंदोलन को एक पैनी धार भी मिली। आश्चर्य नहीं कि बापू के जन्मदिन पर ही प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। लाखों स्कूली किशोर और नौजवान इस मुहिम से जुड़े और इसका अच्छा असर हम अपने सार्वजनिक स्थलों पर अब देख रहे हैं।

**विकसित भारत 2047 का काफी कुछ दारोमदार जेन-जी के कंधों पर होगा, इसलिए इन किशोरों-युवाओं को रचनात्मक बनाए रखने की बड़ी आवश्यकता है।**

निस्संदेह, कुछ विसंगतियां हमारे बच्चों को बेचैन करती हैं, आगे भी करेंगी। वे उन विसंगतियों पर खुलकर अपनी राय आज भी व्यक्त कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। उनकी शिकायतों को पूरी संवेदना से सुनने और उन्हें सही हल देने की जरूरत हमेशा रहेगी। युवाओं से संवाद की प्रधानमंत्री की पहल इसलिए एक सुखद कवायद है। यह देश के समूचे राजनीतिक वर्ग की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह नौजवानों को हताशा या निराशा की खाई में गिरने से बचाएं। निराशा या हताशा के कमजोर पलों में ही इनमें से अनेक युवा नशाखोरी की ओर कदम बढ़ा देते हैं या फिर खुदकुशी जैसे कृत्य को अंजाम दे बैठते हैं। इसलिए उनसे लगातार संवाद करते रहने की जरूरत है। चूंकि प्रधानमंत्री देश के मुखिया होते हैं, इसलिए इस ओहदे से जब कोई अभियान शुरू होता है, तो उसकी गंभीरता और प्रभावशीलता अलग होती है। आशा है, ऐसे संवादों से हमारे किशोरों व नौजवानों में एक नई आशा का संचार होगा और वे राष्ट्र-निर्माण में अपनी महती भूमिका पहचान सकेंगे।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 09 सितम्बर, 1951

### कार्यसमिति का इस्तीफा

गत सप्ताह प्रधानतः दो विषयों की चर्चा रही- कांग्रेस-संकट तथा सान फ्रांसिस्को सम्मेलन। जहां तक भारत का प्रश्न है उसकी दृष्टि कांग्रेस महासमिति के अधिवेशन पर केन्द्रित है। कांग्रेस कार्यसमिति के सब सदस्यों ने इसलिए त्यागपत्र दे दिये कि कांग्रेस-अध्यक्ष को नई कार्यसमिति के गठन में सुविधा हो लेकिन श्री पुरुषोत्तमदास टंडन अपने सिद्धांत पर अटल रहे और उन्होंने भी अध्यक्ष-पद से इस्तीफा दे दिया। इस प्रकार कांग्रेस महासमिति के सामने एक नवीन स्थिति, जो एकदम अप्रत्याशित नहीं कही जा सकती उत्पन्न हो गई है। पहले नेहरूजी ने त्यागपत्र दिया, उसके बाद कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने और अन्त में टंडनजी ने। अब यह देखना है कि कांग्रेस महासमिति कोई ऐसा हल खोजने में समर्थ सिद्ध होती है या नहीं जिससे कि 'नेहरू-टंडन' विवाद जैसी कोई वस्तु न रहने पावे और देश तथा कांग्रेस को नेहरूजी का नेतृत्व तथा टंडनजी का पूर्ण सहयोग प्राप्त रह सके। पंतजी, डा. राय तथा दूसरे व्यक्तियों ने दोनों नेताओं में समझौता कराने का यथासाध्य प्रयत्न किया किन्तु वे कृतकार्य न हुए।

कांग्रेस-संकट के बारे में टंडनजी ने पत्र-प्रतिनिधि सम्मेलन में विस्तृत प्रकाश डाला है। उस पर विचार करने के बाद इससे दुख होता है कि जहां दोनों नेता कांग्रेस को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं और उसके नैतिक स्तर को ऊंचा करना चाहते हैं, दोनों में कार्य-प्रणाली के बारे में एक ऐसा मतभेद है जो अभी तक दूर नहीं हो सका।

टंडनजी के वक्तव्य से अब विदित होता है कि कांग्रेस के नासिक अधिवेशन से ही कार्यसमिति के गठन और कांग्रेस-संचालन के बारे में नेहरूजी और टंडनजी में मतभेद हो गया था। टंडनजी ने कहा हैः 'कांग्रेस-अधिवेशन समाप्त होने के पश्चात 22 सितम्बर को मैं नासिक में नेहरूजी से मिला और उनसे कार्यसमिति में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। उन्होंने मेरा आमंत्रण अस्वीकार कर दिया और कहा कि वह कांग्रेस को 'हिला देना' चाहते हैं। उन्होंने मुझे इसका कारण नहीं बताया।' इसके बाद जब अन्य बड़े नेताओं के अनुरोध पर उन्होंने कार्यसमिति में सम्मिलित होना स्वीकार किया तो एक व्यक्ति के बारे में गत्यवरोध उत्पन्न हो गया।

# सिर्फ मुफ्त रेवड़ियां काम न आएंगी



यहां स्कैन करें

राजऋषि सिंघल | वरिष्ठ पत्रकार

**इस समय देश में 15 से 29 साल की उम्र के लाखों युवा या तो बेरोजगार हैं या उनके पास योग्यता से कमतर रोजगार है या फिर वे कम वेतन वाली नौकरियों में फंसे हुए हैं।**

जंतर मंतर पर जेन-जी के आंदोलन ने न केवल तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, बल्कि कई अन्य उपलब्धियां भी इसके नाम रहीं। पहली और सबसे दिलचस्प उपलब्धि तो यही रही कि इसने छात्रों की उस क्षमता को पुनर्जीवित करने का काम किया कि शिक्षा प्रणाली की ढांचागत खामियों पर वे अपनी चिंता जाहिर कर सकें; अपने भविष्य के बारे में सत्ता प्रतिष्ठान से सवाल कर सकें और अपने नागरिक अधिकारों की मजबूत दावेदारी पेश कर सकें।

दूसरी, इसने एक बार फिर उन अंतर्विरोधों और विरोधाभासों को रेखांकित किया, जो हमारे समाज और हमारी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस आंदोलन ने उस मुद्दे पर फिर से देश का ध्यान केंद्रित किया है, जिससे वह भटक गया था। 'क्या मुफ्त योजनाओं से व्यवस्था की कमियों पर पर्दा डाला जा सकता है?'

पिछले दशक में छात्रों को 'बच्चा' समझकर राजनीतिक अधिकारों से वंचित रखा गया था। एक ओर तो उन्हें देश की सबसे बड़ी राजनीतिक गतिविधि, यानी चुनावों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जबकि दूसरी ओर उनकी राजनीतिक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को प्रतिबंधित करने के लिए दमनात्मक कार्रवाई की गई। अनेक सत्ताधारी पार्टियों के निरंकुश नेताओं ने राजनीतिक रूप से जागरूक छात्रों की अभिव्यक्तियों को दबाने के लिए दमन का सहारा लिया है। कुछ प्रमुख विश्वविद्यालयों में तो ऐसे मौकों पर छात्रों के खिलाफ हिंसा का भी सहारा लिया गया।

सत्ता प्रतिष्ठानों में हरेक स्तर पर छात्र आंदोलनों के प्रति हिकारत का भाव देखा जा सकता है, जबकि इनमें से कई आंदोलन ऐतिहासिक रूप से राजनीतिक परिवर्तन लाने में कामयाब रहे हैं। ऐसे ही छात्र आंदोलन ने पेरिस में 1968 में 'चार्ल्स द-गॉल सरकार' को व्यापक सामाजिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया था। छात्र आंदोलन ने ही 1998 में जकार्ता में तानाशाह



राष्ट्रपति सुहार्तो के 32 साल के शासन का अंत कर दिया। वियतनाम और कंबोडिया में अमेरिका के बढ़ते हमलों के खिलाफ 1970 में शिक्षण-परिसरों में हुए विरोध-प्रदर्शनों ने राष्ट्रव्यापी युद्ध विरोधी भावना पैदा की। इसी तरह, दिल्ली में छात्रों द्वारा शुरू किए गए आंदोलन ने देश के कई अन्य शैक्षणिक परिसरों को अपनी चपेट में ले लिया। इसने विभिन्न राज्यों में स्कूली बच्चों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं की मांग करने के लिए भी प्रेरित किया है।

जेन-जी आंदोलन ने एक जटिल विरोधाभास की ओर भी हमारा ध्यान खींचा है। वह है- तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, उत्पादन और अरबपतियों की संख्या के साथ ही पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की बढ़ती फौज और विषमता। दुनिया में चल रहे युद्धों, महंगाई, निजी क्षेत्र की निवेश में कोताही और रोजगार के कम होते अवसरों के बीच 2026-27 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी दर ने इस विरोधाभास को और भी पुख्ता किया है। नीट पेपर लीक के कारण इस साल छात्रों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ, लेकिन इसने बाकी छात्रों को भी कमजोर, भ्रष्ट शिक्षा-व्यवस्था और सीमित रोजगार अवसरों के प्रति अपनी निराशा जाहिर करने का मंच दे दिया। इस समय देश में 15 से 29 साल की उम्र के लाखों युवा या तो बेरोजगार हैं या अपनी योग्यता से कमतर नौकरी कर रहे हैं या कम वेतन वाली नौकरियों में फंसे हुए हैं। भारत में तेजी से बढ़ती आबादी बोझ बनती जा रही है। यह एक सियासी बोझ है।

विडंबना यह है कि बुनियादी ढांचे की कमियों को ठीक करने के बजाय, सत्ता प्रतिष्ठान मुफ्तखोरी को ही तेजी से बढ़ाने में लगे हैं। लगभग 10 राज्यों ने पहले ही मुफ्त राशि हस्तांतरण के लिए एक नई श्रेणी जोड़ी है- पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा। यह 'बिना शर्त नकद हस्तांतरण (यूसीटीज)' के अलावा है, जो अब आम चलन सा बन गया है। संविधान के 'नीति-निदेशक सिद्धांतों' में बताई गई बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराने में विफल सरकारों के पास गरीबी दूर करने, लोगों की बुनियादी आमदनी को सहारा देने और जरूरी खपत को बनाए रखने के लिए 'यूसीटीज' ही एकमात्र आधार बचे हैं। इनमें से ज्यादातर महिलाओं को नकदी हस्तांतरण पर केंद्रित हैं, लेकिन पैसे कैसे खर्च किए जाएं, इस पर कोई रोक-टोक नहीं होती।

साल 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2022-23 और 2025-26 के बीच यूसीटीज वाले राज्यों की संख्या पांच गुना बढ़ गई। राज्यों में केवल महिलाओं पर केंद्रित ऐसी योजनाओं के लिए बजट आवंटन अब 20,000 करोड़ रुपये के करीब है। जब नकद हस्तांतरण का मकसद सिर्फ चुनावी फायदा उठाना होता है, तब लोगों में शक और निराशा पैदा होती है। मिसाल के तौर पर, महाराष्ट्र की 'माझी लाडकी बहीण योजना' नवंबर 2024 में विधानसभा चुनावों से ठीक पांच महीने पहले जून में शुरू की गई थी, लेकिन जब वही गठबंधन सरकार दोबारा सत्ता में आई, तो 40 प्रतिशत लाभार्थियों को इस योजना से बाहर कर दिया गया। पश्चिम बंगाल में नई सरकार महिलाओं के लिए चल रही एक यूसीटी से लगभग 60 प्रतिशत लाभार्थियों को हटा रही है और अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने के लिए एक नई योजना लाने की सोच रही है।

निस्संदेह, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यूसीटीज समाज के कमजोर वर्गों, सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं या किसानों के लिए बहुत जरूरी हो गए हैं। गैर-लाभकारी संस्था 'प्रोजेक्ट डीप' के अनुसार, 'मुफ्त योजनाएं सम्मान, फैसले लेने की आजादी व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती हैं, जिससे जेंडर, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य अहम क्षेत्रों में अच्छे नतीजे मिलते हैं।' यह भी सच है कि इनसे पढ़े-लिखे बेरोजगारों को अस्थायी आर्थिक मदद मिलती है। हालांकि, यह स्थायी समाधान नहीं है। खासकर तब, जब टिकाऊ आर्थिक विकास और रोजगार पैदा करने वाले जरूरी बुनियादी ढांचा बनाने में मेहनत करने के बजाय सरकारें ऐसी योजनाएं लाने लगें।

इसलिए, इस बात की संभावना अब कम है कि बेचैन नौजवान इसे चुपचाप अपनी किस्मत मानकर बैठ जाएंगे या स्थायी और पूर्णकालिक नौकरी के अवसर हासिल करने के बजाय यूसीटी से संतुष्ट हो जाएंगे, विरोध-प्रदर्शन करना छोड़ देंगे और सत्ताधारी पार्टियों को फिर से अपना वोट देंगे। यह सब बहुत लंबे समय तक चलने वाला नहीं है और यह गुब्बारा बहुत जल्द ही फटने वाला है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# हिमालय को बांटकर देखने की नीति बदलनी पड़ेगी



यहां स्कैन करें

जयसिंह रावत | वरिष्ठ पत्रकार

राजनीतिक नक्शे हिमालय को कई देशों में बांटते हैं, लेकिन प्रकृति इन सीमाओं को नहीं मानती। तिब्बत में पैदा हुआ जल-प्रवाह भारत, नेपाल या भूटान में संकट बन सकता है और ऊंचे हिमालय की किसी निर्जन घाटी में टूटी हिमनदीय झील सैकड़ों किलोमीटर नीचे बसे लोगों के लिए कुछ ही घंटों में विनाश का कारण बन सकती है। ऐसे में, हिमालय को अलग-अलग देशों में बंटे पर्वत-खंड के बजाय साझा पर्यावरणीय और मानवीय सुरक्षा क्षेत्र के रूप में देखना समय की मांग है।

अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्था इसीमोड के मुताबिक, हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र में बसे देशों में लगभग 24 करोड़ लोग रहते हैं, जबकि इसकी नदी प्रणालियों और प्राकृतिक संसाधनों पर नीचे के क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 1.65 अरब लोगों का जीवन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निर्भर है। यही कारण है कि हिमालय में घटने वाली किसी पर्यावरणीय घटना को केवल स्थानीय दुर्घटना मानना गंभीर भूल है। नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी-त्रिशूली नदी में आई विनाशकारी बाढ़ ने इस वास्तविकता को फिर से उजागर किया है। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि हिमालय में बहु-आपदा चेतावनी प्रणाली विकसित करनी ही होगी। इस घटना को उत्तराखंड की 2021 की ऋषिगंगा-धौलीगंगा आपदा, सिक्किम की 2023 की दक्षिण ल्होनक झील व तीस्ता घाटी की त्रासदी समेत हिमालय में हाल के वर्षों की दूसरी घटनाओं से अलग नहीं देखा जा सकता है। इनकी प्रकृति अलग-अलग हो सकती है, लेकिन संदेश एक ही है।

**अंटार्कटिका के लिए वैश्विक सहयोग की व्यवस्था बनाई गई है, पर हिमालय के लिए ऐसा ढांचा नहीं है। हिमालय दिवस पर विशेष-**

इसीमोड के अनुसार, 2011 से 2020 के बीच हिंदूकुश-हिमालय में ग्लेशियरों के सिकुड़ने की गति 2001-10 की तुलना में लगभग 65 प्रतिशत तेज रही। तापमान बढ़ने के साथ ग्लेशियर पिघल रहे हैं, नई हिमनदीय झीलें बन रही हैं और पुरानी झीलों का आकार बढ़ रहा है। मोरेन से घिरी ऐसी झीलों में यदि हिमस्खलन या विशाल चट्टान गिरती है, तो अचानक भारी मात्रा में पानी निकल सकता है और 'ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड' पैदा हो सकती है। समस्या केवल तापमान वृद्धि तक सीमित नहीं है। उद्योगों, डीजल इंजनों, ईंट-भट्टों, जंगल की आग और जैव ईंधन के अधूरे दहन से पैदा होने वाला ब्लैक कार्बन हिमालय की बर्फ पर जमकर उसकी सूर्य प्रकाश परावर्तित करने की क्षमता घटाता है। इससे बर्फ अधिक ऊष्मा सोखने लगती है और पिघलने की उसकी गति बढ़ जाती है। ऐसे में, केवल आपदा के बाद राहत, मुआवजा और पुनर्निर्माण की नीति पर्याप्त नहीं हो सकती। चीन, भारत, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित हिंदूकुश-हिमालय से जुड़े देशों को मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण व आपदा सुरक्षा तंत्र विकसित करना चाहिए। अफगानिस्तान और म्यांमार को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।

इस तंत्र की पहली प्राथमिकता संयुक्त वैज्ञानिक निगरानी होनी चाहिए। ग्लेशियरों के पिघलने की गति, हिमनदीय झीलों के आकार, जलस्तर, अस्थिर ढलानों, हिमस्खलन क्षेत्रों, भूस्खलन और नदी अवरोधों की निगरानी उपग्रहों, सिंथेटिक एपर्चर रडार, जलस्तर मापक यंत्रों और भूकंपीय सेंसरों से की जा सकती है। दूसरा जरूरी कदम सीमा-पार पूर्व चेतावनी प्रणाली है। यदि तिब्बत या नेपाल के किसी दुर्गम क्षेत्र में भूस्खलन से नदी अवरुद्ध हो और प्राकृतिक बांध टूटने की आशंका हो, तो सूचना तत्काल नीचे स्थित देशों तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी, साझा हिमालयी वैज्ञानिक डाटा बैंक की स्थापना है। इसी के साथ सीमा साझा करने वाली नदी-घाटियों में बड़े बांध, सुरंग, खनन, राजमार्ग और नदी मोड़ने जैसी परियोजनाओं के लिए साझेदार देश के पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर भी विचार होना चाहिए। विडंबना है कि अंटार्कटिका जैसे निर्जन क्षेत्र के लिए दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय संधियां और वैज्ञानिक सहयोग की व्यवस्था बनाई है, जबकि 'तीसरे ध्रुव' हिमालय के लिए अभी तक प्रभावी बहुपक्षीय सुरक्षा ढांचा नहीं है।

हिमालय में अगली बड़ी आपदा कहां जन्म लेगी, यह शायद पता न हो, पर खतरा बढ़ जरूर रहा है। इसलिए अगली त्रासदी की प्रतीक्षा करने के बजाय हिमालयी देशों को साझा विज्ञान, साझा सूचना और साझा सुरक्षा की स्थायी संस्थागत व्यवस्था बनानी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# उपदेशक नहीं, मार्गदर्शक

एक मित्र ने पूछा है कि मैं क्या स्वयं एक उपदेशक नहीं हूं? मैं बोलता क्यों हूं? दूसरों को समझाता क्यों हूं और अगर मैं उपदेश देता हूं, तो फिर दूसरे उपदेशकों के विरोध में क्यों हूं?

इस संबंध में दो-तीन बातें समझ लेनी उपयोगी होंगी। पहली बात, सभी लिखा हुआ शास्त्र नहीं होता और सभी बोला हुआ उपदेश नहीं होता। जिस बोलने के साथ यह आग्रह होता है कि यही सत्य है और इसके अतिरिक्त कुछ भी सत्य नहीं; जिस बोलने के साथ यह आग्रह होता है कि जो मैं कहता हूं, उस पर इसलिए विश्वास करो, क्योंकि मैं कहता हूं; जिस बोलने के लिए श्रद्धा- अंधी श्रद्धा की मांग की जाती है, वह बोलना उपदेश बन जाता है।

मेरी न तो यह मांग है कि मैं जो कहता हूं, उस पर आप आंखें बंद करके विश्वास करें; न ही मेरा यह कहना है कि जो मैं कहता हूं, वही सत्य है। इतना ही मेरा कहना है कि किसी के भी कहने के आधार पर सत्य को स्वीकार मत करना। मेरे कहने के आधार पर भी नहीं। सत्य प्रत्येक व्यक्ति की निजी खोज है। कोई दूसरा किसी को सत्य नहीं दे सकता। सत्य दिया नहीं जा सकता, पाया जरूर जा सकता है। इसलिए मैं जो कह रहा हूं, उससे आपको कोई सत्य की शिक्षा दे रहा हूं, ऐसा नहीं है।

उस मित्र ने पूछा है कि मैं फिर उपदेश क्यों दे रहा हूं? न मुझे इसमें कोई आनंद उपलब्ध होता है कि जो मैं कहूं, आप उसकी प्रशंसा करें, उसके लिए तालियां बजाएं, उसका समर्थन करें। न ही मेरा यह कोई व्यवसाय है। फिर भी मैं क्यों कुछ बातें कह रहा हूं?

एक आदमी को दिखाई पड़ता हो कि आप जिस रास्ते पर जा रहे हैं, वह रास्ता गड्ढों, कांटों से जाने वाला है और वह आपसे कह दे कि इस रास्ते पर कांटे और गड्ढे हैं, तो वह आपको कोई उपदेश नहीं दे रहा है। वह केवल इतना कह रहा है कि जिस रास्ते से मैं परिचित हूं, उस रास्ते पर, उसी गड्ढे में, उन्हीं कांटों के बीच किसी को जाते हुए चुपचाप देख लेना अमानवीय है, अत्यंत हिंसक कृत्य है।

जिस आदमी ने सबसे पहले फिलाडेल्फिया में रास्ते के किनारे का प्रकाश स्तंभ लगाया, वह था बेंजामिन फ्रैंकलिन। तब तक दुनिया में रास्तों के किनारे कोई प्रकाश नहीं लगाए जाते थे। रास्ते अंधेरे होते थे। बेंजामिन फ्रैंकलिन ने सबसे पहले अपने घर के सामने एक बत्ती लगाई, एक खंभा लगाया। पड़ोस के लोगों ने तंज किया- क्या तुम यह दिखलाना चाहते हो कि तुम्हारे पास पैसे हैं? क्या तुम यह जतलाना चाहते हो कि तुम्हारे घर में बड़ा प्रकाश है?... धीरे-धीरे लोगों को बात समझ में आने लगी और उस नगर में प्रकाश के प्रति आदर बढ़ गया। बस आप दीया अपनी देहरी पर रखते रहिए।

**सत्य प्रत्येक व्यक्ति की निजी खोज है। कोई दूसरा किसी को सत्य नहीं दे सकता। सत्य दिया नहीं जा सकता, पाया जा सकता है। उपदेशक अंधी श्रद्धा की मांग करता है, मार्गदर्शक नहीं।**

ओशो

वी पी मलिक | पूर्व थलसेनाध्यक्ष



**संयुक्त थियेटर कमान का मकसद रणनीतिक स्तर पर एकीकरण और परिचालन स्तर पर आपसी तालमेल बनाना रहा है। सुरक्षा खतरों और टकरावों से निपटने का यह सबसे असरदार और किफायती तरीका है।**

## अनुलोम-विलोम

### जहरीली शराब



# जहरीले नशे पर कठोर कार्रवाई जरूरी

नकली और जहरीली शराब से देश में समय-समय पर होने वाली मौतें केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और शासन की एक बड़ी कमजोरी है। हाल के वर्षों में बिहार, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जहरीली शराब पीने से दर्जनों लोगों की मौत हुई है। ताजा घटना सागर (मध्य प्रदेश) की है, जिसमें कई लोगों की जान गई है। माना जा रहा है कि यहां भी मेथनॉल (मिथाइल अल्कोहल) मिलाकर बनाई गई नकली शराब ही मौत के लिए जिम्मेदार है।

भारतीय राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ष जहरीली शराब से सैकड़ों लोगों की जान जाती है। इसका मतलब है कि अवैध शराब का कारोबार केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि संगठित अपराध का रूप ले चुका है। सरकारें मानती हैं कि शराब के उत्पादन और वितरण पर वैधानिक निगरानी जितनी मजबूत होगी, नकली शराब के लिए उतनी कम जगह बचेगी। गुजरात में अवैध शराब पर लगातार अभियान, तमिलनाडु में विशेष जांच दलों की स्थापना और कई राज्यों में आबकारी विभाग द्वारा डिजिटल ट्रैकिंग जैसी पहलें इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। इसका कुछ हद तक फायदा मिला है, लेकिन व्यापक रणनीति बनाने की जरूरत है। यदि प्रत्येक बोतल की आपूर्ति शृंखला को क्यूआर कोड और ट्रैक-ऐंड-ट्रेस प्रणाली से जोड़ा जाए, तो संभव है कि नकली या जहरीली शराब की पहचान आसानी से हो सकती है। यह समझना होगा कि जहरीली शराब के शिकार अमूमन मजदूर, रिक्शा चालक और निम्न आय वर्ग के लोग होते हैं, जो सस्ती शराब की तलाश में गलत उत्पाद खरीद लेते हैं। इसलिए केवल पुलिस कार्रवाई काफी नहीं, बल्कि जन-जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान और सुरक्षित विकल्पों की उपलब्धता भी जरूरी है।

इतिहास बताता है कि जब भी प्रशासन ने संगठित रूप से कार्रवाई की, सकारात्मक परिणाम मिले। 2011 में पश्चिम बंगाल के संग्रामपुर कांड में 170 से अधिक मौतों के बाद राज्य ने बड़े पैमाने पर अवैध भट्ठियों को नष्ट किया और निगरानी व्यवस्था मजबूत की। ऐसे उदाहरण बताते हैं कि राजनीतिक इच्छाशक्ति होने पर इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण संभव है। सच यही है कि इसके खिलाफ कठोर दंड, प्रभावी पुलिस व्यवस्था, तकनीकी निगरानी और जन-जागरूकता पर ध्यान देने की जरूरत है। तभी नागरिकों के जीवन की रक्षा हो सकेगी। राज्यों को नकली और जहरीली शराब के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनानी ही चाहिए।

दीपक कुमार, टिप्पणीकार

# आबकारी नीतियों की फिर से समीक्षा हो

जहरीली शराब से होने वाली हर दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद प्रशासन छापेमारी करता है, अधिकारियों को निलंबित किया जाता है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जाता है, फिर भी बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। आखिर क्यों? हद तो यह है कि जिन राज्यों में शराबबंदी है, वहां भी जहरीली शराब से लोग मरते रहते हैं। साफ है, कहीं-न-कहीं हमारी शराब नीति में खोट है। सागर की घटना एक बार फिर शासकीय नीतियों की नाकामियों को बेपरदा कर रही है।

तर्क यह भी गलत नहीं जान पड़ता कि प्रतिबंध कई बार अवैध कारोबार को बढ़ावा देते हैं। अर्थशास्त्र का सामान्य सिद्धांत भी कहता है कि जब वैध वस्तु महंगी या दुर्लभ हो जाती है, तब समानांतर अवैध आपूर्ति शृंखला विकसित हो जाती है। बिहार का ही उदाहरण लें। यहां पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बाद जहरीली शराब की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। वहां शराबबंदी का मूल उद्देश्य सामाजिक सुधार था, लेकिन कहा जाता है कि इससे तस्करी व नकली शराब के नेटवर्क को फायदा मिला और अब एक बार फिर गांव-गांव में छिपे तौर पर शराब की बिक्री होने लगी है। पिछले दिनों तो समस्तीपुर स्टेशन पर ही शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, अवैध शराब का कारोबार स्थानीय संरक्षण के बिना फल-फूल नहीं सकता। कई मामलों में जांच एजेंसियों ने पाया है कि पुलिस, आबकारी और स्थानीय तस्करों की मिलीभगत से अवैध भट्ठियां चलती हैं। यदि नियामक तंत्र ही सक्रिय न हो, तो कठोर कानून सिर्फ कागज पर ही प्रभावी रह जाते हैं। इसीलिए शराब नीति को संतुलित बनाने की जरूरत है। गरीब तबके के अनेक लोग नशे की लत के कारण सस्ती और बिना गुणवत्ता वाली शराब खरीदते हैं। यदि सरकार नशा मुक्ति केंद्रों, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और पुनर्वास पर पर्याप्त निवेश नहीं करेगी, तो मांग बनी रहेगी और अवैध बाजार भी जीवित रहेगा। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि शराब को बढ़ावा दिया जाए, बल्कि यह है कि केवल प्रतिबंध अपने आप समाधान नहीं है।

साफ है, इस समस्या का समाधान बहुआयामी होना चाहिए- तार्किक नीति, पारदर्शी नियमन और स्थानीय समुदाय की भागीदारी। जब तक मांग और आपूर्ति, दोनों पक्षों पर एक साथ काम नहीं होगा, तब तक हर त्रासदी के बाद शोक और कार्रवाई का चक्र ही चलता रहेगा। इस समस्या के मूल में नीति, निगरानी और सामाजिक परिस्थितियों की संयुक्त विफलता है। इसलिए समग्रता में ही इस बाबत नीति बनाई जानी चाहिए।

स्वीकृति कुमारी, टिप्पणीकार

# इलेक्ट्रिक बसों का बढ़ता कारवां

**पर्यावरण का जो हाल है, उसमें खासकर शहरों में ई-बसों का कोई विकल्प नहीं है। ई-बसें ही हमारा वर्तमान और भविष्य हैं। पहले ई-बसें बहुत कामयाब नहीं थीं, लेकिन जैसे-जैसे चार्जिंग व अन्य सुविधाएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ई-बसों के काफिले लंबे होते जा रहे हैं। ई-बसों की दुनिया में क्या चल रहा है? शहरों में कैसे बढ़ रहा है ई-परिवहन नेटवर्क? पेश है मानस पिंपालखरे की रिपोर्ट...**




ई-बसों का सफर अभी तो शुरू हुआ है। सरकार अपने स्तर पर कुछ कर रही है, लेकिन निजी क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ने लगा है। न जाने कितने परिवहन उद्यमियों की आंखों में ई-बस के सपने पल रहे हैं। साल 2024 की बात है, पुणे के एक युवा उद्यमी सौरभ पटवर्धन के मन में आया कि अब इलेक्ट्रिक बस चलाने की जरूरत है। उनके पिता प्रसन्ना पटवर्धन 40 साल से बस परिवहन कंपनी चला रहे हैं। सौरभ ने एक रविवार पिता के सामने इलेक्ट्रिक वाहन चलाने का प्रस्ताव रख दिया।

थोड़ा घबराए हुए, सौरभ ने अपने पिता से पूछा कि क्या 1988 में शुरू हुई उनकी कंपनी फिर इलेक्ट्रिक बसें चला सकती है? ध्यान रहे, इस कंपनी ने 2019 में मुंबई-पुणे रूट पर ई-बसों का संचालन शुरू किया था, पर नाकामी हाथ लगी थी। सौभाग्य से, पिता पटवर्धन ने नए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और आज उनकी कंपनी 62 इंटरसिटी ई-बसें चला रही है। अगले साल ई-बसों की संख्या बढ़ाकर 200 करने की योजना है।

## जरूरत के साथ बदलता माहौल

सौरभ पटवर्धन का इलेक्ट्रिक बसों पर दांव लगाना भारतीय सड़कों और राजमार्गों पर हो रहे व्यापक बदलाव का एक छोटा हिस्सा है। अब भारत बिक्री के लिहाज से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-बस बाजार बन चुका है। सरकारी वाहन पंजीकरण पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में 5,358 ई-बसें बेची गई हैं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं।

बिक्री के आंकड़ों में सरकारी इंट्रा-सिटी संचालन के साथ-साथ ग्रीनसेल मोबिलिटी समर्थित मुंबई स्थित नुएगो, नई दिल्ली स्थित लीफीबस, बेंगलुरु स्थित फ्रेश बस, जर्मन बस ऑपरेटर फ्लिक्सबस की भारतीय शाखा (जो उत्तर और दक्षिण भारत में संचालित होती है), गुरुग्राम स्थित जिंगबस और पुणे स्थित प्रसन्ना पर्पल मोबिलिटी सॉल्यूशंस जैसे ई-बस ऑपरेटरों का भी बड़ा योगदान है। ये सभी ऑपरेटर निजी इंटरसिटी रूट पर भी बस सेवा उपलब्ध कराने लगे हैं।

एक तरह से, साल 2026 एक निर्णायक मोड़ है, क्योंकि नीतिगत समर्थन धीरे-धीरे इंट्रा-सिटी ई-बसों के लिए सब्सिडी से हटकर इंटरसिटी ई-बसों के लिए वित्तीय लाभों की ओर बढ़ रहा है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नोडल प्राधिकरण, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने अप्रैल में कहा था कि वह ई-बस और ई-ट्रक संचालन को बढ़ावा देने के लिए सस्ते ऋण उपलब्ध कराने की एक नई योजना पर काम कर रहा है।

## पांच साल में बदल जाएगा परिदृश्य

ई-वाहन योजना के लिए 9,852 करोड़ रुपये का कोष निर्धारित किया गया था, जिससे पांच वर्षों में 50,000 ई-बसों और 50,000 ई-ट्रकों को सहायता प्रदान की जा सकेगी। चार्जिंग सुविधाओं के लिए भी वित्तीय सहायता पर विचार हुआ है।

सार्वजनिक नीति में यह बदलाव शहरी क्षेत्रों में चलने वाली ई-बसों के लिए सरकार के एक दशक से अधिक के समर्थन के बाद आया है। फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) योजना, जो 2015 से 2024 तक चली, ने राज्य सरकारों और शहरी निकायों को इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया। केंद्र की ओर से चल रही 11,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव योजना ने अपने कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत भारत के नौ सबसे बड़े शहरों की सड़कों पर 14,028 नई ई-बसें उतारने के लिए आवंटित किए हैं। भारत में लगभग 20 लाख बसों में से 2024 तक लगभग 3,40,000 इंटरसिटी बसें थीं। मतलब, भारत में ई-बसों का बाजार बहुत विशाल है।

## ई-बस की राह में रोड़े भी बहुत

भारत के इंटरसिटी ई-बस संचालक कई चुनौतियों से घिरे एक कमजोर परिवेश में काम कर रहे हैं। ई-बस की प्रारंभिक लागत बहुत ज्यादा है। डीजल बसों की तुलना में कम से कम दोगुनी कीमत पर ई-बसें बिकती हैं और यह सबसे बड़ी अड़चन है।

चार्जिंग सुविधाओं का भी अभाव है। सरकारी स्वामित्व वाली भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 4 सितंबर तक देश में मौजूद 67,657 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर्स में से केवल 534 (0.7%) की क्षमता 121-240 किलोवाट (kW) है, जबकि मात्र नौ (0.01%) की क्षमता 240 किलोवाट से अधिक है। भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत बीएचईएल, पीएम ई-ड्राइव के तहत चार्जिंग ढांचा प्रोत्साहन के लिए नोडल एजेंसी है।

240 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले सुपरचार्जर ई-बस संचालन के लिए बहुत जरूरी हैं। इन चार्जरों की सीमित उपलब्धता अभी तक आड़े आ रही थी, लेकिन अब स्थिति में तेजी से सुधार की संभावना दिखने लगी है। अन्य चुनौतियां भी बहुत हैं। बस ऑपरेटर, बस निर्माता, निवेशकर्ता और चार्जिंग सेवा प्रदाताओं को मिलकर काम करना होगा। जब ये सब मिलकर काम करेंगे, तब इंटरसिटी ई-बस सेवा सुधर जाएगी। अगर बस ऑपरेटर किसी चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटर के साथ समझौता कर लें, तो उन्हें लगभग 14-15 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिल सकती है, जबकि बिजली की खुदरा कीमत 24-25 प्रति यूनिट है।

## महंगी, लेकिन जरूरी ई-बस

डीजल बसें अभी भी सड़कों पर वर्चस्व बनाए हुए हैं, चाहे वह शहर के भीतर की यात्रा हो या अंतर-शहरी यात्रा। भारत की 20 लाख बसों में से अधिकांश डीजल से चल रही हैं।

एक डीजल बस की कीमत लगभग 65-70 लाख रुपये है, जबकि एक अच्छी इलेक्ट्रिक बस की कीमत 1.6-1.8 करोड़ रुपये है। यहां वित्त या ऋण की व्यवस्था जरूरी है। एक ऑपरेटर 3 लाख रुपये के योगदान से डीजल बस प्राप्त कर सकता है, जबकि इलेक्ट्रिक बस के लिए जरूरी योगदान कम से कम 15 लाख रुपये चाहिए। सौरभ पटवर्धन बताते हैं, '100 डीजल बसें खरीदने के लिए कम से कम 3 करोड़ रुपये का शुरुआती खर्च आता है, जबकि 100 इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआती लागत कम से कम 15 करोड़ रुपये हो जाती है।'

डीजल बसों में किसी भी डीजल पंप से ईंधन भराया जा सकता है, जबकि इलेक्ट्रिक बस संचालकों को चार्जिंग योजना बनानी पड़ती है।

इसके बावजूद ई-बसों को लोकप्रियता मिलने लगी है, क्योंकि इनकी ऊंची लागत के बावजूद, परिचालन लागत इतनी आकर्षक है कि इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। डीजल बस की तुलना में ई-बस से प्रति किलोमीटर लगभग 5 रुपये की बचत होती है। 600 किलोमीटर की दैनिक यात्रा पर, यह बचत 3,000 या लगभग 1 लाख प्रति माह तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि ऑपरेटर ई-बस खरीदने के लिए लगभग तीन गुना अधिक कीमत चुकाने को तैयार हो जाते हैं।

आज इंटरसिटी ई-बसों की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण यह है कि माहौल बदल गया है, सुविधाएं बढ़ गई हैं। फ्रेश बस के संस्थापक और सीईओ सुधाकर चिर्रा ने *मिंट* को बताया कि कंपनी के लाभ के लिए प्रत्येक ई-बस को प्रतिदिन 660 किलोमीटर चलाना जरूरी है, पर चार्जिंग में बहुत समय लगता है। चिर्रा के मुताबिक, 60 किलोवाट का चार्जर 420 किलोवाट की बैटरी को सात घंटे में चार्ज कर सकता है, पर इतने लंबे समय तक बसों को एक जगह खड़ा रखना संभव नहीं है। यहां हमें दुनिया के उन विकसित शहरों, देशों से सीखना चाहिए, जहां ई-बस सेवाएं शिखर पर पहुंच गई हैं।

mint

### बाधाओं से लड़ते हुए बढ़ रही इलेक्ट्रिक बसें

लॉकडाउन के समय इलेक्ट्रिक बसों की बिक्री तेजी से बढ़ी थी, लेकिन उसके बाद उसमें कमी आई। साल 2025 से फिर बिक्री बढ़ने लगी है।




वित्त वर्ष आधारित। वित्त वर्ष 2027 के आंकड़े 6 सितंबर तक। स्रोत : वाहन पेट्रोल, मिंट रिसर्च

### बैटरी लागत सबसे ज्यादा

भारत बैटरी आयात पर निर्भर है। यहां आयात के आंकड़े अरब डॉलर में दिए गए हैं




ई-बस में 30 से 40 प्रतिशत तक खर्च केवल बैटरी में ही आ जाता है। स्रोत : ट्रेडस्टेट पेट्रोल एवं वाणिज्य मंत्रालय

### दुनिया में अभी चल रहीं कहां-कितनी इलेक्ट्रिक बसें?




60% बसों को इलेक्ट्रिक करने की ओर बढ़ती दुनिया

| | |
|---|---|
| यूरो संघ | 24,530 |
| भारत | 12,100 |
| दक्षिण कोरिया | 12,000 |
| अमेरिका | 10,570 |
| अन्य देश | 25,800 |

स्रोत : वर्ल्ड सोर्सेज इंस्टीट्यूट

### इलेक्ट्रिक बस के साथ बढ़ते शहर और देश

**चीन का शेन्जेन**

विश्व की 90% से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चीन में हैं – करीब 6,95,000 बसें। 2014 से 2018 के बीच चीन में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई। 2017 में शेन्जेन अपने पूरे बस बेड़े (16,000 बसें) को इलेक्ट्रिक करने वाला विश्व का पहला शहर बन गया। 2023 तक सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बस बिक्री वाले शीर्ष 10 वैश्विक शहर चीन में थे, जिनमें शेन्जेन, शंघाई, चेंगदू और बीजिंग भी शामिल हैं।

**चिली में सैंटियागो**

चीन के बाहर अगर देखें, तो चिली का सैंटियागो शहर सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बस बिक्री वाला शहर है। राजधानी की सक्रिय सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में लगभग 62% से 68% इलेक्ट्रिक बसें हो चुकी हैं। 70 लाख आबादी वाले इस पूरे शहर में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 4,088 तक पहुंच गई है। यहां 2035 तक शून्य-उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल हो जाएगा।

**नीदरलैंड का आइंडहोवन**

नीदरलैंड का एक प्रमुख शहर आइंडहोवन इलेक्ट्रिक बसों के मामले में यूरोपीय शहरों में सबसे आगे है। यह शहर अपनी पूरी सार्वजनिक बस सेवा को 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बेड़े में बदलने में कामयाब हुआ है। नीदरलैंड स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन में यूरोप का अग्रणी देश है। इस देश का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत उत्सर्जन-मुक्त सार्वजनिक बस बेड़ा बनाना है। यहां 2,100 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें हैं।

**भारत में दिल्ली**

निम्न-आय वाले देशों में देखें, तो इलेक्ट्रिक बस के मामले में भारत सबसे आगे है। यहां 12,100 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें लोगों की सेवा में लगी हैं। दिल्ली में सर्वाधिक इलेक्ट्रिक बसें हैं। भारत में इलेक्ट्रिक बसों का विस्तार उन शहरों में विशेष रूप से किया जा रहा है, जहां संगठित बस परिवहन सुविधा नहीं है। 2027 तक सड़कों पर कुल 50,000 इलेक्ट्रिक बसें उतारने का लक्ष्य है।

## भारत में कुछ प्रमुख शहरों, राजधानियों में इंटरसिटी बस सेवा और इलेक्ट्रिक बसों की स्थिति

### उत्तर प्रदेश : और ज्यादा ई-बसों के इंतजार में लखनऊ

लखनऊ में 40 सरकारी ई-बसें और करीब 75 निजी ई-बसें सेवाएं दे रही हैं। अभी बड़ी संख्या में ई-बसों का इंतजार है। वैसे, ई-बसों के मामले में लखनऊ काफी पीछे है। फिलहाल नोएडा, ग्रेटर नोएडा में 100 से ज्यादा ई-बसें चल रही हैं। राज्य में निजी क्षेत्र को ई-बस खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश हुई थी, लेकिन अब सरकार स्वयं पहल कर रही है। ई-बसें कम हैं, तो चार्जिंग सुविधाओं का भी अभाव है। अच्छी बात है कि करीब 1,225 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को स्वीकृति मिल गई है। इसी साल से ई-बसें मिलना शुरू हो जाएंगी। इंटरसिटी स्तर पर प्रदेश में 6,000 से ज्यादा बसें चाहिए। - ब्यूरो

### नई दिल्ली : लगातार बढ़ रहे ई-वाहनों के काफिले

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा ई-बसें चल रही हैं। इसी महीने 3 सितंबर को डीटीसी बेड़े में 50 नई 12-मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया गया है। इन बसों के शामिल होने के बाद दिल्ली के कुल बस बेड़े में 6,840 बसें हो गई हैं, जिनमें 5,088 इलेक्ट्रिक बसें और 1,752 सीएनजी बसें हैं। प्रदूषण की मार झेलती दिल्ली के पास अब देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2028-29 तक दिल्ली के बस बेड़े को करीब 14,000 बसों तक बढ़ाने का है। दिल्ली में जन-परिवहन को इलेक्ट्रिक आधारित बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे हैं और निजी क्षेत्र को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। -ब्यूरो

### बिहार : पटना में भी अब दौड़ने लगी हैं 50 इलेक्ट्रिक बसें

पटना शहर में पिछले एक साल से इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन किया जा रहा है। पटना से तीन शहरों के लिए ही इलेक्ट्रिक बसें चलती हैं। इनमें राजगीर और मुजफ्फरपुर के लिए चार-चार और बिहारशरीफ के लिए तीन इलेक्ट्रिक बसें हैं। इसके अलावा पटना शहर में करीब 50 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। इस साल के अंत तक राज्यभर में कुल 200 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी है। राजधानी से राज्य के सभी प्रमुख शहरों के लिए ई-बस परिचालन शुरू करने की योजना है। अभी पटना से कुल 650 सामान्य सरकारी बसें चलती हैं, जिनमें 170 पीपीपी मोड की हैं। इसके अलावा 560 निजी बसें हर दिन आती-जाती हैं। -ब्यूरो

### झारखंड : ई-वाहनों के मोर्चे पर अभी बहुत पीछे रांची

राजधानी रांची में अभी एक भी ई-बस नहीं चल रही है। आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की दिशा में यह शहर काफी पीछे चल रहा है। सार्वजनिक परिवहन के नाम पर फिलहाल नगर निगम की सिर्फ 24 सिटी बसें चल रही हैं। हालत यह है कि पूरे शहर और प्रस्तावित रिंग रोड क्षेत्र की परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए करीब 224 सिटी बसों की आवश्यकता बताई गई है। सार्वजनिक परिवहन के विकल्प सीमित हैं। यहां लोग ऑटो, ई-रिक्शा या निजी वाहनों पर निर्भर हैं। राज्य में इंटरसिटी बस सेवा निजी ऑपरेटरों के भरोसे चल रही है। अलग राज्य बनने के बाद अब तक राज्य परिवहन निगम का गठन नहीं हुआ है। -ब्यूरो

### उत्तराखंड : देहरादून में अभी दौड़ रही 30 ई-बसें

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 30 इलेक्ट्रिक बसें शहर के विभिन्न रूटों पर संचालित की जा रही हैं। अब शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी है। प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत करीब 100 नई बसें मिलने की उम्मीद है। इन बसों के दीपावली तक देहरादून पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। नई बसें मिलने के बाद इन्हें देहरादून सिटी के विभिन्न रूटों पर संचालित किया जाएगा। देहरादून में पर्यावरण और बढ़ती गर्मी को लेकर चिंता बढ़ रही है, तो यहां इलेक्ट्रिक बसों की भारी मांग है। बहरहाल, देहरादून में इंटरसिटी बस सेवा के नाम पर करीब 150 डीजल चालित निजी सिटी बसें संचालित हो रही हैं। -ब्यूरो

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा हो सकती है। यात्रा से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष :** किसी मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, परंतु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। परिवार में शांति बनाए रखने के प्रयास करें। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। सेहत के प्रति सचेत रहें।

**कन्या :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में सुधार होगा। परिवार की महिला से धन मिल सकता है।

**तुला :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** मन परेशान हो सकता है। धर्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई एवं लेखन आदि कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी, परंतु भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। संपत्ति में वृद्धि होगी।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्च बढ़ेंगे।

**मीन :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

09 सितंबर, बुधवार, **शक संवत्** : 18, भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 24, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम** : 26, रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी तिथि दोपहर 12.31 मिनट तक पश्चात चतुर्दशी तिथि, आश्लेषा नक्षत्र अपराह्न 03.15 मिनट तक पश्चात मघा नक्षत्र, शिव योग रात्रि 09.53 मिनट तक पश्चात सिद्ध योग, चन्द्रमा कर्क राशि में अपराह्न 03.15 मिनट तक उपरांत सिंह राशि।

**सूर्य दक्षिणायन।** दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। मास शिवरात्रि व्रत। अघोरा चतुर्दशी।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**घर बनाने के दौरान अत्यधिक समस्याएं आने के क्या कारण हो सकते हैं–**

- प्लॉट उत्तर पूर्व मुखी होना ठीक है, ऐसे में घर के नक्शे में गड़बड़ी की संभावना हो सकती है। जैसे लिफ्ट लगाई है, तो प्लॉट के ब्रह्मस्थान पर तो नहीं आ रही है, यह देखें। टॉयलेट भी बिल्डिंग के ब्रह्मस्थान पर ना हो। रसोई भले ही अग्नि कोण में बनायी हो, लेकिन अगर आगे बढ़ी है और उसके कारण पूर्व दिशा एवं ईशान कोण कट रहे हैं, तो इन सब के कारण निर्माण कार्य बार-बार बाधित हो सकता है।
- ब्रह्मस्थान का खास ध्यान रखें। ऐसे में बढ़े हुए कोण के लिए स्पेस सर्जरी का सहारा ले सकते हैं। फिर निर्माण कार्य सुचारू रूप से चलने लगेगा।

### वर्ग पहेली : 8446




**बाएं से दाएं**
1. झगड़ा करना; तर्क-वितर्क करना; बहस करना; लड़ना (2,3,3)
6. ताकत देने वाला; शक्तिदायक (5)
8. अपने पर रखा गया नियंत्रण; धैर्य; बुरी बातों से बचाव; इंद्रिय निग्रह (3)
10. बड़ा दरिया; बड़ी नदी (2)
11. चुनने का कार्य; निर्वाचन (3)
12. कन; टुकड़ा; दाना; सूजी (2)
15. नामवाला; नाम से प्रसिद्ध (3)
16. बल खाता हुआ; लहराता हुआ; जोशीला (5)
18. अपने विरोधी की अपेक्षा शक्ति का संतुलन अधिक रहना; पक्ष सबल होना (3,2,3)

**ऊपर से नीचे**
2. पैना; दृढ़; मजबूत; बढ़िया; टिकाऊ (4)
3. सहानुभूति का भाव; करुणा; रहम (2)
4. तक्र; विष; तत्वों के योग से बना पदार्थ; रस; रस द्रव्य (4)
5. दूसरे का धन हजम करना; घपला करना; हिसाब-किताब में गड़बड़ करना (3,3)
7. कल्पना करने वाला; रचनाशील (5)
9. मदद देना; सहारा देना (3,3)
13. वामपंथियों का समूह; साम्यवादी विचार धारा के अनुयायियों का दल (4)
14. चौखट; देहली; किसी सिद्ध पुरुष का समाधिस्थल; मकबरा; मजार (4)
17. गोष्ठी; बैठक; दरबार; संस्था; समिति (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8445

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | ■ | 2 प | न | 3 प | ना | ■ | 4 मा | ■ |
| 5 ल | प | ट | ■ | ल | ■ | 6 ता | न | ना |
| दा | ■ | 7 क | प | ट | ता | ■ | सि | ■ |
| 8 र | 9 स | ना | ■ | क | ■ | 10 सं | क | ट |
| ■ | ज्जि | ■ | 11 मा | र | क | ■ | रो | ■ |
| 12 प | त | न | ■ | न | ■ | 13 आ | ग | 14 त |
| ■ | क | ■ | 15 खे | दे | ड़ | ना | ■ | ड़ |
| 16 ड | र | ना | ■ | ख | ■ | 17 जा | त | क |
| ■ | ना | ■ | 18 ता | ना | बा | ना | ■ | ना |

© विविधा विधा, दिल्ली

### सुडोकू : 8400

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | 9 | | 1 | 4 |
| | | | 8 | 2 | | | | |
| 3 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | | 5 | | | 9 | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | 3 | | | 6 | | | |
| 1 | | | | | | 7 | | 9 |
| | | | | 1 | 7 | | | |
| 5 | 8 | | 4 | | | 1 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8399

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |

## चिंतन

# भारत में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों की बढ़ती जटिलता

भारत की आंतरिक सुरक्षा का चरित्र तेजी से बदल रहा है। कभी आतंकवाद का अर्थ था सीमा पार से घुसपैठ करते हथियारबंद लोग, कभी अलगाववादी संगठनों को मिलने वाली विदेशी फंडिंग और कभी पड़ोसी देशों की धरती से संचालित आतंकी शिविर। अब खतरा इससे कहीं अधिक जटिल हो चुका है। विदेशी नागरिक, स्थानीय उग्रवादी संगठन, आधुनिक तकनीक, ड्रोन, साइबर नेटवर्क और सीमापार अस्थिरता का गठजोड़ भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए नए दौर के हाइब्रिड वॉरफेयर की ओर इशारा करता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ताजा कार्रवाई इसी बदलते सुरक्षा परिदृश्य को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। एनआईए ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक व छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी के मुताबिक ये लोग म्यांमार के रास्ते मिजोरम सीमा से भारत में दाखिल हुए थे और बाद में देश के विभिन्न हिस्सों में पकड़े गए। जांच एजेंसी ने इनके संबंध जातीय सशस्त्र समूहों से होने तथा भारत और म्यांमार में सक्रिय समूहों को सहायता एवं ड्रोन प्रशिक्षण देने की आशंका जताई है। दरअसल, इस पूरे मामले का महत्व सात विदेशी नागरिकों से कहीं बड़ा है। भारत के सामने आज सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक यह है कि बाहरी शक्तियां देश के भीतर मौजूद किसी असंतोष, जातीय तनाव या क्षेत्रीय संघर्ष को अपने हितों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकती हैं। इसे ही हाइब्रिड वॉरफेयर के संदर्भ में देखा जाता है। इसमें दुश्मन धन भेज सकता है, तकनीक उपलब्ध करा सकता है, प्रशिक्षण दे सकता है, सोशल मीडिया पर नैरेटिव खड़ा कर सकता है और स्थानीय संघर्ष को ऐसी क्षमता दे सकता है, जिससे वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाए। भारत के लिए पूर्वोत्तर इस लिहाज से विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। म्यांमार की राजनीतिक अस्थिरता का सीधा प्रभाव भारत की सुरक्षा पर पड़ता है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र में दशकों से सक्रिय विभिन्न जातीय और उग्रवादी समूहों का इतिहास रहा है। यही वह परिस्थितियां हैं, जिनका लाभ कोई बाहरी शक्ति उठाने की कोशिश कर सकती है। अब इसमें ड्रोन तकनीक भी जुड़ गई है। आज ड्रोन का इस्तेमाल हथियार और नशीले पदार्थ पहुंचाने, निगरानी करने और सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है। यदि किसी स्थानीय सशस्त्र संगठन को बाहरी विशेषज्ञ प्रशिक्षण या तकनीकी सहायता मिलने लगे तो उसका सुरक्षा प्रभाव कई गुना बढ़ सकता है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन पहले ही भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने चुनौती बन चुके हैं। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में हथियार और ड्रग्स पहुंचाने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल ने यह साबित किया है कि सीमा पार आतंकवाद का मॉडल भी तकनीकी रूप से बदल रहा है। ऐसे में पूर्वोत्तर में किसी विदेशी नेटवर्क द्वारा ड्रोन प्रशिक्षण दिए जाने की आशंका को भी उसी व्यापक तकनीकी बदलाव के संदर्भ में देखना होगा। चीन का संदर्भ भी यहां महत्वपूर्ण है। भारत और चीन के बीच प्रत्यक्ष सैन्य तनाव के अलावा रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र लगातार व्यापक हुआ है। यही कारण है कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को अब केवल गृह मंत्रालय या पुलिस का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। यह विदेश नीति, सीमा प्रबंधन, खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा, वित्तीय निगरानी और रक्षा नीति से सीधे जुड़ा विषय है। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है इंटेलिजेंस का एक ऐसा एकीकृत तंत्र जो सीमा के उस पार से लेकर भारत के भीतर सक्रिय अंतिम नेटवर्क तक पूरी कड़ी को जोड़ सके।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है।

मध्य-प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण ने कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस शराब का निर्माण बड़े पैमाने पर सीधे-सीधे आसवनी भट्टियों में हो रहा है। यह शराब ड्रमों में लाकर रसायानों से बनाई जा रही है। सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम ततरबारा में अवैध शराब निर्माण की जो फैक्ट्री बताई जा रही है, उसमें बकायदा अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार करके बोतलों में पैकिंग की जाती थी। यानी शराब निर्माण के सभी उपकरण इस फैक्ट्री में मौजूद थे। इस निर्माण से जुड़े नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। आमतौर से देशी तरीके से बनाई जा रही शराब भी जहरीली शराब में तब बदल जाती है, जब उसमें घटिया सामग्री का असंतुलित घालमेल बैठा दिया जाता है। ऐसा ज्यादा कमाई के चक्कर में किया जाता है, जो दीनहीनों की मौत का कारण बन जाती है।

एक समय जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है। इस जहरीली शराब कांड में जिन 30 शराब विक्रेताओं को आरोपी बनाया गया है, उनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़े दो सरपंच और एक शराब ठेकेदार शामिल हैं। कुछ आरोपितों को सीधे-सीधे एक पूर्व मंत्री से जुड़ा बताया जा रहा है। साफ है, प्रदेशभर में शराब निर्माण और विक्रय की ठेकेदारी ऐसे लोगों के हाथ में है, जो बाहुबली होने के साथ ऊंची पहुंच रखने वाले है। इसलिए जो भी कार्यवाही होगी वह तत्काल तो मीडिया में असरकारी दिखेगी, लेकिन फिर दर्ज एफआईआर शून्य में बदलती चली जाएंगी। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तीन साल पहले शराबबंदी की मुहिम चलाई थी, लेकिन तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुटिल चतुराई के चलते वह नक्कारखाने की तूती साबित हुई।

शराब की दुकानें और शराब बिक्री के लिए जो नई आबकारी नीति सामने आई थी, उसमें उमा भारती की मुहिम और धमकी का कोई असर दिखाई नहीं दिया था। इस अबकारी नीति के सामने आने के समय से ही अनेक अनुत्तरित सवाल आज भी खड़े हुए हैं।

नीति में स्पष्ट नहीं है कि जो शुष्क दिन है, मसलन गांधी जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली और चुनाव प्रक्रिया के दौरान घरों में शराब का बार खोलने की जो छूट चली आ रही है, वह यथावत जारी रहेगी या नहीं ? होम-बार की आड़ में उज्जैन, ओरछा, ओमकारेश्वर जैसे पवित्र नगरों में भी शराबखोरी चलती रहेगी। हालांकि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी नई दुकान खोलने का निर्णय इस नीति में नहीं लिया है, परंतु पिछले दरवाजे से



शराब बेचने की पगडंडियां खुली छोड़ दी गई हैं। देशी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देशी शराब बेची जाती रहेगी। फैसले से स्पष्ट होता है कि सरकार ने तकनीकी रूप से कानूनी झोल की सुविधा बरकरार रखकर यथास्थिति बनाए रखी है। नई आबकारी नीति से सबसे ज्यादा फजीहत उमा भारती की हुई थी। ओरछा की जिस शराब की दुकान पर भारती ने गोबर फेंककर आक्रोश प्रकट किया था, वहां से भी दुकान बदली नहीं गई। अंत में भारती ने राजनीतिक चतुराई बरतते हुए रामराजा मंदिर मार्ग पर खुली दुकान का सारा दोष प्रशासन पर मढ़कर अपनी मुहिम को विराम दे दिया था। यह दुकान पहले नगर में अंदर की तरफ डेढ़ किमी दूर थी, किंतु तब कमाई कम होती थी, ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए जिला आबकारी विभाग ने यह दुकान मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुलवा दी। इस दुकान के खोले जाने का विरोध ओरछा के नागरिकों, विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन बात नहीं बनी। पूरी प्रदेश सरकार इस दुकान के आगे नतमस्तक हो गई थी। इस पराजय के बाद से उमा भारती ने शराबबंदी की मुहिम से पूरी तरह तौबा कर आंखें मूंद लीं। शराबबंदी को लेकर अकसर यह प्रश्न खड़ा किया जाता है कि इससे होने वाले राजस्व की भरपाई कैसे होगी और शराब तस्करी को कैसे रोकेंगे? ये चुनौतियां अपनी जगह वाजिब हो सकती हैं, लेकिन शराब के दुष्प्रभावों पर जो अध्ययन किए गए हैं, उनसे पता चलता है कि उससे कहीं ज्यादा खर्च, इससे उपजने वाली बीमारियों और नशा-मुक्ति अभियानों पर हो जाता है। इसके अलावा पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं भी नए-नए रूपों में सुरसामुख बनी रहती हैं। घरेलू हिंसा से लेकर कई अपराधों और जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं की वजह भी शराब बनती है। यही कारण है कि शराब के विरुद्ध खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाएं मुखर आंदोलन चलातीं, समाचार माध्यमों में दिखाई देती हैं। इसीलिए माहात्मा गांधी ने शराब के सेवन को एक बड़ी सामाजिक बुराई माना था। उन्होंने स्वतंत्र भारत में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की पैरवी की थी। 'यंग इंडिया' में गांधी ने लिखा था, 'अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआबजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा।' बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं।

ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चौपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए बाइपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया। मध्य-प्रदेश में भी यही किया गया। साफ है, शराब की नीतियां शराब कारोबारियों के हित दृष्टिगत रखते हुए बनाई जा रही हैं। यह हित इसलिए साधे जा रहे हैं, क्योंकि ठेकेदारों के साथ राजनेता और अधिकारी भी इस गठबंधन के हिस्सेदार हो गए हैं। यदि ये शामिल नहीं है तो साफ है, शराब माफिया सरकार पर भारी हैं। अतएव जहरीली शराब का यह गोरखधंधा भविष्य में भी रुकने वाला नहीं है। उमा भारती शराबबंदी के लिए सड़क पर उतरेंगी, नामुमकिन है ?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## मंथन

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



# विवेक और संवेदना का संसार हैं पुस्तकें

मानव सभ्यता की विकास यात्रा में श्रुति परम्परा के बाद ज्ञान, विचार और मानवीय संवेदनाओं के हस्तांतरण का सबसे सशक्त और प्रामाणिक माध्यम सदैव से छपे हुए शब्द ही रहे हैं। एक समय था जब छपे हुए शब्द मात्र सूचना संप्रेषित करने का कोई साधारण साधन नहीं हुआ करते थे, अपितु वे जीवन-दर्शन, लोक-संस्कृति और वैचारिक गहराई के संवाहक माने जाते थे। जब भी कोई पाठक किसी मुद्रित पुस्तक को अपने हाथों में लेता था तो वह केवल कागज के निर्जीव पन्ने नहीं पलटता था, बल्कि वह रचनाकार के मस्तिष्क और उसकी आत्मा के साथ एक अत्यंत गहन, मौन और आत्मीय संवाद स्थापित करता था। छपे हुए शब्दों की वह दुनिया अद्भुत थी। तब किसी वैचारिक गद्य को पढ़ने अथवा शास्त्रीय साहित्य के किसी गूढ़ दार्शनिक अर्थ को समझने के लिए जिस एकाग्रता और तन्मयता की आवश्यकता होती थी, वह मनुष्य के भीतर एक असाधारण धैर्य का निर्माण करती थी। काव्य-रसिक जब किसी विशुद्ध कविता, दोहे या मुक्तक के साये को पढ़ते थे तो वे मात्र शब्दों को बांचते नहीं थे, बल्कि शब्दों की लय, मात्राओं के कठोर अनुशासन और उनके नेपथ्य में छिपे गहरे भावों को अपने हृदय में उतारते थे। एक-एक छंद पर रुकना, उसके अर्थ-विस्तार पर विचार करना और उसकी गहराई में उतर जाना ही पठन का वास्तविक आनंद हुआ करता था। हमारी समृद्ध लोक-परंपराओं, ग्रामीण अंचलों से निकले लोक-साहित्य और पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक गीतों में जो अमूल्य दर्शन पिरोया गया है, वह इसी गंभीर स्वाध्याय और धैर्य की मांग करता है।

उस स्वर्णिम दौर में पठन-पाठन केवल कुछ नई बातें जान लेने की सतही प्रक्रिया न होकर एक प्रकार का आध्यात्मिक और मानसिक अनुष्ठान था। किंतु समय के चक्र ने एक अत्यंत तीव्र और अकल्पनीय करवट ली। आज हम तकनीकी चकाचौंध के उस चरम बिंदु पर खड़े हैं, जहां आभासी पटल और मायावी विद्युतीय तंत्र ने हमारे जीवन के हर पहलू को अपने मोहपाश में बांध लिया है। वर्तमान परिदृश्य में, त्वरित संचार माध्यमों और यंत्रों के चमचमाते फलकों ने हमारे पढ़ने, समझने और विचार करने की आदतों को जड़ से बदल कर रख दिया है। आज हम सूचनाओं के एक अथाह महासागर में गोते तो लगा रहे हैं, लेकिन उस महासागर की गहराई में उतरकर ज्ञान के सच्चे मोती निकालने का समय और धैर्य अब हमारे पास शेष नहीं है। त्वरित संतुष्टि और तत्काल सूचना प्राप्ति की इस अंधी दौड़ ने स्वाध्याय की मूल प्रकृति को बुरी तरह खंडित कर दिया है। आज पठन की जगह केवल सरसरी निगाह से देखने और उंगलियों को निरंतर आभासी फलक पर खिसकाते रहने की एक नई और खतरनाक प्रवृत्ति ने ले ली है। आज के अधीर पाठक को यदि प्रथम कुछ पंक्तियों में ही कोई चौकाने वाला तत्व या कोई त्वरित निष्कर्ष प्राप्त नहीं होता तो वह बिना क्षण भर विचार किए तुरंत दूसरे विकल्प की ओर भाग खड़ा होता है। यह अधीरता केवल पठन-पाठन तक ही सीमित नहीं रह गई है, वरन यह हमारे चिंतन, मनन और विवेकपूर्ण विचार करने की मौलिक क्षमता को भी कुंद कर रही है। हम ज्ञान और बोध से कोसों दूर जा रहे हैं और केवल निर्जीव आंकड़ों के निष्क्रिय उपभोक्ता मात्र बनकर रह गए हैं।

साहित्यिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक प्रतीत होती है। जब हम किसी लोक-कथा, पीढ़ियों से गाए जा रहे किसी पारंपरिक गीत या किसी मर्मस्पर्शी आलेख को अत्यंत शीघ्रता से पार कर जाते हैं तो हम अनजाने में ही उसकी मूल आत्मा को मार देते हैं। छपे हुए शब्दों की अपनी एक स्वतंत्र ध्वनि होती है, वाक्यों का अपना एक अंतर्निहित संगीत होता है। जब कोई रचनाकार किसी दोहे, मुक्तक या वैचारिक गद्य का सृजन करता है तो वह शब्दों के भार, उनके अर्थ और उनके भाषाई संतुलन को बड़ी तपस्या के साथ साधता है। गंभीर पठन के अभाव में, आज की नई पीढ़ी उस शिल्प, उस लालित्य और उस भाषाई सौंदर्य को महसूस करने से सर्वथा वंचित होती जा रही है।पुस्तक के पन्नों की वास्तविक खुरदरी छुअन और ताजी स्याही की सौंधी महक यंत्रों की कृत्रिम रोशनी में बहुत पीछे छूट गई है। शैक्षणिक संस्थानों, समाज के प्रबुद्ध विचारकों और परिवार के बुजुर्गों का यह सामूहिक दायित्व बनता है कि वे नई पीढ़ी के भीतर पुनः पुस्तकालयों के शांत वातावरण में बैठकर, एकाग्रचित्त होकर घंटों पढ़ने की उस महान संस्कृति को पुनर्जीवित करें। समय की मांग है कि हम ज्ञान को सहेजने के नए माध्यमों का स्वागत अवश्य करें, किंतु ज्ञान को आत्मसात करने की उस प्राचीन और सिद्ध परंपरा को कदापि न विस्मृत करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अहिंसा के प्रयोग



संकलित
**दर्शन**

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

# अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
**प्रेरणा**

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा- मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज- मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा- तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा- महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले- निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पृथ्वी के सतत अवलोकन के लिए एक नया कदम

पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अब शासन व्यवस्था, आपदा राहत, कृषि क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय सुरक्षा में आवश्यक उपकरण बन गए हैं। ये उपग्रह पृथ्वी की सतह, वायुमंडल और महासागरों के बारे में दूरस्थ संवेदन डेटा प्रदान करते हैं और सरकारों को उन परिवर्तनों पर नजर रखने में मदद करते हैं जिन्हें जमीनी प्रणालियों द्वारा आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता है। भारत में पृथ्वी अवलोकन मिशन वर्षों से अच्छी तरह स्थापित है और ईओएस-05 का प्रक्षेपण इसकी क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी भू-तुल्यकालिक कक्षा से इमेजिंग करने की क्षमता भारतीय क्षेत्र का बार-बार अवलोकन करने में सक्षम बनाती है। - *ब्रिजेश चौहान, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में अल नीनो से पेयजल संकट, लाखों लोग प्रभावित



श्रीलंका में उभरती अल नीनो स्थिति, बढ़ते तापमान और कम बारिश के कारण देश के कुछ हिस्सों में शुष्क मौसम की स्थिति गंभीर होने से 1.15 लाख से अधिक लोग पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के महानिदेशक अजित विजेमन्ना ने कहा कि अल नीनो की स्थिति विकसित हो रही है और हो सकता है कि यह मौजूदा मौसम संबंधी परिस्थितियों को प्रभावित कर रही हो। अल नीनो मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के पानी के समय-समय पर गर्म होने की स्थिति है, जो क्षेत्र में तापमान को प्रभावित कर सकती है। श्रीलंका में जारी शुष्क मौसम के बीच इसके विकास और संभावित प्रभाव पर करीबी नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि हिंद महासागर से घिरे श्रीलंका में इसका प्रभाव अधिक गंभीर हो सकता है।आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) के अनुसार, देश के 25 प्रशासनिक जिलों में से सात में अल नीनो से जुड़ी मौसम संबंधी स्थिति के कारण 1,15,586 लोग प्रभावित हुए हैं। डीएमसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भीषण गर्मी और बारिश की कमी से कई इलाके प्रभावित हुए हैं, जिससे पानी की उपलब्धता को लेकर गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

## ट्रेंड

### हजारिका की जन्म शताब्दी



डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर मैं उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनकी आवाज ने असम के साथ पूर्वोत्तर के गौरव को पूरे देश के लोगों के दिलों तक पहुंचाया। संगीत के माध्यम से उन्होंने लोगों की भावनाओं को बहुत ही खूबसूरती से व्यक्त किया। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सत्य निकेतन की घटना दुःखद



सत्य निकेतन की दुखद घटना के बाद एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों पर कार्रवाई



दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई तो दूर की बात है, अक्सर आरोपी उन्हीं की पार्टी के होते हैं और पूरा तंत्र दोषियों को बचाने में लग जाता है। एक आम नागरिक अब उनकी पार्टी और सरकार के सामने खुद को बेबस महसूस कर रहा है। -अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### हॉस्टल की क्षमता



हर साल, लाखों छात्र किसी दूसरे शहर में अपने सपने को पूरा करने के लिए अपना घर छोड़ते हैं। लेकिन क्या हम उन्हें रहने के लिए सुरक्षित जगह दे रहे है? दिल्ली में लगभग 7 लाख छात्र पढ़ते हैं, जबकि हॉस्टल की क्षमता मुश्किल से 30,000 है। - सोनू सूद, फिल्म अभिनेता

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## संपादकीय

# डॉक्टरांवर हात उगारला, तर...

**एका** अपराधाला योग्य शिक्षा झाली नाही की, दुसऱ्याची शक्यता बळावते. नसानसांत मुजोरी भरलेले लोक वारंवार कायदा हातात घेतात. या गुन्हेगारी मानसिकतेचे अगदीच वैशिष्ट्यपूर्ण उदाहरण म्हणजे ठाणे-पालघरमध्ये डॉक्टरांवर झालेले हल्ले. दोन महिन्यांपूर्वी डोंबिवलीच्या शास्त्रीनगर रुग्णालयातील तरुण पुरुष व महिला डॉक्टर, तसेच परिचारिकांना शिंदेसेनेचे नगरसेवक रमेश म्हात्रे यांनी मारहाण केली. त्या प्रकरणात पोलिसांनी तसेच कनिष्ठ न्यायालयाने कचखाऊ भूमिका घेतली. परिणामी, उच्च न्यायालयाला हस्तक्षेप करून म्हात्रेंचा जामीन रद्द करावा लागला. नंतर प्रकरण सर्वोच्च न्यायालयात गेले. सोमवारी त्यावर सुनावणी होती आणि आदल्या दिवशी पालघरमध्ये अशाच प्रकारे खासगी रुग्णालयातील डॉक्टरला मारहाण झाली. ते आरोपीही शिंदेसेनेचे जिल्हाप्रमुख, शहरप्रमुख, युवासेनाप्रमुख असेच निघाले. यावेळी मारहाणीचे निमित्त होते दहीहंडी उत्सवातील जखमीला द्यावयाच्या सुटीचे. साहजिकच न्या. विक्रम नाथ व न्या. संदीप मेहता यांच्या खंडपीठाच्या संतापाचा कडेलोट झाला आणि त्यांनी सुनावले की, 'डॉक्टरांवर हल्ला करणाऱ्यांना रस्त्यावर फिरायचा अधिकार नाही, त्यांना मोकळे सोडता कामा नये, तुरुंगातच टाकले पाहिजे'. वारंवार अशा घटना हा केवळ कायदा सुव्यवस्थेचा प्रश्न नाही, तर डॉक्टरांसारख्या समाजोपयोगी व्यावसायिकांच्या सार्वजनिक सुरक्षेची समस्या असल्याचे मत न्यायालयाने व्यक्त केले. हा संताप केवळ न्यायासनाचा किंवा व्यक्ती म्हणून दोन न्यायमूर्तींचा नाही. सामान्य माणसांच्या मनात सर्वदूर असाच संताप आहे. विशेषत: दोन्ही घटना जिथे घडल्या त्या शिंदेसेनेच्या बालेकिल्ल्यात कुणाला कायद्याचा धाक उरलेला आहे की नाही, असा प्रश्न पडावा. राजकीय पक्षांच्या पदाधिकाऱ्यांना तर असा धाक वाटतच नाही. आपला पक्ष, आपले नेते सत्तेवर आहेत म्हणजे आपण काहीही गुन्हा करायला मोकळे आहोत, असा माज या मंडळींना असतो. केवळ डॉक्टरच नव्हे, तर शिक्षक, पत्रकार, विविध सरकारी खात्यातील कर्मचारी जणू जनतेचे नव्हे, तर आपले नोकर आहेत, अशा आविर्भावात हे वावरत असतात. किंबहुना शिवराळ भाषा वापरणे, प्रसंगी अंगावर हात टाकणे म्हणजेच लोकसेवा असा गैरसमज या मंडळींनी करून घेतला आहे. समाज ज्यांना देवदूत, प्राणरक्षणकर्ता मानतो अशा डॉक्टरांवरील हल्ले तर अत्यंत चिंताजनक आहेत. त्यातही सार्वजनिक आरोग्य सेवेत एक तर डॉक्टर मिळत नाहीत. परिस्थितीवश जे तरुण-तरुणी खासगीच्या चांगल्या संधी असतानाही सार्वजनिक सेवेत येतात त्यांना वारंवार अपमान, मारहाणीच्या प्रसंगांना सामोरे जावे लागते. त्यांना प्रचंड मानसिक धक्का बसतो. त्यातून सावरायला वेळ लागतो. डोंबिवलीच्या घटनेतील डॉक्टर तरुणीला असा प्रचंड मानसिक धक्का बसल्याचा अनुभव ताजा आहे. ही सर्व परिस्थिती पाहता आपल्या राजकारणाने, मोठ्या पदांवर बसलेल्या व राजकीय पक्ष चालविणाऱ्या नेत्यांनी सर्वोच्च न्यायालयाच्या संतापातून धडा घ्यायला पाहिजे. केवळ लोक काय म्हणतील म्हणून रमेश म्हात्रे किंवा पालघरचा कुंदन संखे व सहकाऱ्यांना पक्षातून निलंबित करणे पुरेसे नाही. या लोकांमुळे शिवसेनेच्या मूळ सेवातत्त्वालाही धक्का बसला आहे. स्थापनेपासूनच 'ऐंशी टक्के समाजकारण, वीस टक्के राजकारण' असा आकर्षक नारा शिवसेनेने दिला. सर्वसामान्यांच्या हाकेला शिवसैनिक धावत गेले. तथापि, दुबळ्या-पिचल्या गोरगरिबांच्या भुकेचा प्रश्न सोडविणे, त्यांना त्रासातून सोडविणे आणि बेमूर्वतपणे कायदा हातात घेणे, यातील बारीक रेषा समजून घ्यायला हवी. तेवढे भान नसलेल्यांनी गुन्हा केला तर त्यांना कायद्याचा चाबूक हातात घेऊनच फोडून काढले पाहिजे. डोंबिवलीच्या प्रकरणात पोलिसांनी कर्तव्य योग्यरीत्या पार पाडले नाही. नंतर कनिष्ठ न्यायालयाने आरोपीला जामीन देऊन टाकला. राजकीय दबावामुळेच असे घडते हे सर्वांना माहिती आहे. समाधानाची बाब ही की, लोकांच्या मनातील संतापाची दखल उच्च न्यायालयाने स्वतःहून घेतली आणि जामीन रद्द करून म्हात्रेंची कारागृहात रवानगी केली. खरे तर पुन्हा कुणी डॉक्टरांवर हात उगारला तर ते खपवून घेतले जाणार नाही, हा संदेश प्रत्यक्ष कृतीमधून सरकारने द्यायला हवा होता. तो न दिला गेल्यानेच सर्वोच्च न्यायालय संतापले. उच्च न्यायालयाची सक्रियता अत्यंत योग्य ठरवताना राज्य सरकार जामीन रद्द करण्यासाठी का प्रयत्न करीत नाही, असा सवाल सर्वोच्च न्यायालयाने केला. तेव्हा कुठे लोकलाजेखातर राज्य सरकारने अर्ज केला. म्हणजे एकप्रकारे या प्रकरणात राज्य सरकारची अब्रूही चव्हाट्यावर आली. हे टाळता येण्याजोगे होते. अर्थात, अजूनही वेळ गेलेली नाही.

# सत्ताधाऱ्यांच्या दारावर 'जेन अल्फा'ची धडक!

**आवाज उठवण्याची आपली ताकद किती मोठी आहे, हे जेन अल्फाने अचूक ओळखले आहे. त्याचे परिणाम देशभरात सर्वत्र दिसू लागले आहेत.**

**हरीष गुप्ता**
नॅशनल एडिटर, लोकमत, नवी दिल्ली

**शाळकरी** मुले आता रस्त्यावर उतरू लागली आहेत आणि राज्य सरकारांना त्यांचे म्हणणे ऐकून घेण्यावाचून पर्याय राहिलेला नाही. देशातील विविध राज्यांमध्ये जेन अल्फाच्या आंदोलनांची नवी लाट पसरत आहे. या मुलांच्या मागण्या अगदी मूलभूत आहेत. वर्गात शिक्षक हवेत, स्वच्छतागृहे हवीत, पिण्याचे पाणी हवे, बाके हवीत आणि अशा अनेक प्राथमिक सुविधा हव्यात.

शाळेच्या पातळीवरील तक्रारींपासून सुरू झालेली ही चळवळ आता राज्यागणिक सरकारला जाब विचारणाऱ्या आंदोलनाचे रूप घेत आहे. महाराष्ट्रातील हिंगोली जिल्ह्यातील संतुक पिंपरी या आपल्या मूळ गावातील सरकारी शाळेतून अभिजीत दिपके यांनी सुरू केलेल्या 'स्कूल ठीक करो' मोहिमेला या आंदोलनाची ठिणगी मानली जात आहे.

मात्र, हे पारंपरिक अर्थाने विद्यार्थी आंदोलन नाही. यात ना विद्यार्थी संघटना आहेत, ना राजकीय नेते, ना सरकारशी वाटाघाटी करण्यासाठी ठरलेले मध्यस्थ. आहे ती केवळ रस्त्यावर उतरून आपला आवाज पोहोचविण्याची ताकद शोधून काढणारी एक नवी पिढी!

देशातील मोठ्या भागावर भाजपची सत्ता असताना जेन अल्फाचा हा संताप साहजिकच मोठ्या प्रमाणावर भाजपच्या दारावर धडका देत आहे. भाजपच्या सर्वोच्च नेतृत्वातील अस्वस्थता आता दिसू लागली आहे. अलीकडील एका मंत्रिमंडळ बैठकीत मंत्र्यांना विविध सोशल मीडिया प्लॅटफॉर्मवर त्यांच्या सोशल मीडिया कंटेंटला मिळालेल्या प्रतिसादाच्या आधारे क्रमवारी दर्शविणारी पाकिटे देण्यात आल्याचे सांगितले जाते. नव्या पिढीला आणि तिच्या डिजिटल सवयींना राजकीय व्यवस्थेने किती गांभीर्याने घेतले आहे, याचे हे लक्षण म्हणावे लागेल. पंतप्रधानही या तरुण पिढीशी जोडले जाण्यासाठी सध्या विशेष प्रयत्न करत आहेत. वाढत्या अस्वस्थ तरुणांशी संवाद साधण्यासाठी भाजप नेतृत्वाने उच्चस्तरीय समितीही स्थापन केली आहे.

आवाज उठवण्याची आपली ताकद किती मोठी आहे, हे जेन अल्फाने अचूक ओळखले आहे. परिणामही दिसू लागले आहेत. राजस्थानने शाळांच्या पुनर्बांधणीसाठी १२,५०० कोटी रुपयांचा निधी जाहीर केला आहे, तर उत्तर प्रदेशने शाळांसाठी मोठ्या निधीसह 'कायाकल्प' योजना सुरू केली आहे.

**नरेंद्र मोदी@25**

पुढील १५ दिवस देशाच्या राजकीय चर्चेच्या केंद्रस्थानी एकच विषय असण्याची शक्यता आहे - नरेंद्र मोदी@25. पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या सार्वजनिक जीवनातील २५ वर्षांच्या प्रवासाचा भव्य



राष्ट्रीय सोहळा साजरा करण्यासाठी भाजपच्या वतीने १७ सप्टेंबर ते २ ऑक्टोबरदरम्यान 'सेवा पंधरवडा'चे आयोजन केले जाणार आहे. २००१मध्ये गुजरातचे मुख्यमंत्री होण्यापासून ते २०१४पासून पंतप्रधानपदाची धुरा सांभाळण्यापर्यंतचा मोदींचा राजकीय प्रवास या संपूर्ण कालखंडात विविध उपक्रमांच्या माध्यमातून अधोरेखित केला जाणार आहे. भाजपने सेवाभावी स्वरूपाचे १३ प्रमुख कार्यक्रम आखले आहेत. रक्तदान शिबिरे, मोफत आरोग्य तपासण्या, स्वच्छता मोहिमा तसेच विविध पायाभूत सुविधा प्रकल्पांचा त्यात समावेश आहे. वैचारिक आणि प्रचारात्मक कार्यक्रमही होतील.

**स्मृती इराणी राज्यसभेत जाणार?**

भाजपचे अध्यक्ष नितीन नवीन यांच्या टीममधील आठ सरचिटणीसांपैकी दोघांच्या नजरा नोव्हेंबरमध्ये होणाऱ्या राज्यसभा निवडणुकीतील जागांवर आहेत. पक्षाच्या वर्तुळातील चर्चेनुसार, राज्यसभेच्या दहापैकी आठ जागा भाजप जिंकण्याच्या तयारीत असताना स्मृती इराणी आणि हरीश द्विवेदी हे दोघेही उमेदवारीसाठी इच्छुक आहेत. सन २०२४च्या लोकसभा निवडणुकीत अमेठीत पराभव झाल्यानंतर स्मृती इराणी काही काळ राजकीयदृष्ट्या अडगळीत गेल्या होत्या. गेल्या महिन्यात त्यांचे सरचिटणीसपदी पुनर्वसन करण्यात आले. राज्यसभेसाठी आणखी एक दावेदार म्हणजे हरीश द्विवेदी! २०२४मध्ये त्यांचाही बस्ती लोकसभा मतदारसंघातून पराभव झाला होता. मात्र, भाजप नेतृत्वाचा त्यांच्यावर बराच विश्वास असल्याचे सांगितले जाते. भाजपचे अन्य सरचिटणीस विनोद तावडे, बिप्लब कुमार देब, सतीश पुनिया, गजेंद्र पटेल आणि संजय भाटिया हे सध्या खासदार आहेत. सुनील बन्सल हे एकमेव असे सरचिटणीस आहेत ज्यांना खासदार होण्यात रस नाही. संघटनेतच राहणे त्यांना पसंत आहे.

**राहुल यांची पंजाब बस अखेर तयार!**

राहुल गांधींची बहुप्रतीक्षित पंजाब यात्रा अखेर रस्त्यावर उतरण्याची चिन्हे दिसत आहेत. काँग्रेसने पंजाबचे प्रभारी म्हणून भूपेश बघेल यांच्या जागी सचिन पायलट यांची नियुक्ती केली आहे. फेब्रुवारी-मार्च २०२७मध्ये होणाऱ्या विधानसभा निवडणुकांपूर्वी पंजाब काँग्रेसला पुन्हा रुळावर आणण्याचा हा नवा प्रयत्न मानला जात आहे. पंजाब काँग्रेसमधील परस्परविरोधी गटांना एकाच व्यासपीठावर आणण्याचे कठीण आव्हान पायलट यांच्यासमोर आहे. राहुल गांधींनी बस यात्रेच्या माध्यमातून आपल्या निवडणूक प्रचाराची सुरुवात करण्याचे नियोजन केले होते.

मात्र, हा कार्यक्रम वारंवार पुढे ढकलला गेला. आता काँग्रेसची बस प्रत्यक्षात मार्गस्थ होते की नाही आणि पक्षातीलच कोणी ती विरुद्ध दिशेने ओढत नाही ना, हे दिसेलच!

harish.gupta@lokmat.com

## अन्वयार्थ

# EOS-05 हा नवा उपग्रह अवकाशातून काय कामे करणार?

**३६ हजार किलोमीटरवरून पृथ्वीवर नजर ठेवणारा हा भारताचा 'नवा डोळा' होय! हवामान, आपत्ती व्यवस्थापन, शेती, राष्ट्रीय सुरक्षेसाठी त्याचे महत्त्व मोठे आहे.**

**अविनाश शिरोडे**
निवृत्त अभियंता, भारतीय अंतराळ संशोधन संस्था (इस्रो)

**४ सप्टेंबर** २०२६ रोजी पहाटे २ वाजून ५५ मिनिटांनी श्रीहरिकोटाच्या सतीश धवन अंतराळ केंद्रातून भारताच्या अंतराळ सामर्थ्याची आणखी एक देदीप्यमान झेप जगाने अनुभवली. भारतीय अंतराळ संशोधन संस्था, अर्थात इस्रोच्या GSLV-F17 या प्रक्षेपण वाहनाने EOS-05 हा अत्याधुनिक पृथ्वी निरीक्षण उपग्रह यशस्वीपणे अवकाशात स्थापित केला. प्रक्षेपणानंतर EOS-05 ला नियोजित उप-भू-समकालिक संक्रमण कक्षेत अचूकपणे पोहोचविण्यात आले.

GSLV मालिकेतील हे १९वे उड्डाण आहे. भारताच्या पृथ्वी निरीक्षण क्षमतेत एका नव्या युगाची सुरुवात करणारा EOS-05 हा या मोहिमेचा खरा नायक आहे. भू-समकालिक कक्षेतून पृथ्वीचे निरीक्षण आणि प्रतिमा घेण्यासाठी विकसित केलेला भारताचा हा पहिला उपग्रह. पृथ्वीपासून सुमारे ३६,००० किलोमीटर उंचीवरील कक्षेत पोहोचल्यानंतर हा उपग्रह भारताच्या आणि आसपासच्या मोठ्या भौगोलिक प्रदेशावर सातत्याने लक्ष ठेवण्याची क्षमता प्राप्त करेल.

पारंपरिक पृथ्वी निरीक्षण उपग्रह पृथ्वीभोवती वेगाने फिरतात. त्यामुळे एखाद्या विशिष्ट प्रदेशाचे निरीक्षण करण्यासाठी त्यांना पुन्हा त्या भागावरून जाण्याची प्रतीक्षा करावी लागते. EOS-05 ची क्षमता वेगळी आहे. तो एका मोठ्या प्रदेशावर वारंवार आणि जवळजवळ सातत्याने निरीक्षण करू शकतो. त्यामुळे वेगाने बदलणारी हवामान परिस्थिती, नैसर्गिक आपत्ती आणि भूभागातील बदलांचे निरीक्षण अधिक प्रभावीपणे करता येईल. EOS-05 ला भारताचा 'आकाशातील डोळा', असे म्हणणे सार्थ ठरेल.

अंतराळ तंत्रज्ञान म्हटले की ते सामान्य माणसापासून दूरचे वाटते. रॉकेट अवकाशात जाते, उपग्रह हजारो किलोमीटर उंच फिरतो, मग त्याचा आपल्या दैनंदिन जीवनाशी संबंध हा? - हा संबंध अतिशय जवळचा आहे.

समजा, अरबी समुद्रात चक्रीवादळ तयार होत आहे. महाराष्ट्रात मुसळधार पाऊस पडत आहे. एखाद्या डोंगराळ भागात भूस्खलन झाले आहे. किंवा एखाद्या नदीला अचानक पूर आला आहे. अशा परिस्थितीत जलद आणि वारंवार मिळणारी पृथ्वी निरीक्षणाची माहिती प्रशासनासाठी अत्यंत महत्त्वाची ठरते. EOS-05 कडून मिळणारी माहिती हवामान निरीक्षण, आपत्ती व्यवस्थापन, शेती, जलसंपदा, पर्यावरण, शहरी विकास आणि इतर अनेक क्षेत्रांसाठी उपयुक्त ठरू शकते.

उपग्रहाच्या मदतीने पिकांची स्थिती, वनस्पतींची वाढ, जमिनीतील बदल, जलस्रोत आणि पर्यावरणीय परिस्थिती यांचे व्यापक पातळीवर निरीक्षण करता येते. भविष्यात अशा माहितीचा उपयोग पिकांचे नियोजन, जलव्यवस्थापन, दुष्काळाचे निरीक्षण आणि कृषी धोरण तयार करण्यासाठी अधिक प्रभावीपणे करता येईल. म्हणजेच, आकाशात फिरणारा उपग्रह शेवटी शेतकऱ्याच्या शेताशी जोडला जातो.

नैसर्गिक आपत्तींच्या काळात वेळ अत्यंत महत्त्वाचा असतो. चक्रीवादळाची दिशा काही तासांत बदलू शकते. पूर काही तासांत मोठ्या प्रदेशात पसरू शकतो. भूस्खलनानंतर रस्ते आणि वाहतूक व्यवस्था विस्कळीत होऊ शकते. अशा वेळी मोठ्या प्रदेशाचे वारंवार निरीक्षण करणारा उपग्रह प्रशासनाला परिस्थितीचे चित्र समजून घेण्यासाठी मदत करू शकतो. यामुळे बचावकार्य, संसाधनांचे नियोजन आणि आपत्ती निवारणासाठी निर्णय घेण्याची क्षमता अधिक प्रभावी होऊ शकते. अंतराळातील माहिती पृथ्वीवरील जीव वाचविण्यासाठी उपयोगी पडू शकते. हीच अंतराळ तंत्रज्ञानाची खरी ताकद आहे.

EOS-05 च्या क्षमतेचा आणखी एक महत्त्वाचा पैलू म्हणजे व्यापक आणि वारंवार पृथ्वी निरीक्षण. राष्ट्रीय सुरक्षेच्या दृष्टीने सीमावर्ती भाग, महत्त्वाच्या पायाभूत सुविधा आणि भूभागातील बदल यांचे निरीक्षण करण्यासाठी अत्याधुनिक उपग्रह तंत्रज्ञान महत्त्वाची भूमिका बजावते. मात्र या तंत्रज्ञानाकडे केवळ संरक्षणाच्या दृष्टीने पाहणे योग्य ठरणार नाही. सुरक्षा, विकास, पर्यावरण आणि आपत्ती व्यवस्थापन या सर्व क्षेत्रांमध्ये उपग्रह माहितीचे महत्त्व वाढत आहे.

आज भारत चंद्रावर पोहोचला आहे. मंगळाचा अभ्यास केला आहे. सूर्याचा अभ्यास करण्यासाठी मोहीम राबवली आहे. मानवी अंतराळ मोहिमेकडे वाटचाल सुरू आहे. आणि आता पृथ्वीचे अधिक व्यापक व सातत्यपूर्ण निरीक्षण करण्याची क्षमता भारत विकसित करीत आहे.

अंतराळात जाणे हे अंतिम ध्येय नाही. अंतराळातून मिळणारे ज्ञान आणि तंत्रज्ञान पुन्हा पृथ्वीवरील जीवन अधिक सुरक्षित, सक्षम आणि समृद्ध करण्यासाठी वापरणे, अंतराळ तंत्रज्ञानाचा उपयोग मानवाच्या आणि समाजाच्या कल्याणासाठी करणे हे या मोहिमांचे खरे ध्येय आहे.

avishirode@gmail.com

## जगभर

# युरोपातला 'स्लो सप्टेंबर' - जरा 'निवांत' घ्या!

**ब्रिटनमध्ये** सप्टेंबर हा महिना म्हणजे तिथली उन्हाळ्याची सुट्टी संपवून पुन्हा नव्या जोमाने कामाला लागण्याचा महिना. एरवी जगभर नवीन वर्षानिमित्त जानेवारी महिन्यात संकल्प केले जातात तसे ब्रिटनमध्ये काम, शाळा, अभ्यास, व्यायाम इत्यादी 'रुटीन' सुरू करण्याचा काळ म्हणून सप्टेंबर महिन्याकडे पाहिले जाते. पण 'रुटीन' म्हटलं की त्यात स्पर्धा आली, ताण आले, धावपळ आली. ती कमी करायची आणि आयुष्याचा उपभोग घेत घेत जगायचं म्हणून गेल्या काही वर्षांत ब्रिटनमध्ये 'स्लो सप्टेंबर' ही संकल्पना रुजत आहे.

सप्टेंबर महिना सुरू होताना अनेक ब्रिटिश लोक नवनवे संकल्प करतात. मी जास्त काम करेन, मी जास्त पैसे मिळवेन, अशाच धाटणीचे हे संकल्प असतात. त्यामुळे ते पूर्ण करण्यामागे धावताना मनावर ताण येतो, थकवा येतो आणि त्याचा परिणाम शारीरिक आणि मानसिक आरोग्यावर होतो. हे टाळण्यासाठी ब्रिटिश 'स्लो सप्टेंबर'चा पुरस्कार करताना दिसतात. लिफ्टमध्ये किंवा रस्त्यात भेटलेल्या अनोळखी लोकांशी बोलायचं, मोबाइलबाहेरचं जग पहायचं, एखादं काम संपल्यावर ब्रेक घ्यायचा किंवा काम करता करताही छोटे-छोटे ब्रेक घ्यायचे, मित्रमैत्रिणी किंवा नातेवाईकांना भेटण्यासाठी निमित्त शोधत न बसता, सहज मनात आलं म्हणून एकमेकांना भेटायचं म्हणजे स्लो सप्टेंबर' असं हे लोक मानतात.

हे करताना लहान मुलांचाही विचार प्रामुख्याने केला जातो. मुलं कंटाळत असतील तर त्यांचा कंटाळा टाळायला जाऊ नका, त्यासाठी त्यांना सतत नवनवीन गोष्टींत गुंतवायला जाऊ नका, कंटाळा येणं ही मुलांच्या निकोप वाढीसाठी आवश्यक आहे, तो येऊ द्या असंही या 'स्लो सप्टेंबर'मध्ये मानलं जातं आणि त्याप्रमाणे जगण्याचा प्रयत्न केला जातो.

स्लो सप्टेंबरच्या केंद्रस्थानी 'मायक्रो कनेक्शन्स' ही संकल्पना आहे. आता मोबाइलमुळे जगात



कुणालाच स्वतःच्या मोबाइल स्क्रीनबाहेरचं जग दिसत नाही. ते पहायचंही नाही. पण हे चित्र बदलून पुन्हा मानवी संवादाकडे वळणे, अनोळखी माणसाला हसून अभिवादन करणे, दुकानात भेटलेल्या, बसमध्ये शेजारी बसलेल्या किंवा फुटपाथवरून बरोबर चालणाऱ्या व्यक्तीशी सहज गप्पा मारणे यांसारख्या गोष्टी पुन्हा घडाव्यात, अशी अपेक्षा ठेवून स्लो सप्टेंबरचा विचार केला जातो. नागरिकांनी आपापल्या मित्रपरिवार, कुटुंबासह एकत्र यावं, एकत्र स्वयंपाक करावा, गप्पा मारत जेवावं, जवळपास निवांत फेरफटका मारावा, यासाठी या काळात प्रोत्साहन दिलं जातं. हे फक्त ब्रिटनमध्येच नाही. नेदरलँडमध्ये सप्टेंबरच्या पहिल्या दोन आठवड्यांमध्ये एकत्र येऊन योग, व्यायाम करणं, जंगलात भटकंतीला जाणं, संगीत ऐकणे किंवा अगदी कामाच्या ठिकाणी पॉवर नॅप म्हणजे चक्क डुलकी काढणे यांसारख्या गोष्टींनाही मान्यता आहे.

जगभरात सगळीकडे सगळेचजण आपापल्या कामाच्या ठिकाणी स्पर्धेला सामोरे जातात. आपण इतरांपेक्षा चांगले हे दाखवण्यासाठी पळत राहतात. त्यातून येणारे ताणही सोसत राहतात. पण त्याऐवजी सगळ्यांनीच थोड्या संथपणे आयुष्याकडे बघावे, सतत कशा ना कशाच्या मागे न पळता, थोड्या शांतपणे गोष्टींचा अनुभव घ्यावा आणि शारीरिक आणि मानसिक स्वास्थ्य जपावे, असा या स्लो सप्टेंबरमागील विचार आहे. 'क्वालिटी ऑफ लाईफ' हा सध्या सर्वांच्याच चर्चेचा विषय असतो. ज्याच्याकडे खूप पैसे, खूप भौतिक सुविधा त्याच्या जगण्याचा दर्जा चांगला, असं मानलं जातं. पण त्यापलीकडे जाऊन या संकल्पनेचा नव्याने विचार करण्याची दृष्टी स्लो सप्टेंबरसारख्या प्रयोगांतून मिळते.

## जनमन

# न चुरगळणाऱ्या, न फाटणाऱ्या नोटा




**विज्ञान** आणि तंत्रज्ञान यांच्या आधुनिकीकरणामुळे युद्ध केवळ रणांगणावर खेळले जात नाही तर अनेक माध्यमातून वेगवेगळ्या पातळीवर खेळले जाते. त्यामध्ये बनावट चलन हे एक महत्त्वाचे शस्त्र आहे. त्याला प्रतिबंध करण्यासाठी सध्या साठपेक्षा अधिक देशांत पॉलिमर नोटा वापरल्या जातात. आता आपल्या देशातही हा प्रयोग सुरू होत आहे. दैनंदिन व्यवहारात चहाचे दुकान, भाजी मंडई, रिक्षा, बस इत्यादींसाठी दहा आणि वीस रुपयांच्या नोटांचा वापर अधिक होतो. त्यामुळे त्या जास्त वेळा हाताळल्या जातात आणि लवकर खराब होतात. हे टाळण्यासाठी पहिल्या टप्प्यात दहा आणि वीस रुपयांच्या कागदी नोटांऐवजी आता पॉलिमर नोटा असतील. या नोटा विशिष्ट प्लॅस्टिक कागदापासून तयार केलेल्या आहेत. या चलनी नोटा चुरगळणार नाहीत, घड्या पडून जीर्ण होणार नाहीत, अगदी गटाराच्या पाण्यात पडल्या तरीही त्या धुऊन स्वच्छ होतील. या पुष्कळ टिकाऊ आहेत. त्यामुळे कागदी नोटांचा वारंवार होणारा छपाईचा खर्च वाचणार आहे. सर्वात महत्त्वाचे वैशिष्ट्य असे की, या नोटांच्या एका भागात एक विशिष्ट गोल असेल त्याला ट्रान्सपरंट विंडो असे म्हणतात. यामुळे तसेच अन्य तांत्रिक उपाययोजनांमुळे त्या सहजासहजी इतरत्र छापता येणार नाहीत. पहिल्या टप्प्यात दहा आणि वीस रुपयांच्या चलनी नोटा पॉलिमर नोटा असतील. त्यानंतर टप्प्याटप्प्याने सर्वच नोटा पॉलिमर नोटा असतील. अर्थव्यवस्था सुरक्षित आणि मजबूत होणे या दृष्टीने 'आरबीआय'ने उचललेले हे महत्त्वाचे पाऊल आहे.

**संध्या काटदरे,** माणगाव, रायगड

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## पर्पजफुल

# पुढे जायची घाई नको, मागे पडण्याची धास्तीही नको!

**आपल्या आयुष्यात 'पर्पज' का महत्त्वाचा आणि त्याचा शोध कसा घ्यावा? जीवनाचा उद्देश आणि जीवनातील उद्दिष्टे यातील फरक कसा समजून घ्यावा?**

**अमृत बंग**
'निर्माण' या युवा उपक्रमाचे प्रमुख

**लांब** पल्ल्याचे, स्वतःसाठी अर्थपूर्ण; पण स्वतःपलीकडे जाणारे ध्येय म्हणजे 'पर्पज'. पण 'पर्पज'चे महत्त्व काय आणि अशा 'पर्पज'चा शोध नेमका कसा घ्यावा, त्याची प्रक्रिया काय? त्याबाबतीत सामान्य गैरसमज, अडचणी आणि चुका काय?

आपल्यापैकी बहुतेकांना 'माझा पर्पज काय?' याचे स्पष्ट, सुटसुटीत आणि ठाशीव उत्तर पहिल्या झटक्यात देणे कदाचित शक्य होणार नाही. मात्र, त्यामुळे बिचकून जायची अजिबात गरज नाही. लहानपणीच ज्यांना त्यांचा 'पर्पज' स्पष्ट झालाय असे भाग्यवंत अत्यंत कमीच असतात. बाकीच्या सर्वांसाठी ती टप्प्याटप्प्याने उलगडत जाणारी प्रक्रिया असते. त्वरित नेमकेपणाचा अट्टहास न करता सातत्यापूर्ण विचार व कृतीचा ध्यास याबाबतीत अधिक मदतपूर्ण ठरतो.

झापडे लावलेल्या घोड्याने एकापाठोपाठ एक शर्यतीचे टप्पे पार करावे असे अनेकांचे तरुण वयात होते. मागे वळून बघता मी आता कुठवर आलोय आणि पुढे मला नेमके कुठे जायचे आहे, याचा विचार करायची देखील फुरसत अनेकांना लाभत नाही. आपल्या भोवतालची संपूर्ण मार्केट व्यवस्था आणि तिचा अमानवी वेग ही पुढे जायची घाई आणि मागे पडण्याची धास्ती आपल्यात भरवत असते. यातून कधी जाग आल्यास, "जब आता है होश हमें, क्या करना है; हाथ में उम्र का आधा हिस्सा होता है।" अशी परिस्थिती झालेली असते. असा भोग आपल्या स्वतःच्या, आपल्या भाऊ-बहीण, पाल्यांच्या नशिबी येऊ नये



असे वाटत असल्यास शक्य तितक्या लवकर 'पर्पज' शोधण्याच्या दृष्टीने प्रवास सुरू करणे, तसे अनुभव प्राप्त करणे उपयुक्त ठरेल.

'पर्पज'चे सर्वांत मोठे वैशिष्ट्य हे त्याचे मूर्त स्वरूप नसून, ते प्रदान करत असलेली जीवनातील दिशेची जाणीव हे आहे. मी नेमका कुठल्या दिशेने चाललो आहे आणि लांब पल्ल्यात मला कुठे जायचे आहे, याचीही जाणीव व्यक्तीचा उद्देश निश्चित करण्यास तर मदत करतेच; पण सोबतच मध्य व अल्पकालीन गाठण्याजोगी उद्दिष्टे ठरवण्यात उपयोगी ठरते. त्यातून निर्णय व कृती यांना सुसूत्रता प्राप्त होते. दर्यावर्दींना वादळवारा आला तरी ध्रुवतारा जसा दिशादर्शक असतो तसेच जीवनातील कसोटीच्या, निर्णायक प्रसंगी 'पर्पज'ची स्पष्टता आपल्याला दिशा, धैर्य व स्थिरता देते. पॉझिटिव्ह सायकॉलॉजीतील अलीकडील संशोधनातून 'पर्पज'शी संबंधित अनेक निष्कर्ष आणि फायदे समोर आले आहेत. उदाहरणार्थ, तरुण वयात पर्पज निश्चित करणे आणि त्याप्रती कटिबद्ध राहणे हे दीर्घकालीन जीवनसमाधानाचे सर्वांत प्रभावी निदर्शक आहे.

'पर्पज'शी बांधिलकी असण्याचा संबंध दैनंदिन आनंदाची उच्च पातळी, भावनिक स्थिरता आणि वाढलेला आत्मसन्मान यांच्याशी जोडलेला आहे. उद्देशपूर्ण जीवन जगल्याने आयुष्यात अधिक चैतन्य येते. जीवनात स्पष्ट पर्पज असण्यामुळे मानसिक अस्वस्थताही कमी होते. उद्देशपूर्ण जीवन जगल्याने आयुष्यात अधिक चैतन्य येते. जन्माला येणे व जगणे ही एक योगायोगाने मिळालेली संधी आहे; पण उद्देशपूर्ण जगणे ही एक निवड आहे. ती निवड आपण करणार का?

amrutabang@gmail.com

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## प्रेरणा

साथ आना शुरुआत है, साथ रहना प्रगति है, लेकिन साथ काम करना ही सफलता है। **-हेनरी फोर्ड**

## संपादकीय

# अदालत की कठोर टिप्पणी सही समय पर सामने आई है

**नोएडा** में इसी साल न्यूनतम वेतन में वृद्धि को लेकर हुए श्रमिक आंदोलन में एक युवा एक्टिविस्ट छात्रा को एनएसए के तहत जेल में डालने के प्रशासनिक कदम पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की दो-सदस्यीय पीठ ने गम्भीर टिप्पणी करते हुए आरोपी को जमानत दी है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी अफसरशाही ज्यादतियां ही किसी शासन-व्यवस्था को जॉर्ज ओरवेल द्वारा वर्णित डिस्टोपियन स्टेट (निरंकुश शासन) बना देती हैं। ओरवेल ने '1984' शीर्षक वाले अपने उपन्यास में ऐसे शासन का भी जिक्र किया था, जिसमें जनता की सोच पर भी 'थॉट-पुलिस' के जरिये पहरा लगाया जाता था। कोर्ट ने जिले के डीएम से लेकर एसएचओ तक सभी अधिकारियों की पगार से पांच लाख की राशि आरोपी को देने और साथ ही डीएम की पंजिका में कोर्ट की नाराजगी दर्ज करने को कहा है। कोर्ट ने इन अफसरों को याद दिलाया कि उनकी निष्ठा संविधान के प्रति होनी चाहिए, न कि सत्ता के प्रति। प्रशासन ने श्रमिक आंदोलन के बाद आरोप लगाया था कि घटना के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। नोएडा मामले में छात्रा के अलावा एक 60 वर्षीय पत्रकार- जो सोशल एक्टिविस्ट भी हैं- को भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए जेल में डाल दिया गया था। वे अभी भी जेल में ही हैं। एक स्थानीय स्तर के, वेतन-वृद्धि से सम्बंधित श्रमिक-प्रदर्शन को इतना बड़ा स्वरूप देने पर प्रशासन की देश भर में निंदा हुई थी। जंतर-मंतर आंदोलन, दिल्ली में इमारत ढहने से होस्टल के युवाओं की मौत और छात्रा पर रासुका लगाना- इन सभी घटनाओं को एक क्रम में देखना होगा।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# भौतिक सफलता में अध्यात्म का भी संतुलन बनाना सीखें

**अब** मंदिरों में भी अत्यधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी। राम मंदिर, अयोध्या में सीईओ का चयन किया गया। शास्त्रों में व्यक्त है कि जब भी पूजा करें, किसी मंदिर में जाएं, तो जैसे हो वैसे हो जाओ। अपने स्वभाव से हटकर देव-दर्शन किए, पूजा की तो आप केवल कर्मकांड कर रहे होंगे। अब सवाल उठता है कि स्वभाव में कैसे उतरें? दुनिया के पहले सीईओ थे अग्रवाल समाज के पितृपुरुष महाराजा अग्रसेन। उन्होंने हर काम को कैम्पेन मोड में किया। उन्होंने यह बताया था कि प्रजा है तो राजा है, राजा से प्रजा नहीं है। आज जो यह प्रबंधन के बड़े-बड़े पद पर लोग बैठे हैं, उन्हें शोहरत मिली, दौलत मिली पर जीवन चला गया। वो यह जान ही नहीं पाए कि उनका मूल स्वभाव क्या था। दक्ष लोग भी दूसरों के हाथ का रिमोट कंट्रोल हो गए। हमारे देश की कुल आबादी के 8.5% लोग 60-प्लस हो गए हैं और वो अभी तक नहीं जान पाए कि अब उन्हें कौन-सा जीवन जीना है। एक सीईओ इस बात का संतुलन बनाता है कि भौतिक सफलता में आध्यात्मिक छींटा कैसे दिया जाए। संभवतः राम मंदिर की व्यवस्था अब इस बात का आदर्श उदाहरण बनेगी। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### शापित



कुछ लड़कियां हमेशा रहती हैं शापित
किसी शापित वृक्ष, नदी, पहाड़ या चांद की ही तरह

हरे-भरे वृक्षों के बीचोंबीच
निष्प्राण ठूंठ-सी अपने हिस्से के वसंत की प्रतीक्षा में

कलकलाहट के शोरगुल में अकसर बिसारती
अपनी तलहटी में पड़ी
सूखी रेत की प्यासी चटकन
उसके कणों से अवरुद्ध
गलों की चीख-पुकार

अकसर उस विशालकाय पहाड़-सी
रह जाती हैं एकाकी
जो अपने आगोश में पनाह देता है
एक छोटी पूरी दुनिया को

सचमुच शापित होती हैं कुछ लड़कियां
अपने हिस्से के प्रेम की राह तलाशतीं
अकसर भूल जाती हैं
शाप की पीड़ा।
**-सीता चौहान**, ग्वालियर
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### नशे का नेटवर्क तोड़ना होगा

**देश** की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है। मादक पदार्थ कहां से आ रहे है? युवाओं तक कैसे पहुंच रहे हैं? इन प्रश्नों पर विचार करके हमें नशे के आपूर्ति-नेटवर्क को तोड़ना होगा। युवाओं को नशे से बचाने के लिए संयुक्त परिवार की ओर लौटना जरूरी है।
**-डॉ. राजेंद्र कुमावत**, जयपुर, राजस्थान

### सोशल मीडिया नियमों में सख्ती हो

**सोशल** मीडिया कंपनी 'मेटा' क्या अपने ऑनलाइन उत्पादों से होने वाले मानसिक नुकसान के बदले महज मुआवजा देकर मुक्त हो जाएगी? या फिर वह दिमागी रूप से बीमार हो रहे बच्चों के हित में कारगर कदम उठाएगी? दोषी को जब तक सजा नहीं मिलेगी, उसमें सुधार नहीं आएगा। **-जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर, झारखंड

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

### 'एक्टिव लिसनर' यानी भरोसेमंद होना

**हार्वर्ड** बिजनेस रिव्यू की 2024 की एक रिपोर्ट 'एक्टिव लिसनिंग' के बारे में थी। इसकी लेखिका एमी गालो इस नतीजे पर पहुंची थीं कि 'एक्टिव लिसनिंग' करने वालों यानी दूसरों की बातों को ध्यान से सुनने वालों को अधिक भरोसेमंद, बुद्धिमान और लाइकेबल समझा जाता है। यह दिलचस्प है कि लोग किसी की बुद्धिमत्ता का आकलन उसके बोलने के बजाय सुनने के तरीके से अधिक करते हैं!

**बामुलाहिजा** • जब त्योहारों के दिन आ रहे हैं, तब क्या चीनी को महंगा होने दिया जा सकता है?

# हम 'फूड बनाम फ्यूल' के जाल में न फंसें

## एथेनॉल



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta

**भाजपा** का वफादार वोटबैंक आज पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट को लेकर गुस्से में है। पिछले महीनों में एयरपोर्ट पर, शादियों में, होटल की लॉबी में, मेहमानों और टैक्सी ड्राइवरों के रूप में मुझे कई लोग मिले, जो नाराज दिखे। उनका गुस्सा यह था कि वे हमें जबरदस्ती एथेनॉल मिला पेट्रोल (ईबीपी) कैसे दे सकते हैं?

व्यापक तौर पर इन लोगों के सवाल ये हैं कि इससे हमें क्या फायदा होगा? हम कीमत तो उतनी ही देंगे, लेकिन कम माइलेज मिलेगा। इसके साथ गाड़ी का इंजन भी खराब होगा, जबकि हम ईएमआई का नियमित भुगतान कर रहे होंगे। और इससे देश को क्या फायदा होगा? अगर कोई फायदा होगा तो हमें क्यों नहीं बताया जा रहा है? हमें विकल्प चुनने का मौका क्यों नहीं दिया जा रहा है? हमसे कहा जा रहा है कि इसका इस्तेमाल करो या पैदल चलो। हमारी तकलीफ से किसे फायदा है?

ये सही और अहम सवाल हैं और सरकार के पास इनके जवाब होने चाहिए। हैरानी की बात यह है कि उसे वोटरों को भरोसे में लेने की कोई परवाह नहीं दिखती। उपभोक्ताओं को पहले इस बदलाव के लिए तैयार करने की किसी ने कोशिश नहीं की। अब मंत्रियों को सामने खड़ा करके फायदे गिनाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इन बातों का कोई असर नहीं हो रहा है।

2014 के बाद से मध्यवर्ग भाजपा का मजबूत वोट बैंक रहा है। यह उसके प्रति इतना वफादार रहा है कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद इसने उसे ही वोट दिया। इसने सरकार को तब भी माफ कर दिया, जब कच्चे तेल की कीमत में गिरावट के बावजूद उसने उत्पाद शुल्क बढ़ाकर फायदा खुद उठा लिया। उस छप्परफाड़ फायदे का इस्तेमाल गरीबों के बीच मुफ्त अनाज और दूसरे सीधे लाभ बांटने में किया गया।

इसे मैं 'रॉबिनहुड बनने की कोशिश' बताता हूं- मध्यवर्ग से वसूलो, गरीबों में बांटो और अमीरों की परवाह मत करो। 'सेकुलर' पार्टियां अगर मुस्लिम वोट को अपने लिए पक्का मानकर चलती हैं, तो भाजपा भी विशाल मध्यवर्ग को अपने लिए पक्का मान सकती है। इस वर्ग ने ईंधन की ऊंची कीमतों को इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि वह हिंदुत्ववादी राष्ट्रवाद के नारे को मानता है। लेकिन ये वोटर आज नाराज हैं। यह उस पार्टी के लिए हैरान करने वाली बात है, जो इस बात पर गर्व करती है कि उसके नेता कड़े से कड़े फैसले वोटरों से स्वीकार करवाने की क्षमता रखते हैं, चाहे वह नोटबंदी हो या कोविड के दौरान देशभर में अचानक लॉकडाउन करने का फैसला। लेकिन 'ईबीपी' के मामले में एक्शन का आह्वान तक नहीं किया गया। ऐसा लगता है कि किसी को अचानक कुछ सूझ गया और 2013-14 में पेट्रोल में जो 1.56 प्रतिशत की मिलावट की जा रही थी, उसे चुपके से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया और अब इसे 30 फीसदी करने की बात की जा रही है।

लेकिन दो मुश्किलें हैं। एक तो यह कि खरीदार गुस्से में हैं और उनकी संख्या बड़ी है। दूसरी यह कि ज्यादा एथेनॉल उपलब्ध नहीं है। वह इतना भी नहीं है कि मिलावट के इस अनुपात को बनाए रखा जा सके, जब तक कि आप चावल के सुरक्षित भंडार में गहरा हाथ न डालें। इसके अलावा, लोग और ज्यादा मिलावट को स्वीकार नहीं करेंगे। कागज पर तो आयातित एथेनॉल की जगह देसी एथेनॉल का इस्तेमाल ठीक लगता है, लेकिन आपके पास एथेनॉल का कोई बहुत बड़ा स्रोत नहीं है कि आप ड्रिल करके उसे निकालने लगें। आपके किसानों को उस स्रोत- गन्ने, मक्के या धान की खेती करनी पड़ेगी।

इसके इस्तेमाल का विचार तब आया था, जब चीनी का सरप्लस उत्पादन हो रहा था। चीनी मिलें अपना पैसा वसूल करके किसानों के बकाये का भुगतान कर सकती थीं। यह इतना उत्साह बढ़ाने वाला था कि चीनी मिलों को इजाजत दे दी गई कि वे गन्ने के रस को एथेनॉल के उत्पादन के लिए दे सकती हैं। बाजार में चीनी भरपूर मात्रा में पड़ी थी। लेकिन खेती से जुड़ी अनिश्चितताओं का किसी ने हिसाब नहीं लगाया, मसलन अनाज की मंडियों, मानसून की अनिश्चितता, कीड़ों के हमलों का। एक ही साल में गन्ना सरप्लस से अभाव में पहुंच गया।



### इसकी तैयारी जरूरी थी...

**एथेनॉल का आइडिया अच्छा हो सकता है, लेकिन यह कृषि पर आधारित है, इसलिए इसे लागू करने से पहले तीन-चार साल तक तैयारी करनी चाहिए थी। किसानों को अपनी पसंद की फसल बदलने के लिए तैयार किया जाना चाहिए था। उनके लिए व्यवस्था की जानी चाहिए थी कि जरूरी चीजों की कमी न हो।**

इस सीजन की शुरुआत चीनी के भंडार में 50 लाख टन की कमी के साथ हुई, जबकि आधार 34.3 मीट्रिक टन का होता था, जो अब गिरकर 28 मीट्रिक टन पर पहुंच गया। इसका नतीजा यह हुआ कि चीनी की कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ गई। उम्मीद के मुताबिक, पुरानी कहानी दोहराई जा रही है : भंडार पर नियंत्रण करो, 'जमाखोरी और मुनाफाखोरी' पर हमला करो, निर्यात पर रोक लगाओ और ड्यूटी फ्री आयात के लिए रास्ता बनाओ। लेकिन जब त्योहारों के दिन आ रहे हैं, तब क्या चीनी को महंगा होने दिया जा सकता है?

एथेनॉल की खरीद में बेहिसाब बढ़ोतरी होती रही-2013-14 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर इस साल 1,200 करोड़ लीटर की खरीद हुई। रिफाइनरियों ने मक्के की ओर रुख किया। तब मक्के की कीमत में भी करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई। इसके कारण पोल्ट्री और मीट की कीमतें भी बढ़ती हैं, क्योंकि इन्हें मक्का चाहिए। अब धान की ओर हाथ बढ़ाया जा रहा है। पहले टूटे चावल का और फिर सरप्लस चावल का नंबर आया। इस साल ईंधन के लिए 72 लाख टन चावल बाजार की कीमत से आधी कीमत पर आवंटित किया गया।

'ईबीपी' का आइडिया अच्छा हो सकता है, लेकिन यह कृषि पर आधारित है, इसलिए इसे लागू करने से पहले तीन-चार साल तक तैयारी करनी चाहिए थी। किसानों को अपनी पसंद की फसल बदलने के लिए तैयार किया जाना चाहिए था। उनके लिए बाजार बनाने के साथ यह व्यवस्था की जानी चाहिए थी कि जरूरी चीजों की कमी न हो और हम 'फूड बनाम फ्यूल' के जाल में न फंसें। और अंत में, उपभोक्ताओं को मिलावटी पेट्रोल का इस्तेमाल करने के लिए राजी किया जाता।

लेकिन आज ये नतीजे सामने आए हैं- चीनी की कमी हो गई है, विदेशी मुद्रा की स्थिति खराब है, महंगाई बढ़ी है जबकि त्योहार आने वाले हैं, और आप चावल के सुरक्षित भंडार को 'ईबीपी' की आधी कीमत पर आवंटित कर रहे हैं। ऐसे में या तो ब्लेंडिंग का अनुपात घटाकर 10 फीसदी किया जाए, या उपभोक्ताओं के सामने विकल्प रखा जाए।

याद रहे, भाजपा के वफादार मतदाता गुस्से में हैं!

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**दूरदृष्टि** • चीन, रूस, ईरान- सभी से चर्चाएं जरूरी

# डिप्लोमेसी में सभी पक्षों से बातचीत आज भी कारगर है

## कूटनीति



सैयद अता हसनैन
बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर

**यूक्रेन** में युद्ध जारी है, ईरान युद्ध ने खाड़ी क्षेत्र को झकझोर दिया है, समुद्री व्यापार अब भी असुरक्षित है और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था एक नए संतुलन की तलाश में है। ऐसे समय में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का महत्व इस बात में कम है कि उसके घोषणापत्र क्या कहते हैं और इस बात में अधिक है कि मेज के चारों ओर कौन बैठा है। इस बार की समिट में नरेंद्र मोदी के साथ व्लादिमीर पुतिन, शी जिनपिंग, मसूद पेजेश्कियान और मध्य एशिया के नेता मौजूद थे। भारत के लिए यह ठीक वही जगह थी, जहां उसे होना चाहिए था।

एससीओ भारत के लिए कभी भी पूरी तरह सहज रणनीतिक मंच नहीं रहा है। इसके आर्थिक ढांचे पर चीन का प्रभुत्व है; रूस का राजनीतिक प्रभाव अब भी बहुत है और पाकिस्तान की मौजूदगी इसमें भारत की भागीदारी को जटिल बनाती है। लेकिन इनमें से कोई भी बात इस संगठन के महत्व को कम नहीं करती। यूरेशिया के भविष्य पर चर्चा करने वाली उन मेजों से दूर रहकर हम इस क्षेत्र की अग्रणी शक्ति बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते। इसीलिए मोदी की पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत महत्वपूर्ण थी। रूस अब भी भारत का अहम रणनीतिक साझेदार है, भले ही भारत यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए लगातार संवाद और कूटनीति की वकालत करता रहा हो।

समिट में शी जिनपिंग की मौजूदगी भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, भले ही उनके साथ हमारी कोई औपचारिक द्विपक्षीय बैठक न रही हो। भारत और चीन अब भी प्रतिस्पर्धी हैं और सीमा विवाद अनसुलझा है, लेकिन वे दो प्राचीन सभ्यताएं, बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और ऐसे पड़ोसी भी हैं, जिनके हित पूरे एशिया में एक-दूसरे से जुड़े हैं। ऐसे में एससीओ जैसे साझा मंच प्रतिस्पर्धा को संभालने के अवसर देते हैं, बिना यह दिखावा किए कि बुनियादी मतभेद खत्म हो गए हैं। यही रणनीतिक स्वायत्तता है : वॉशिंगटन, मॉस्को और बीजिंग- तीनों से संवाद करने की क्षमता, बिना किसी एक रिश्ते को दूसरे रिश्तों को तय करने देने के।

ईरान युद्ध ने दिखाया है कि पश्चिम एशिया का कोई संकट कितनी तेजी से यूरेशिया पर असर डाल सकता है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति पेजेश्कियान के साथ बैठक का महत्व द्विपक्षीय संबंधों से कहीं आगे तक जाता है। भारत के लिए ईरान एक महत्वपूर्ण भूगोल भी है। पाकिस्तान भारत को मध्य एशिया तक सीधे जमीनी रास्ते से पहुंचने नहीं देता। अफगानिस्तान की स्थिति अब भी अनिश्चित है। ऐसे में चाबहार और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे जैसी परियोजनाओं के लिए ईरान बेहद महत्वपूर्ण है।

पश्चिम एशिया और मध्य एशिया को अब पूरी तरह अलग-अलग रणनीतिक मोर्चों के रूप में नहीं देखा जा सकता। मध्य एशिया के तमाम देश हालात की नजाकत को समझते हैं। उनके रूस के साथ संबंध हैं, चीन से उनका आर्थिक जुड़ाव लगातार मजबूत हो रहा है और साथ ही वे अमेरिका, यूरोप, भारत तथा अन्य देशों के साथ व्यापक साझेदारियां भी तलाश रहे हैं। रणनीतिक विविधता अपने फैसलों और विकल्पों पर अधिक नियंत्रण देती है। भारत भी इससे अनभिज्ञ नहीं है।

**एससीओ जैसे मंच चर्चा का अवसर देते हैं, बिना यह दिखाए कि मतभेद खत्म हो गए हैं। यही रणनीतिक स्वायत्तता है- वॉशिंगटन, मॉस्को, बीजिंग- सभी से संवाद की क्षमता, किसी एक रिश्ते को दूसरे रिश्तों को तय करने देने के बिना।**

गत जून में मैं किर्गिस्तान में इस्सीक-कुल इंटरनेशनल फोरम में था। इससे कुछ समय पहले मैंने एससीओ के महासचिव से पटना स्थित लोक भवन में मुलाकात की थी। इस्सीक-कुल में मैंने उस विचार की चर्चा की, जिसे हम बिहार में अब 'नालंदा एप्रोच' कहने लगे हैं। प्राचीन नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय ही नहीं था, वह ज्ञान का एक अंतरराष्ट्रीय इकोसिस्टम था, जो पूरे एशिया के विद्वानों और सभ्यताओं को जोड़ता था। इस सिद्धांत को आज के संदर्भ में निरंतर बौद्धिक संवाद के जरिए नया अर्थ दिया जा सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**मानचित्र** • संयुक्त राष्ट्र ने नए नक्शे को मंजूरी दी है

# दुनिया का नया नक्शा हमारी धारणाओं को भी बदलता है

## देश-दुनिया



प्रियदर्शन
लेखक और पत्रकार
priyadarshan.parag@gmail.com

**4 सितम्बर** को संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया का नया नक्शा मंजूर किया। इस पर मतदान में 164 देशों ने मुहर लगाई, छह देश मतदान से अलग रहे, जबकि अमेरिका ने विरोध में मत दिया। भारत ने भी इस नक्शे के पक्ष में वोट दिया। लेकिन अब यह बात सामने आ रही है कि इस नक्शे में भारतीय राष्ट्र-राज्य की सीमारेखाओं के साथ छेड़छाड़ है। असम से लगती अरुणाचल प्रदेश की दक्षिणी सीमा को 'चीनी रेखा' की तरह दिखाया गया है और नगालैंड-असम के बीच की रेखा गुम है। वहीं तिब्बत को भारतीय रेखा में दिखाया गया है। चीन ने भी इस नक्शे को मंजूरी दी है। भारत का कहना है कि वह समान-विश्व की भावना के साथ है और इसी के अनुरूप नक्शे का समर्थन किया है। लेकिन यह विवाद बताता है कि दुनिया का नक्शा बनाना आसान नहीं है।

वैसे भी धरती गोल है और रेखाविहीन है। दरअसल अब तक दुनिया का जो नक्शा चल रहा था, उसे सोलहवीं सदी में नक्शानवीस गेरार्डस मेर्काटर ने समुद्री यात्राओं को ध्यान में रखते हुए बनाया था। इस नक्शे में अफ्रीका एक-तिहाई छोटा है। यूरोप, उत्तर अमेरिका, ग्रीनलैंड बड़े दिखाए गए हैं, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया के देश भी अपने असल अनुपात से काफी कम जगह पा सके हैं। अफ्रीका में इस नक्शे को बदलने के लिए आंदोलन चला और अंततः संयुक्त राष्ट्र की आमसभा ने मतदान से नया नक्शा मंजूर कर लिया। यह नया नक्शा 2018 में नॉर्थ अमेरिकन कार्टोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सोसाइटी की कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत 'इक्वल अर्थ मैप' है। इसमें यूरोप पहले के मुकाबले सिकुड़ा हुआ है, ब्राजील फूला हुआ है और ग्रीनलैंड जैसे गुम हो चुका है। अफ्रीका को इसमें पूरी नुमाइंदगी मिली है।

लेकिन इस पर हुए विवाद ने याद दिलाया है कि दुनिया का नक्शा बदलता रहा है। कागजों पर बना जो एटलस हमारे दिमाग में छपा हुआ है, वह भी बहुत पुराना नहीं है। हम बीसवीं सदी के प्रारम्भिक वर्षों के नक्शे से आज के नक्शे का मिलान करें तो हैरान रह जाएंगे कि दुनिया के ताकतवर मुल्क कहां चले गए और कौन-से नए मुल्क नक्शे में उठ खड़े हुए? बीसवीं सदी के प्रारंभिक 15 वर्षों के नक्शे में सोवियत संघ नहीं था, जो अचानक दुनिया की बड़ी ताकत बना और आखिरी दशक आते-आते लुप्त भी हो गया। बीसवीं सदी के ही पहले चार दशकों तक पाकिस्तान नहीं था और सात दशकों तक बांग्लादेश नहीं था। बीसवीं सदी के प्रारंभ में जो भारत था, उसकी सरहदें ईरान को छूती थीं। उसके पहले की शताब्दियों का कोई विश्व-यात्री पैदल चलता हुआ इस सदी में चला आए तो पहचान ही नहीं पाएगा कि जिस दुनिया से वह गुजरा था, वह कौन-सी थी।

यानी जिन सीमाओं को हम बिल्कुल ऐसे स्थायी मानते हैं, जैसे वे सभ्यता के उषाकाल से चली आ रही हों, वे दरअसल विकास के अलग-अलग दौर की राजनीतिक उथल-पुथल का परिणाम हैं। सभ्यताएं मुल्कों के राजनीतिक नक्शों से बड़ी और पुरानी होती हैं। इंसानी सरोकार भी उस राजनीति से बड़े होते हैं, जो अकसर अपने स्वार्थों के लिए तमाम पहचानों का इस्तेमाल करती है और उन्हें आपस में लड़ाती भी है- फिर चाहे वे मुल्क हों या फिर मजहब हों। नया नक्शा बाध्यकारी नहीं है। यानी इसकी वजह से न मेर्काटर का मानचित्र मिटने वाला है, न पुराने ग्लोब तोड़े जाने हैं। वे जहाजों की आवाजाही के लिहाज से अब भी कारगर हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र दुनिया भर की सरकारों, स्कूलों और अंतरराष्ट्रीय निकायों से अपील करने वाला है कि वे जब भी स्थानों की तुलना करें तो नए नक्शे के हिसाब से करें। यानी अब हमारे पास दुनिया को देखने के दो चश्मे होंगे, जो याद दिलाते रहेंगे कि न तो दुनिया इकहरी है और न ही हमारी नजर इकहरी होनी चाहिए। लेकिन हमें इस नक्शे में अपने हिस्से सुरक्षित-स्वीकृत चाहिए, यह निर्विवाद है।

**दुनिया का नक्शा बदलता रहा है। कागजों पर बना जो एटलस हमारे दिमाग में छपा हुआ है, वह भी बहुत पुराना नहीं है। वास्तव में अगर हम बीसवीं सदी के प्रारंभिक वर्षों के नक्शे से आज के नक्शे का मिलान करें तो हैरान रह जाएंगे।**

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**डिफ्रेंट एंगल** • एलएलएम अब अपने ही द्वारा उत्पन्न डेटा पर ट्रेन हो रहे हैं, इससे विचारों में विविधता खत्म हो रही

# अलग ढंग से सोचना ही हमारी ताकत है, लेकिन एआई से उसे खतरा

## नया दौर



राजकुमार जैन
एआई विशेषज्ञ एवं स्वतंत्र लेखक
writerrajindia@gmail.com

**हमारी** सबसे बड़ी ताकत हमारी सोच की विविधता रही है। इतिहास गवाह है कि हर बड़ी खोज के पीछे किसी न किसी ऐसे व्यक्ति की आवाज रही है, जिसने अपने समय की स्वीकृत मान्यताओं पर प्रश्न उठाने का साहस किया। लेकिन एआई के युग में यह प्रश्न हमारे सामने खड़ा हो रहा है कि कहीं यह तकनीक हमारे ज्ञान की विविधता को समाप्त तो नहीं कर रही?

आज हम क्या पढ़ते हैं, क्या खोजते हैं, किन विचारों तक पहुंचते हैं और किस प्रकार के उत्तरों को स्वीकार करते हैं, इन सब पर एल्गोरिदम का प्रभाव है। विडम्बना यह है कि जिस डिजिटल संसार को कभी मानव-अनुभवों, भाषाओं, संस्कृतियों और विचारों का विशाल महासागर माना गया था, वही अब धीरे-धीरे मशीनों द्वारा निर्मित सामग्री से भरता जा रहा है। डिजिटल संसार अब मौलिक चेतना नहीं, एल्गोरिदमिक प्रणालियों द्वारा संचालित हो रहा है। हम ऐसी ज्ञान-प्रणाली रच रहे हैं, जो अपनी ही नींव को खोखला कर रही है।

लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स जिस डेटा पर विशाल मात्रा में प्रशिक्षित होते हैं, वह डिजिटल परिवेश भी अब उन्हीं के द्वारा पूर्व में उत्पन्न की गई कृत्रिम सामग्री से भरता जा रहा है। शोधकर्ता इस आत्मघाती चक्र को \'मॉडल ऑटोफैगी' की संज्ञा देते हैं। इस अवस्था में कोई प्रणाली अपने ही डेटा का उपभोग करने लगती है। इससे ज्ञान की विविधता और मौलिकता धीरे-धीरे कम हो जाती है।

यह स्थिति कुछ वैसी ही है, जैसे प्रकृति में जैव-विविधता समाप्त होने पर पारिस्थितिकी-तंत्र कमजोर हो जाता है। एक जंगल इसलिए मजबूत होता है, क्योंकि उसमें अनेक प्रकार के पेड़-पौधे, जीव-जंतु और जैविक प्रक्रियाएं मौजूद होती हैं। लेकिन यदि वह एक ही प्रकार के पेड़ों पर निर्भर हो जाए, तो एक बीमारी पूरे तंत्र को नष्ट कर सकती है। ज्ञान की दुनिया भी ऐसी ही है।

जब भावी पीढ़ियों के मॉडल मशीन-जनित डेटा पर बारम्बार पुनरावृत्त होते हैं, तो ज्ञान की मूल जीवंतता, भाषाई नमी और सूक्ष्मता समाप्त होने लगती है। दीर्घकालिक रूप में यह \'मॉडल कोलैप्स' अर्थात बौद्धिक पतन का कारण बनता है, जहां मशीन की प्रतिक्रियाएं अत्यधिक रूखी, गैर-रचनात्मक और त्रुटिपूर्ण हो जाती हैं। एआई प्रणाली अपने ही गढ़े प्रतिमानों से सीखते हुए वास्तविक दुनिया की जटिलताओं को खोने लगती है।

इतिहास में कई बार ऐसे विचारों को प्रारम्भ में अस्वीकार किया गया था, जिन्होंने बाद में दुनिया बदल दी। पेट के अल्सर के बारे में लंबे समय तक माना जाता रहा कि इसका कारण केवल जीवनशैली और तनाव है। बाद में वैज्ञानिकों ने दिखाया कि हेलिकोबैक्टर पाइलोरी नामक बैक्टीरिया इसकी बड़ी वजह हो सकता है। शुरुआत में इस विचार को संदेह की दृष्टि से देखा गया, लेकिन अंततः इसी खोज को 2005 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यही विज्ञान की सुंदरता है, वह असहमति और नए विचारों से आगे बढ़ता है।

1840 के दशक में आयरलैंड का अकाल केवल प्राकृतिक आपदा नहीं था। सम्पूर्ण कृषि व्यवस्था एक ही आनुवंशिक प्रजाति पर निर्भर हो गई थी, जिसके कारण एक फफूंद-संक्रमण ने लाखों लोगों को भुखमरी और विस्थापन की त्रासदी में धकेल दिया। एआई की दुनिया भी ऐसे ही डिजिटल मोनोकल्चर की ओर बढ़ रही है।

यदि भविष्य की सूचना-व्यवस्था केवल उन्हीं विचारों को बढ़ावा देने लगे जो पहले से लोकप्रिय हैं, तो नए और असुविधाजनक प्रश्न धीरे-धीरे गायब हो सकते हैं। सबसे बड़ा खतरा गलत जानकारी का नहीं, विचारों की एकरूपता का है। हमारी असली ताकत अलग सोचने की क्षमता में है और इसे ही हमें एआई के युग में सहेजकर रखना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**बच्चों के गेमिंग अकाउंट पर रखें नजर**

दैनिक भास्कर & SK FINANCE का एक संयुक्त प्रयास
साइबर सुरक्षा अभियान

**इस सप्ताह की सलाह**
गेम खेलें, लेकिन अनजान खिलाड़ी को अपनी डिजिटल जानकारी न दें।

Co-powered by KGK REALTY | JECRC UNIVERSITY

**पहचान कैसे करें...**
अनजान व्यक्ति गेमिंग रिवॉर्ड या कॉइन के नाम पर लिंक भेजे। गेम का अकाउंट या पासवर्ड मांगने लगे।

**क्या जरूर करें...**
बच्चों के गेमिंग अकाउंट में प्राइवेसी सेटिंग्स जांचें। ऑनलाइन दोस्ती और चैट को लेकर बच्चों से नियमित बात करें।

**क्या नहीं करें...**
अनजान लिंक या फाइल डाउनलोड न करें। अकाउंट का पासवर्ड किसी से साझा न करें। गेम में हर ऑफर पर भरोसा न करें।

साइबर सुरक्षा अभियान में भागीदार बनें- मिस्ड कॉल दें 8094-977-977 और अपना सर्टिफिकेट तुरंत डाउनलोड करें

**भास्कर एनालिसिस** बाजार में नकदी घटी, क्रूड ने बढ़ाई महंगाई और रुपए की चिंता

# क्रूड 100 डॉलर के करीब, सेंसेक्स 555 अंक टूटा; डिफेंस शेयर रिकॉर्ड स्तर पर

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई। सेंसेक्स 555 144 अंक टूटकर 75,578 पर और निफ्टी 144 अंकों की गिरावट के साथ 23,635 पर बंद हुआ। इसके दो बड़े कारण रहे- पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड) की कीमत 100 डॉलर के करीब पहुंच गई। गोल्डमैन सैक्स ने कहा है कि होर्मुज में जहाजों पर हमले बढ़े तो कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। इसने दुनियाभर के बाजारों की चिंता बढ़ा दी। साथ ही आईपीओ बाजार में उछाल सेकेंडरी मार्केट से पैसा खींच रहा है।

दरअसल, यमन के हूती लड़ाकों ने सऊदी अरब की एनर्जी फैसिलिटीज पर हमला कर दिया। इससे ब्रेंट क्रूड के दाम 1.4% बढ़कर 98.4 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इससे महंगाई बढ़ने की आशंका ने बाजार को गिरा दिया।

**पुट ऑप्शन फिर अचानक उछले:** वायदा एक्सपायरी होने से क्लोजिंग ऑक्शन सेशन में निफ्टी के इंडिकेटिव क्लोज में 1.8% तक गिरावट आई। निफ्टी 23,400 से नीचे तक गया। इससे 400 अंकों का उतार-चढ़ाव आया। पुट ऑप्शन मिनटों में कई गुना बढ़ गए। अंत में निफ्टी सिर्फ 0.61% गिरावट पर बंद हुआ।

**2026: महंगे क्रूड से सीधे बाजार की कमजोरी बढ़ रही**




### रुझान • क्रूड और महंगा हुआ तो कमजोरी बढ़ सकती है

एलकेपी सिक्युरिटीज के रुपक डे के मुताबिक, क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम से महंगाई का दबाव बना रहेगा। लेकिन डेली चार्ट मोमेंटम में बदलाव का संकेत दे रहा है। अगर निफ्टी 23,600 के ऊपर टिका रहता है, तो निकट अवधि में यह 24,000 की तरफ रिकवरी दिखा सकता है। क्रूड की कीमतों में और तेजी आई तो रुपए पर दबाव बढ़ेगा, जिससे बाजार की कमजोरी लंबी खिंच सकती है।

### सपोर्ट • गिरते बाजार में डिफेंस शेयर रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचे

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए ₹1.10 लाख करोड़ के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। 98% खरीद घरेलू उद्योग से होने की उम्मीद है। इससे निफ्टी डिफेंस इंडेक्स 3% चढ़कर रिकॉर्ड 10,013 पर पहुंच गया। जेफरीज का कहना है कि बढ़ते तनाव के बीच डिफेंस पर भारत का खर्च तेजी से बढ़ सकता है। प्राइवेट डिफेंस कंपनियों की सालाना ग्रोथ 20% से ज्यादा रह सकती है।

### 12 में से 8 सरकारी बैंकों के शेयर लंबी अवधि के औसत दाम से नीचे

निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स के 12 में से आठ शेयर 200 दिन की औसत कीमत से नीचे कारोबार कर रहे हैं, जो कमजोरी का संकेत है। इनमें एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और केनरा बैंक शामिल हैं। सरकारी बैंक शेयर अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर से 10-30% तक टूट चुके हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और सेंट्रल बैंक 25% से ज्यादा नीचे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, विलय की चर्चा, बाजार की कमजोरी और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से से इन शेयरों पर दबाव है। बढ़ती यील्ड से सरकारी बैंकों की ट्रेजरी आय प्रभावित हो सकती है।

**भास्कर एक्सपर्ट**



**जी. चोकलिंगम,**
एमडी,
इक्विनॉमिक्स

### आईपीओ कैश खींच रहा, इससे भी बाजार दबाव में

- बाजार में गिरावट की मुख्य वजह सेकंडरी मार्केट में कैश की कमी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और उसकी वजह से बढ़ी कच्चे तेल की कीमतों के चलते विदेशी पूंजी जरूरत भर नहीं आ रही।
- क्रूड की ऊंची कीमतें रुपए को और कमजोर कर सकती हैं। इसका सीधा असर विदेशी निवेश पर असर पड़ता है। इस बीच आईपीओ में आई तेजी भी सेकंडरी मार्केट से काफी कैश खींच रही है, क्योंकि कई रिटेल निवेशक शेयर खरीदने की जगह आईपीओ में निवेश करना पसंद कर रहे हैं।
- हमारा मानना है जब तक क्रूड की कीमतों में बड़ी गिरावट नहीं आती या आईपीओ का दौर थमता नहीं, तब तक सेकंडरी मार्केट में बड़ी रिकवरी की उम्मीद कम है। एक-दो महीने बाजार में कमजोरी बने रहने की आशंका है।

**बिजनेस ब्रीफ**

### अदाणी, एनटीपीसी ₹37,500 करोड़ की कोल गैसीफिकेशन स्कीम के उम्मीदवार

**नई दिल्ली** | केंद्र की ₹37,500 करोड़ की कोल गैसीफिकेशन स्कीम के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज, एनटीपीसी और तलचर फर्टिलाइजर्स समेत 7 कंपनियों ने आवेदन किया है। अदाणी ने यूरिया प्रोजेक्ट्स के लिए तीन प्रस्ताव दिए। योजना का लक्ष्य 2030 तक 10 करोड़ टन क्षमता हासिल करना है। इससे यूरिया, मेथनॉल और सिंथेटिक गैस जैसे प्रोडक्ट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ेगा और आयात घटेगा।

### केंद्रीय सूचना आयोग ने भारत आटा-चावल स्कीम का ब्योरा सार्वजनिक करने को कहा

**नई दिल्ली** | केंद्रीय सूचना आयोग ने खाद्य विभाग को निर्देश दिया है कि भारत आटा और भारत राइस योजनाओं से जुड़े अंतर-मंत्रालयी समिति के एजेंडे और मिनट्स उपलब्ध कराए जाएं, यदि निर्णय पूरा हो चुका हो। ये योजनाएं सब्सिडी दर पर आटा-चावल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थीं। आवेदक ने एसओपी और उपयोगिता प्रमाणपत्र भी मांगे थे। विभाग को तीसरे पक्ष के डिटेल हटाकर जानकारियां देनी होंगी।

### बैंकों में 12 लाख करोड़ के विदेशी करेंसी डिपॉजिट से रुपए पर दबाव का जोखिम

**मुंबई** | देशभर के बैंकों ने आरबीआई की विशेष योजना के तहत 127 अरब डॉलर (₹12 लाख करोड़) से ज्यादा विदेशी करेंसी डिपॉजिट जुटाई है। मूल राशि पर आरबीआई का सुरक्षा कवर है, पर ब्याज भुगतान का बड़ा हिस्सा कवर नहीं है। ज्यादातर सरकारी और कुछ प्राइवेट बैंक हेजिंग नहीं कर रहे क्योंकि लागत करीब 3% सालाना है। विश्लेषकों के मुताबिक, अगर रुपए में कमजोरी आई तो भविष्य में डॉलर की मांग बढ़ सकती है।

### गूगल के खिलाफ रियल मनी गेम्स का केस बंद, विंजो ने सीसीआई में की थी शिकायत

**नई दिल्ली** | प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने गूगल के खिलाफ रियल मनी गेम्स का केस बंद कर दिया है। साल 2022 में विंजो गेम्स ने गूगल प्ले की नीतियों के खिलाफ शिकायत की थी। आयोग ने 2024 में जांच के आदेश दिए थे। मई 2026 से लागू नए गेमिंग कानून ने पैसों वाले गेम्स पर रोक लगा दी। गूगल ने जनवरी में प्ले स्टोर पर इन गेम्स की अनुमति और विज्ञापन बंद कर दिए थे। नया कानून आने से जांच का औचित्य नहीं बचा था।

**कृषि** • खरीफ बुवाई अब भी 17.7 लाख हेक्टेयर कम

# दलहन का रकबा 2% बढ़ा, धान का 16% घटा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

मानसून में सामान्य से कम बारिश के बावजूद खरीफ फसलों की बुवाई में सुधार हुआ है। दौलत कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, मोटे अनाज और दलहन का रकबा बढ़ने से कुल बुवाई का अंतर घटा है, लेकिन धान की बुवाई में बड़ी कमी और दक्षिण भारत में कमजोर बारिश अब भी चिंता बढ़ा रही है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 28 अगस्त तक देश में 1,086.3 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुवाई हुई। पिछले साल इसी अवधि में 1,104 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई थी। इस तरह रकबा 17.7 लाख हेक्टेयर कम है। एक सप्ताह पहले यह कमी 18.9 लाख हेक्टेयर थी। सुधार की सबसे बड़ी वजह मोटे अनाज हैं। इनकी बुवाई में कमी एक हफ्ते में 4.2 लाख हेक्टेयर से घटकर 1.1 लाख हेक्टेयर रह गई। दलहन का रकबा पिछले साल से 1.8 लाख हेक्टेयर (2%) अधिक है। उड़द के साथ अरहर की बुवाई भी पिछले साल से आगे निकल गई है। इसके विपरीत, धान का रकबा पिछले साल से 16.4 लाख हेक्टेयर (16%) कम है।

**पूरे देश में 14% कम बारिश; पूर्व, पूर्वोत्तर में भारी गिरावट**

1 जून से 6 सितंबर तक सामान्य से अंतर

| क्षेत्र | बारिश में कमी |
|---|---|
| दक्षिण प्रायद्वीप | 27 |
| पूर्व और पूर्वोत्तर | 24 |
| उत्तर-पश्चिम भारत | 8 |
| मध्य भारत | 5 |
| पूरा देश | 14 |

आंकड़े % में

**कॉरपोरेट हलचल**

### जून तक केवल एक साल में 2.1 लाख बढ़ गईं कंपनियां

जून तक एक साल के दौरान देश में चालू कंपनियों की संख्या 2.1 लाख (10.8%) बढ़कर 21.3 लाख हो गई। एक साल पहले 19.2 लाख कंपनियां थीं। यह एक दशक में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। अब कॉरपोरेट नए राज्यों में फैल रहे हैं। 3.6 लाख कंपनियों के साथ महाराष्ट्र पहले और 2.5 लाख के साथ दिल्ली दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश 1.87 लाख कंपनियों (+18%) के साथ तीसरा बड़ा कॉरपोरेट हब बन गया है। राजस्थान में कंपनियां 16% बढ़कर 77,658 और बिहार में 18% बढ़कर 49,500 हो गई हैं।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज अब बॉन्ड से ₹12,500 करोड़ जुटाएगी

रिलायंस इंडस्ट्रीज बॉन्ड जारी करके ₹12,500 करोड़ जुटाने की तैयारी में है। यह इस साल का सबसे बड़ा लिस्टेड बॉन्ड इश्यू होगा। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी 5 साल के इन बॉन्ड्स पर सालाना 7.47% ब्याज देगी। एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और यस बैंक इसे मैनेज करेंगे। नवंबर 2023 के बाद यह कंपनी की पहली घरेलू बॉन्ड पेशकश होगी। इस कदम से स्थानीय बाजार को बढ़ावा मिलेगा। देश में बॉन्ड के जरिए कुल कॉरपोरेट उधारी चालू वर्ष में 11% घटकर ₹8.9 लाख करोड़ रह गई।

### एलएंडटी निजी क्षेत्र का पहला टोकनाइज्ड बॉन्ड जारी करेगी

इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी एलएंडटी टोकनाइज्ड बॉन्ड से ₹500 करोड़ जुटाएगी। यह देश के किसी प्राइवेट कंपनी द्वारा जारी पहला टोकनाइज्ड बॉन्ड होगा। टोकनाइज्ड बॉन्ड ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर आधारित डिजिटल बॉन्ड है, जिसकी खरीद-बिक्री सिर्फ रिजर्व बैंक की डिजिटल करेंसी के जरिए होती है। इसीलिए इसमें केवल वही निवेशक हिस्सा ले सकेंगे जिनके पास एक्टिव सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी वॉलेट है। कंपनी 3 साल की अवधि वाले इन बॉन्ड पर सालाना 7.40% ब्याज देगी, जिसके लिए बुधवार को बोलियां मंगाई गई हैं। इससे पहले सरकारी कंपनी आरईसी ने 20 महीने के लिए 500 करोड़ रुपए के टोकनाइज्ड बॉन्ड जारी किए थे।

**भास्कर एक्सप्लेनर**

ईवी, सौर ऊर्जा व एआई से कॉपर की मांग में उछाल

# तांबा नई ऊंचाई पर, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट के दाम बढ़ने की आशंका

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

तांबे की कीमत लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। तीन महीने के वायदा अनुबंध का भाव 14,533 डॉलर प्रति टन तक चढ़ा। बीते एक साल में तांबा 17% महंगा हो चुका है। कीमतों में हालिया तेजी के पीछे अमेरिकी टैरिफ की आशंका, खदानों से घटता उत्पादन और निवेशकों की खरीद है। वहीं, एआई डेटा सेंटर, बिजली नेटवर्क और इलेक्ट्रिक वाहन लंबी अवधि की मांग बढ़ा रहे हैं। हालांकि रुपए की हालिया मजबूती से अंतरराष्ट्रीय तेजी का पूरा असर घरेलू बाजार में नहीं आया है। एमसीएक्स पर तांबा करीब 1,387-1,388 प्रति किलो है और 1,400 के ऊपर निर्णायक बढ़त नहीं बना सका। लेकिन भारत की आयात निर्भरता के कारण वैश्विक भाव लंबे समय तक ऊंचे रहे तो घरेलू लागत बढ़ेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक कॉपर महंगा होने से एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, इलेक्ट्रिक वाहन, तार और अन्य बिजली उपकरणों की लागत बढ़ेगी। कंपनियां इसका कुछ बोझ ग्राहकों पर भी डाल सकती हैं।

### टैरिफ की आशंका के चलते अमेरिका में कॉपर की जमाखोरी से तेजी, 2,000 तक पहुंच सकता है भाव

**भास्कर एक्सपर्ट**



**अजय केडिया**
डायरेक्टर,
केडिया एडवाइजरी

**Q कॉपर में तेजी की प्रमुख वजह क्या है?**
वैश्विक बाजार में कॉपर की मांग बढ़ रही है, जबकि आपूर्ति सीमित है। अमेरिकी टैरिफ की आशंका के कारण बड़ी मात्रा में कॉपर अमेरिका भेजा जा रहा है। पहली छमाही में अमेरिका ने 8.85 लाख टन तांबा आयात किया, जिससे कॉमेक्स का भंडार रिकॉर्ड 6.75 लाख टन पहुंच गया और एलएमई में उपलब्धता घटी। ईवी, सौर ऊर्जा, बिजली नेटवर्क और डेटा सेंटरसे मांग बढ़ रही है। ईवी में परंपरागत वाहनों के मुकाबले 6 गुना तांबा लगता है।

**Q कीमत आगे कहां तक जा सकती है?**
मेरे आकलन में कॉपर की तेजी अभी शुरुआती चरण में है। घरेलू बाजार में भाव पहले 1,600-1,650 रु./ किलो तक पहुंच सकता है। मांग और आपूर्ति की मौजूदा स्थिति बनी रही तो अगले एक साल में 2,000 का स्तर भी असंभव नहीं है। हालांकि, बीच-बीच में तेज उतार-चढ़ाव भी देखा जा सकता है।

**इसका आम उपभोक्ता पर क्या असर होगा?**
कॉपर महंगा होने से एसी, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, ईवी, केबल और अन्य बिजली उपकरणों की लागत बढ़ेगी। पॉलीकैब, केईआई, आरआर केबल और हैवेल्स के लिए तांबा प्रमुख कच्चा माल है। ये बढ़ी लागत ग्राहकों पर डाल सकती हैं। हालांकि पुराने उपकरणों और कॉपर कबाड़ की मांग बढ़ रही है। यह दिखाता है कि बाजार में रिसाइकिल कॉपर की मांग तेजी से बढ़ी है।

**Q क्या इनके दाम में गिरावट का जोखिम है?**
कीमत बढ़ने पर कंपनियां नए विकल्प तलाशती हैं। कई एसी कंपनियां कॉपर कॉइल के स्थान पर एल्युमीनियम उपयोग करने लगी हैं। दूसरे उत्पादों में भी जहां संभव होगा, कंपनियां सस्ते विकल्प अपनाएंगी। इसके बावजूद कॉपर की मांग खत्म नहीं होगी, क्योंकि एआई, डेटा सेंटर, ईवी और ऊर्जा परिवर्तन में अहम भूमिका है।

**पहल** • पीएम ने फिनटेक कंज्यूमर प्रोटेक्शन इंडेक्स का प्रस्ताव रखा

# डिजिटल पेमेंट काफी नहीं; लोन, बचत, बीमा और पेंशन तक बढ़े फिनटेक की पहुंच: मोदी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिनटेक कंपनियों की ग्राहक सुरक्षा और सर्विस के आधार पर पारदर्शी रेटिंग के लिए 'फिनटेक कंज्यूमर प्रोटेक्शन इंडेक्स' बनाने का प्रस्ताव रखा है। मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फिनटेक कंपनियों को डिजिटल पेमेंट से आगे बढ़कर लोन, बचत, बीमा और पेंशन तक पहुंच बढ़ानी चाहिए।

प्रस्तावित इंडेक्स के जरिए यह आकलन किया जा सकेगा कि कोई कंपनी ग्राहकों की शिकायतों का कितनी तेजी और निष्पक्षता से समाधान करती है और उनके हितों की सुरक्षा में उसका प्रदर्शन कैसा है। इससे ग्राहकों को अलग-अलग डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियों की तुलना करने में मदद मिल सकती है। साथ ही कंपनियों पर अपनी सेवाएं बेहतर करने और जवाबदेही बढ़ाने का दबाव बनेगा। पीएम ने कहा कि एजेंटिक एआई, टोकनाइजेशन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तकनीकें वित्तीय क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं खोल रही है।

**प्रधानमंत्री का चार सूत्री एजेंडा, सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**



- साइबर सुरक्षा को सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाया जाए।
- फिनटेक उद्योग ग्राहकों की जानकारी के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए नैतिक डेटा सुरक्षा मानक बनाए।
- नवाचार और निगरानी में संतुलन के लिए नियामकों तथा कंपनियों का मजबूत साझा तंत्र तैयार हो।
- कंपनियों की ग्राहक सुरक्षा और सेवा के आकलन के लिए पारदर्शी उपभोक्ता संरक्षण सूचकांक बनाया जाए।

### त्योहारी सीजन के लिए हवाई किराया साढ़े चार गुना तक

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिवाली, दुर्गा पूजा की भीड़ के चलते घरेलू हवाई किराए में उछाल आया है। खास तौर पर उन रूटों पर किराया साढ़े चार गुना तक बढ़ गया है, जहां सिर्फ एक एयरलाइन का दबदबा है। दिल्ली-पटना का सामान्य किराया ₹3,500-4,500 से बढ़कर ₹12,500 से ऊपर पहुंच गया। इंडिगो के एकाधिकार वाले कोलकाता-देवघर रूट पर किराया ₹2,800 से बढ़कर ₹12,500 (4.5 गुना) हो गया, जबकि दिल्ली-अगत्ती ₹8,500 से ₹25,000 (3 गुना) तक पहुंच गया। बेंगलुरु-झारसुगुड़ा और मुंबई-बरेली रूट पर भी हवाई किराए 230% से 285% बढ़ गए हैं। दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-बेंगलुरु जैसे प्रतिस्पर्धी ट्रंक रूटों पर किराया 11-15% ही बढ़ा।

1.38 करोड़ का खराब फूड जब्त

### अमेजन और स्विगी के डार्क स्टोर पर छापे

बिजनेस संवाददाता | बेंगलुरु

कर्नाटक खाद्य सुरक्षा विभाग ने बेंगलुरु में अमेजन और स्विगी इंस्टामार्ट के सेंटर्स पर छापे मारकर 1.38 करोड़ रुपए का एक्सपायर्ड और गलत लेबल वाला खाना और 4.02 लाख रुपए की बिना लाइसेंस दवाएं जब्त की हैं। ऑनलाइन डिलीवरी लेने वाले ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

**सील: स्विगी इंस्टामार्ट का होसकोटे सेंटर बंद...** विभाग ने अस्वच्छ परिस्थितियों और नियमों के उल्लंघन पर स्विगी इंस्टामार्ट का होसकोटे सेंटर बंद करा दिया। जांच के दौरान यहां कुल 1 करोड़ रुपए के एक्सपायर्ड और गलत लेबल वाले प्रोडक्ट्स की पहचान की गई है।

**जांच: एक्सपायर्ड चॉकलेट, मिठाइयां, घी-मेवा मिला** बेंगलुरु के लिंगराजपुरम के लियो 7 एंटरप्राइजेज में 56 लाख मूल्य के एक्सपायर्ड न्यूट्रिशनल प्रोडक्ट्स, पेय पदार्थ, चॉकलेट, मिठाइयां, घी और मेवे मिले।

अगस्त में रिकॉर्ड तेजी...

### ईवी बिक्री 53% बढ़ी, मार्केट शेयर 12.3%

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की रिटेल बिक्री अगस्त 2026 में सालाना आधार पर 53% बढ़कर रिकॉर्ड 2,98,448 यूनिट पहुंच गई। अगस्त 2025 में कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 9.5% थी, जो अब बढ़कर 12.3% हो गई है। चारों प्रमुख ईवी श्रेणियों ने अगस्त का नया बिक्री रिकॉर्ड बनाया। सबसे अधिक 1,83,204 इलेक्ट्रिक दोपहिया बिके। यह पिछले साल के 1,09,673 वाहनों से 67.05% ज्यादा है। ई-कारों की बिक्री 20,210 से 52% बढ़कर 30,696 और तिपहिया वाहनों की बिक्री 25.28% बढ़कर 79,846 इकाई पहुंच गई। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री लगभग तीन गुना होकर रिकॉर्ड 4,702 रही। फाडा अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा कि कुल ईवी बिक्री में दोपहिया की हिस्सेदारी 60% से अधिक है। तिपहिया श्रेणी में ईवी की पैठ सबसे ज्यादा 65.3% और यात्री वाहनों में 7.6% हो गई है।

रसोई का बजट बढ़ा

### महंगे प्याज, तेल से घर की थाली 5% तक महंगी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

घर में बनी शाकाहारी थाली की औसत लागत अगस्त में सालाना आधार पर 1% बढ़कर 29.5 रुपए हो गई। अगस्त 2025 में यह 29.1 रुपए थी। मासिक आधार पर भी शाकाहारी थाली 1% महंगी हुई। क्रिसिल इंटेलिजेंस के मुताबिक, मांसाहारी थाली 5% महंगी होकर 54.6 से 57.5 रुपए पर पहुंच गई। प्याज, खाद्य तेल, चावल और रसोई गैस की बढ़ी कीमतों ने थाली महंगी की। प्याज का भाव आपूर्ति घटने से 43% बढ़कर 28 से 40 रुपए किलो हो गया। खाद्य तेल 11% और रसोई गैस सिलेंडर 10% महंगा हुआ। महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल एवं भंडार प्रभावित हुआ। रबी उत्पादन में भी 5-6% कमी का अनुमान है। हालांकि, आलू और टमाटर की कीमतें क्रमशः 12% और 28% घटने से लागत में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई। ब्रॉयलर के भाव 10% बढ़ने से मांसाहारी थाली पर अधिक असर पड़ा।

**बिजनेस एंकर** देसी प्रीमियम टेस्ट की सालभर मांग, छोटे शहरों में सालाना 11% दर से बढ़ रही बिक्री

# कुदरती स्वाद का ट्रेंड; देश में अल्फांसो, केसर-पिस्ता, पान आइसक्रीम की मांग बढ़ रही; 2033 तक यह बाजार ₹57,500 करोड़ तक पहुंच सकता है

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अल्फांसो आम, पान, केसर, पिस्ता जैसे देसी प्रीमियम स्वाद वाली आइसक्रीम अब लोगों की जुबान पर चढ़ रही है। उपभोक्ता अब इसमें सिर्फ मीठापन नहीं, बल्कि कुदरती सामग्री, हाथ से तैयार विकल्प और अनोखे स्वादों का नया अंदाज तलाश रहे हैं। हालांकि 2033 तक सबसे ज्यादा बिकने वाला फ्लेवर चॉकलेट ही रहेगा, जिसके बाद वैनिला और मैंगो का नंबर आएगा।

क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर ऑन-डिमांड उपलब्धता और बेहतर कोल्ड-चेन नेटवर्क के कारण आइसक्रीम अब सिर्फ गर्मी के मौसम की चीज नहीं रही, बल्कि सालभर कभी भी खाई जाने वाली पसंदीदा डिश बन चुकी है। मेट्रो शहरों के साथ-साथ अब अहमदाबाद, जयपुर, चंडीगढ़, इंदौर और भोपाल जैसे टियर-2 शहरों में भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। परतदार फिलिंग्स, क्रंची एलिमेंट्स, चॉकलेट कोटिंग्स और अलग-अलग बनावट वाले विकल्पों की मांग बढ़ रही है।

बाजार में सबसे ज्यादा तेजी कोन फॉर्मेट में देखने को मिलेगी। खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग सॉल्यूशंस देने वाली वैश्विक कंपनी टेट्रा पैक ने आईएमएआरसी की रिसर्च रिपोर्ट का हवाला दिया है। इसके मुताबिक, भारत का आइसक्रीम बाजार 2025 से 2033 के दौरान 11% की सालाना ग्रोथ रेट से बढ़कर 2033 तक 57,500 करोड़ रुपए का हो जाएगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए लो-फैट, लो-शुगर और बिना अतिरिक्त चीनी वाले विकल्प भी आ रहे हैं। ब्रांड्स अब वेगन, हाई-प्रोटीन, प्रोबायोटिक और प्राकृतिक सामग्री से बने प्रोडक्ट्स पेश कर रहे हैं। देश के संगठित आइसक्रीम बाजार में महाराष्ट्र 15% हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात का नंबर आता है। टेट्रा पैक के प्रोसेसिंग डायरेक्टर प्रमोद कंडवाल के मुताबिक, नए फॉर्मेट्स, लाइफस्टाइल बदलाव और बड़े पैमाने पर उत्पादन क्षमता के चलते भारतीय बाजार नए दौर में है।

कंपनियां यह अनुमान लगाने में जुटी हैं कि ग्राहक क्या चाहते हैं। टेट्रा पैक की क्षमताएं आइसक्रीम की पूरी वैल्यू चेन में फैली हुई हैं, जिसमें प्रोडक्ट के विचार और फॉर्मुलेशन से लेकर बड़े पैमाने पर उत्पादन शामिल है। कंपनी का 'मेड-इन-इंडिया' पोर्टफोलियो उभरते नए ब्रांडों से लेकर स्थापित कंपनियों को इनोवेशन क्षमता, उत्पादन और गुणवत्ता सुधारने में मदद कर रहा है।

**चेन्नई में इंडियन आइसक्रीम कांग्रेस एंड एग्जीबिशन 10 से 12 सितंबर के बीच**



टेट्रा पैक 10 से 12 सितंबर तक चेन्नई में आयोजित होने वाली इंडियन आइसक्रीम कांग्रेस एंड एग्जीबिशन (आईआईसीई) 2026 में हिस्सा लेगी। यहां 'ग्रोथ के लिए डिजाइन, दक्षता के लिए निर्मित' थीम पर कंपनियां स्टॉल लगाकर प्रोडक्ट डेवलपमेंट से लेकर बड़े पैमाने पर उत्पादन तक के सॉल्यूशंस का प्रदर्शन करेंगी।

**भास्कर रिसर्च**

### एलपीजी: 73% तक पहुंच, पर सिर्फ 23% ग्रामीण परिवार पूरी तरह निर्भर



**नई दिल्ली** | ग्रामीण भारत में एलपीजी की पहुंच और इस्तेमाल के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। करीब 73% ग्रामीण परिवारों तक एलपीजी की पहुंच है। लेकिन पिछले 90 दिनों में सिर्फ 23% परिवार खाना पकाने के लिए पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर रहे। सीईईडब्ल्यू के नए सर्वे के अनुसार आधे परिवार अभी भी मुख्य ईंधन के तौर पर जलाऊ लकड़ी इस्तेमाल करते हैं।

**बाधाएं** गांवों में अभी भी मुख्य ईंधन लकड़ी

- **पहुंच:** 47% एलपीजी इस्तेमाल करने वाले ग्रामीण परिवारों को ही सिलेंडर की घर तक डिलीवरी मिलती है।
- **कीमत:** एलपीजी का इस्तेमाल नहीं करने वाले 70% ग्रामीण परिवारों ने लागत को प्रमुख बाधा बताया।
- **उपलब्धता:** अनियमित उपलब्धता, आसानी से मिलने वाली जलाऊ लकड़ी, पारंपरिक चूल्हे पर बने खाने की पसंद।

**सर्वे:** असम, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 2,222 परिवारों पर किया गया।

### देश के 16% ऑफिस अब रीट के दायरे में: नाइट फ्रैंक

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश में कुल 105 करोड़ वर्गफुट ऑफिस स्टॉक में से 16.7 करोड़ वर्गफुट छह सूचीबद्ध रीट के पास है। यानी करीब 16% ऑफिस अब संस्थागत मंचों के दायरे में हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया और एसोचैम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय ऑफिस बाजार का अनुमानित मूल्य 18.8 लाख करोड़ है। रीट के पास 3.6 करोड़ वर्गफुट अतिरिक्त क्षेत्र निर्माणाधीन है। शहरों में बेंगलुरु सबसे आगे है। यहां कुल ऑफिस स्टॉक का 27% यानी 6.76 करोड़ वर्गफुट रीट के पास है। हैदराबाद में यह हिस्सेदारी 20% और मुंबई में 14% है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर भी बेहतर ऑफिस की मांग बढ़ा रहे हैं। कुल ऑफिस लेनदेन में इनकी हिस्सेदारी 2023 के 35% से बढ़कर 2026 की पहली छमाही में 43% हो गई।

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 9 सितंबर, 2026

कल्पमेधा

> लोग धूल की तरह होते हैं। या तो वे आपको पोषण देकर एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने में मदद कर सकते हैं, या वे आपका विकास रोककर और थका कर मृत कर सकते हैं।
> – प्लेटो

## बुजुर्गों की सुध

किसी भी समाज और देश में अगर बुजुर्गों का जीवन मुश्किलों तथा चुनौतियों से दो-चार हो, तो यह न केवल वहां के कल्याण कार्यक्रमों में उनके हित से जुड़े प्रावधानों की विफलता है, बल्कि एक तरह से सामाजिक संवेदनाओं पर भी सवाल है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि परिवार से उपेक्षित बुजुर्ग जब किसी वृद्धाश्रम में पहुंचा दिए जाते हैं, तो वहां भी उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर वृद्धाश्रमों में भी उनकी देखभाल को लेकर जैसी उपेक्षा या उदासीनता बरती जाती है, वह बुजुर्गों के प्रति समूचे समाज के रवैये में गिरावट का उदाहरण है। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के सभी राज्यों को यह निर्देश दिया है कि वे वृद्धाश्रमों की स्थापना और वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति के बारे में ताजा रिपोर्ट दाखिल करें। शीर्ष अदालत दरअसल करीब दस साल पहले दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बुजुर्गों के कल्याण और संरक्षण के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने का अनुरोध किया गया है।

कहने को भारतीय समाज में बुजुर्गों को बेहद सम्मानजनक स्थान प्राप्त है। ज्यादातर परिवारों में कमोबेश उनका इतना खयाल जरूर रखा जाता है, ताकि वे अपना जीवन संतोषजनक तरीके से गुजार सकें। हालांकि ऐसे लोग भी हैं, जो घर के वृद्धों की खुशी और सेहत के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। कई बुजुर्ग अगर लंबी उम्र तक जी पाते हैं या अपना आखिरी दौर खुशी और संतोष के साथ बिता पाते हैं, तो उसमें उनका खयाल रखने वाली संतानों की बड़ी भूमिका होती है। मगर इसके बरक्स ऐसे लोग भी होते हैं, जो माता-पिता या घर के किसी भी बुजुर्ग को बोझ मानने लगते हैं। कई दंपति सिर्फ इसलिए माता-पिता से अलग रहने लगते हैं, ताकि उनकी सुविधाजनक जिंदगी में कोई दखल न हो। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि अपनी संतान को जन्म देने से लेकर उन्हें पाल-पोस कर बड़ा करने और अपने बूते खड़ा होने लायक बनाने के लिए माता-पिता ने अपने सारे सुख की अनदेखी करके अपना पूरा जीवन झोंक दिया होता है।

इसके बावजूद ऐसी नौबत क्यों आती है कि एक सुरक्षित स्थिति में जाते ही कुछ लोग माता-पिता को अपने हाल पर अकेले रहने के लिए छोड़ देते हैं। यहां तक कि किसी बीमारी से उपजी पीड़ा और बच्चों के प्रति उनकी संवेदनात्मक भूख का भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझते। कई परिवार घर में बुजुर्गों की देखभाल नहीं करने या उपेक्षा करने से आगे जाकर उन्हें किसी ऐसे वृद्धाश्रम में पहुंचा देते हैं, जहां वे अपने जीवन का बचा हुआ वक्त किसी तरह काटते हैं। इस संदर्भ में उन कानूनी तकाजों का भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता, जिनमें माता-पिता या बुजुर्गों की देखभाल को लेकर संतानों की कुछ जिम्मेदारी तय की गई है। ऐसा शायद इसलिए भी संभव हो पाता है कि बहुत कम माता-पिता अपने प्रति संवेदनहीन हो जाने वाली संतानों को अदालत के कठघरे में खड़ा करके अपना खयाल रखे जाने का अधिकार मांगते हैं। सरकारी कल्याण कार्यक्रमों की हालत यह है कि वृद्धावस्था पेंशन या कुछ अन्य सहायता देने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन व्यवहार में उनसे बुजुर्गों को कितना लाभ मिलता है, इसकी सुधि लेने की जरूरत नहीं समझी जाती। परिवारों से उपेक्षित बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम एक विकल्प जरूर है, लेकिन वहां संवेदना, संरक्षण और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित कराना सरकार की ही जिम्मेदारी है।

## अपराध का दायरा

भारत की विविधता को उसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक माना जाता रहा है। अलग-अलग भाषा, संस्कृति, खान-पान और जीवनशैली के बावजूद देश की एकता कायम है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को आज भी देश के कई हिस्सों में भेदभाव, उपेक्षा और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ता है। उनकी अलग भौगोलिक और सांस्कृतिक पहचान को लेकर बने पूर्वाग्रह और गलत धारणाएं इस समस्या को और गंभीर बनाती हैं। दिल्ली में मणिपुरी संगीतकार चोंगथाम विक्रम सिंह की हत्या को भी इसी धारणा से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे एक बार फिर यह सवाल उठ रहा है कि क्या दिल्ली जैसे महानगरों की चकाचौंध में नागरिकों की सुरक्षा का मसला हाशिये पर चला गया है। निश्चित तौर पर यह सरकार और कानून-व्यवस्था की नाकामी का भी प्रश्न है, क्योंकि देश की राजधानी होने के बावजूद यहां बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के दावे अक्सर खोखले साबित होते हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली की सनलाइट कालोनी में बीते रविवार की रात को मणिपुरी संगीतकार विक्रम सिंह ने अपने घर के पास कुछ लोगों को शराब पीकर हंगामा और शोर मचाने से रोकने की कोशिश की थी। इसी से गुस्साए लोगों ने उनसे मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई। यों हर अपराध कानून-व्यवस्था की विफलता का सूचक है, लेकिन जब कोई पीड़ित देश के पूर्वोत्तर राज्य से हो, तब ऐसी घटना को एक व्यापक सामाजिक संदर्भ में देखा जाता है। पूर्वोत्तर राज्यों के लोग अक्सर यह शिकायत करते रहे हैं कि दिल्ली सहित देश के अनेक शहरों में उन्हें केवल शक्ल-सूरत, भाषा, खान-पान और जीवन-शैली के कारण पूर्वाग्रहों से भरी दृष्टि से देखा जाता है। इस क्षेत्र के लोगों पर किसी दूसरे प्रदेश में नस्लीय दुराग्रहों की वजह से हमले या उनकी हत्या के मामले भी अक्सर सामने आते रहे हैं। भेदभाव की यह प्रवृत्ति न केवल ऐसे पूर्वाग्रह पालने वालों की सोच पर सवाल उठाती है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता की भावना को भी चोट पहुंचाती है। इसलिए हत्या की इस वारदात की जांच निष्पक्ष तरीके से की जानी चाहिए और इसमें यह भी देखना जरूरी है कि क्या इसके पीछे किसी तरह का भेदभाव या इससे उपजी पूर्वाग्रह की मानसिकता तो नहीं थी!

# पढ़ाई के बजाय उत्पीड़न का पाठ



**शिक्षा का सबसे बुनियादी पैमाना यह होना चाहिए कि क्या हमारा बच्चा सुबह स्कूल जाते समय खुश है या नहीं! क्या गृहकार्य की एक कापी बच्चे के जीवन से बड़ी हो सकती है?**

श्रवण कुमार

अनुशासन के नाम पर हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और विद्यालयों की जवाबदेही पर अब यह सवाल जरूरी है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को आखिर क्या दे रही है- ज्ञान या भय? हाल ही में विशाखापत्तनम के एक स्कूल में एक बच्चे की मौत ने इस सवाल को बेहद कड़वी सच्चाई में बदल दिया है। खबरों के अनुसार, बच्चे के परिवार ने आरोप लगाया कि गृहकार्य पूरा न करने पर शिक्षक ने उसे थप्पड़ मारा। सामने आए वीडियो में शिक्षक बच्चे को डांटते और थप्पड़ मारते हुए दिख रहा है। इस घटना के बाद बच्चा कक्षा में गिर पड़ा और अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार जरूर किया गया, लेकिन बच्चे की मृत्यु का अंतिम सच जांच और पोस्टमार्टम के निष्कर्षों से ही तय होगा। सवाल है कि क्या किसी बच्चे को शिक्षा देने के नाम पर थप्पड़ मारना चाहिए?

इसके बाद दिल्ली में ग्यारह वर्षीय एक छात्रा से जुड़ी घटना ने भी स्कूलों में बच्चों के साथ व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल में शिक्षक द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी और बाद में उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस और उपलब्ध जानकारी के अनुसार कहा गया कि बच्ची को पहले से ही गंभीर बीमारी थी। सत्य तो जांच के बाद पता चलेगा, लेकिन स्कूलों में बच्चों की शारीरिक और मानसिक पीड़ा को पर्याप्त गंभीरता से लिया जाना जरूरी है।

भारत में बच्चों को शारीरिक दंड से बचाने के लिए कानून मौजूद है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा-17 बच्चे को शारीरिक सजा और मानसिक उत्पीड़न स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करती है। इसी कानून में विद्यालयों के मानकों, शिक्षकों के कर्तव्यों और शिकायतों के निवारण से संबंधित प्रावधान भी हैं। इसके बावजूद स्कूलों में 'मार से सुधार' की संस्कृति अभी तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। हमारे समाज में अनुशासन और सजा को लंबे समय तक एक-दूसरे का पर्याय समझा गया। 'हमारे जमाने में मास्टर मारता था', 'एक थप्पड़ से बच्चा सीधा हो जाता है', 'बच्चे में थोड़ा डर जरूरी है', ये वाक्य सामान्य बातचीत में आज भी सुनाई देते हैं। मगर आधुनिक बाल मनोविज्ञान और बाल अधिकार की अवधारणा ने इस सोच को चुनौती दी है। बच्चे की भावनात्मक संरचना अलग है। शिक्षक की डांट उसके लिए उतनी ही बड़ी घटना हो सकती है, जितनी किसी वयस्क के लिए सार्वजनिक अपमान। शिक्षक का एक थप्पड़ शायद उसके लिए पांच मिनट की घटना हो, लेकिन बच्चे के लिए वह महीनों तक चलने वाला भय बन सकता है।

नवंबर, 2025 में महाराष्ट्र में छठी कक्षा की एक छात्रा की मौत से जुड़ा मामला भी देश का ध्यान खींच चुका है। उस घटना में परिवार ने आरोप लगाया था कि स्कूल देर से पहुंचने पर बच्ची को सौ बार उठक-बैठक करने की सजा दी गई। परिवार ने दावा किया कि इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में शिक्षक की गिरफ्तारी हुई। यहां अहम प्रश्न यह है कि स्कूल में किसी बच्चे को सजा देने के लिए



शारीरिक प्रताड़ना का इस्तेमाल आखिर किस शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा है? देर से आने की गलती का समाधान संवाद हो सकता है। समय-प्रबंधन सिखाया जा सकता है। अभिभावकों से संवाद किया जा सकता है, लेकिन शरीर को सजा देने का औजार बना देना किस प्रकार का अनुशासन है?

> गणित का शिक्षक गणित जानता हो, विज्ञान शिक्षक विज्ञान जानता हो, भाषा शिक्षक भाषा का अच्छा ज्ञान रखता हो, यह स्वाभाविक है। लेकिन क्या हर शिक्षक को यह पता है कि छह वर्ष के बच्चे का व्यवहार कैसा होता है? क्या उसे पता है कि किसी बच्चे के लगातार गृहकार्य न करने के पीछे पारिवारिक तनाव, सीखने में कठिनाई, ध्यान संबंधी समस्या या कोई भावनात्मक वजह हो सकती है? क्या शिक्षक को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि गुस्से में प्रतिक्रिया देने के बजाय कक्षा को कैसे संभालना है? यही वह क्षेत्र है जहां शिक्षक प्रशिक्षण की गंभीरता सामने आती है। कक्षा प्रबंधन हिंसा से नहीं, कौशल से आता है। बच्चों को डराना आसान है। उन्हें समझना कठिन है। अच्छा शिक्षक वही है जो कठिन रास्ता चुनता है।

चिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों ने भी चेताया है कि बच्चों से अचानक और असामान्य रूप से कठोर शारीरिक गतिविधि कराना जोखिमपूर्ण हो सकता है।

अगस्त, 2024 में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक छात्रा की आत्महत्या से जुड़े मामले में शिक्षक की याचिका खारिज करते हुए स्कूल में शारीरिक हिंसा पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा कि शिक्षा या अनुशासन के नाम पर बच्चे के साथ शारीरिक हिंसा क्रूरता है और बच्चे को संवेदनशीलता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। यह टिप्पणी केवल किसी एक मामले के संदर्भ में नहीं देखी जानी चाहिए। यह उस बुनियादी सिद्धांत की पुनर्पुष्टि है कि बच्चे पर शिक्षक का अधिकार उसकी गरिमा से ऊपर नहीं हो सकता। शिक्षक को कक्षा में अनुशासन लाने का अधिकार है, लेकिन बच्चे की गरिमा छीनने का अधिकार नहीं। विद्यालय को व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता है, लेकिन भय पैदा करके व्यवस्था कायम करना शिक्षा नहीं है।

स्कूलों में हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट तक सीमित नहीं है। कक्षा में बच्चे को सबके सामने अपमानित करना, उसकी तुलना दूसरे बच्चों से करना, जाति या सामाजिक पृष्ठभूमि पर टिप्पणी करना, लगातार उसे 'नालायक' कहना, पूरी कक्षा के सामने खड़ा कर देना, धमकाना या अलग-थलग करना भी बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की स्कूल सुरक्षा संबंधी सामग्री भी सकारात्मक व्यवहार, बच्चों की भागीदारी, समस्या के मूल कारण को समझने और सजा के स्थान पर सकारात्मक अनुशासन पर जोर देती है। आयोग ने स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए नियमावली और विस्तृत दिशानिर्देश उपलब्ध कराए हैं।

हम शिक्षक से विषय का विशेषज्ञ होने की अपेक्षा करते हैं। गणित का शिक्षक गणित जानता हो, विज्ञान शिक्षक विज्ञान जानता हो, भाषा शिक्षक भाषा का अच्छा ज्ञान रखता हो, यह स्वाभाविक है। लेकिन क्या हर शिक्षक को यह पता है कि छह वर्ष के बच्चे का व्यवहार कैसा होता है? क्या उसे पता है कि किसी बच्चे के लगातार गृहकार्य न करने के पीछे पारिवारिक तनाव, सीखने में कठिनाई, ध्यान संबंधी समस्या या कोई भावनात्मक वजह हो सकती है? क्या शिक्षक को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि गुस्से में प्रतिक्रिया देने के बजाय कक्षा को कैसे संभालना है? यही वह क्षेत्र है जहां शिक्षक प्रशिक्षण की गंभीरता सामने आती है। कक्षा प्रबंधन हिंसा से नहीं, कौशल से आता है। बच्चों को डराना आसान है। उन्हें समझना कठिन है। अच्छा शिक्षक वही है जो कठिन रास्ता चुनता है। हर घटना के बाद केवल शिक्षक को निलंबित कर देना सबसे आसान तरीका है। इससे तत्काल जन आक्रोश शांत हो सकता है, लेकिन समस्या समाप्त नहीं होती।

भारत में शिक्षा का निजीकरण बढ़ा है। स्कूलों की फीस, सुविधाएं और परिणामों की चर्चा खूब होती है। मगर बच्चे के अधिकारों की चर्चा अपेक्षाकृत कम होती है। अभिभावक फीस देते हैं, लेकिन बच्चा स्कूल में कोई 'ग्राहक' नहीं है। वह भी अधिकार संपन्न नागरिक है। उसकी गरिमा है। उसकी आवाज है। उसका मानसिक स्वास्थ्य है। सुरक्षा का अधिकार है। विद्यालय का दायित्व केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं है। उसका दायित्व ऐसा वातावरण बनाना है जिसमें बच्चा प्रश्न पूछ सके, गलतियों से सीख सके और अपनी बात कह सके। जिस कक्षा में गलती करने से बच्चा डरता है, वहां सीखने की प्रक्रिया आधी मर चुकी होती है। शिक्षा का सबसे बुनियादी पैमाना यह होना चाहिए कि क्या हमारा बच्चा सुबह स्कूल जाते समय खुश है या नहीं? क्या गृहकार्य की एक कापी बच्चे के जीवन से बड़ी हो सकती है? ये कुछ सवाल हैं जिनका हमें सामना करना होगा।

## दुनिया मेरे आगे

# समावेशी सोच

वंदना तिवारी

हमारे समाज में लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि घर का काम मुख्य रूप से महिलाओं की जिम्मेदारी है और बाहर जाकर कमाना पुरुषों का दायित्व। मगर बदलते समय के साथ परिवार की यह तस्वीर तेजी से बदल रही है। जब कक्षा छह के सामाजिक विज्ञान के एक पाठ में बच्चों से पूछा गया कि 'क्या पिता खाना बना सकते हैं' और 'क्या मां घर के बाहर काम कर सकती हैं', तो चर्चा केवल एक पाठ तक सीमित नहीं रही। बातचीत बच्चों को परिवार, जिम्मेदारी और साझेदारी के नए अर्थ समझाने लगी। दरअसल, बच्चे परिवार और समाज को देखकर ही स्त्री और पुरुष की भूमिकाओं को समझना शुरू करते हैं। अगर वे बचपन से यह देखते और सुनते हैं कि घर का काम केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है और बाहर जाकर कमाना केवल पुरुषों का दायित्व है, तो यही धारणाएं उनके भीतर सामान्य और स्वाभाविक मान्यता के रूप में स्थापित हो जाती हैं। बाद में यही धारणाएं लैंगिक असमानता, महिलाओं पर दोहरे बोझ और घर के काम के असमान बंटवारे को बनाए रखती हैं।

आज के बदलते परिवेश में जब परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी साझा है, तो घरेलू जिम्मेदारियां भी साझा क्यों नहीं होनी चाहिए? खाना बनाना, बच्चों की देखभाल करना, सफाई करना या परिवार के अन्य सदस्यों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना केवल स्त्री का काम नहीं माना जा सकता। पिता खाना बना सकते हैं और मां घर के बाहर काम कर सकती हैं। परिवार की भूमिकाएं स्थिर नहीं होतीं, बल्कि सहयोग, संवेदनशीलता और परिस्थितियों के अनुसार साझा की जा सकती हैं। शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक की जानकारी देने का माध्यम नहीं है। वह बच्चों को समाज में उपस्थित असमानताओं को पहचानने, उन पर प्रश्न करने और अधिक न्यायपूर्ण संबंधों की कल्पना करने का अवसर भी देती है। विद्यालय में बच्चों को लैंगिक संवेदनशीलता के बारे में पढ़ाना इसलिए जरूरी है, ताकि वे समझ सकें कि किसी कार्य को केवल स्त्री या पुरुष से जोड़ना उचित नहीं है। जब बच्चों को यह समझाया जाएगा कि पारिवारिक भूमिकाओं में सहयोग और लचीलापन एक संतुलित और सहयोगी वातावरण का निर्माण करते हैं, तो उनकी धारणा भी अलग जमीन पर विकसित होगी।

भूमिका-अभिनय यानी रोल-प्ले सामाजिक विज्ञान के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ है, क्योंकि इससे बच्चों में सहानुभूति और समझ का विकास संभव हो पाता है। जब बच्चे विभिन्न पारिवारिक भूमिकाएं निभाते हैं, तो उन्हें विविध दृष्टिकोणों की समझ प्राप्त होती है और वे पारिवारिक अंतःक्रियाओं की जटिलताओं की सराहना करते हैं। यह अनुभवात्मक अधिगम मानव व्यवहार और सामाजिक मानदंडों को समझने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण साबित होता है, जो सामाजिक विज्ञान शिक्षा के केंद्रीय तत्त्व है। भूमिका-अभिनय के माध्यम से विद्यार्थी न केवल परिवार के भीतर विशिष्ट भूमिकाओं के बारे में सीखते हैं, बल्कि वे अपने निर्धारित परिदृश्यों की चुनौतियों का सामना करते हुए आलोचनात्मक चिंतन और समस्या-समाधान कौशल भी विकसित करते हैं।

लैंगिक संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाने का अर्थ केवल यह बताना नहीं है कि महिलाएं भी बाहर काम कर सकती हैं। इसका अर्थ यह समझाना भी है कि आर्थिक रूप से योगदान देने वाली महिला से घर की पूरी जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा करना असमानता है। इसी प्रकार पुरुषों को घरेलू काम से दूर रखना भी उन्हें देखभाल, संवेदनशीलता और पारिवारिक साझेदारी के अनुभव से वंचित करता है। साझा जिम्मेदारियां स्त्री और पुरुष दोनों को रूढ़िवादी भूमिकाओं की सीमाओं से बाहर आने का अवसर देती हैं।

बच्चों के भीतर नए प्रकार के सामाजिक बदलावों के प्रति लचीलापन विकसित करना और उन्हें बदलते परिवेश से अवगत कराना बेहद जरूरी है। इससे वे केवल अपने परिवार की भूमिकाओं को अलग दृष्टि से नहीं देखते, बल्कि समानता, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को अपने जीवन से जोड़कर समझते हैं। यही समझ आगे चलकर उनके व्यक्तिगत संबंधों, कार्यस्थल और सामाजिक व्यवहार को अधिक न्यायपूर्ण बना सकती है। यह दृष्टिकोण न केवल पारिवारिक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की गहरी समझ विकसित करता है, बल्कि वास्तविक जीवन के मुद्दों पर गतिशील और रोचक तरीके से आलोचनात्मक चिंतन को भी प्रोत्साहित करता है। इस तरह के सामाजिक प्रशिक्षण पारिवारिक गतिशीलता की जटिलताओं तथा साझा जिम्मेदारियों के महत्त्व को सिखाने में भूमिका-अभिनय की उपयोगिता को उजागर करते हैं, जो एक संतुलित पारिवारिक जीवन के निर्माण में योगदान देती हैं।

> बच्चों के भीतर नए प्रकार के सामाजिक बदलावों के प्रति लचीलापन विकसित करना और उन्हें बदलते परिवेश से अवगत कराना बेहद जरूरी है। इससे वे केवल अपने परिवार की भूमिकाओं को अलग दृष्टि से नहीं देखते, बल्कि समानता, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को अपने जीवन से जोड़कर समझते हैं।

अगर शिक्षा बच्चों को रूढ़िवादी लैंगिक भूमिकाओं पर प्रश्न करना नहीं सिखाएगी, तो समाज में वास्तविक बदलाव कठिन होगा। केवल महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है। परिवार और समाज की सोच तथा जिम्मेदारियों के बंटवारे में भी परिवर्तन आवश्यक है। अन्यथा महिलाएं बाहर काम करने के बाद भी घर के काम का पूरा बोझ उठाती रहेंगी और समानता का विचार व्यवहार में नहीं उतर पाएगा। आजादी के इतने वर्षों बाद भी अगर हम बच्चों को उन्हीं रूढ़िवादी लैंगिक भूमिकाओं, असमानताओं और लैंगिक असंवेदनशीलता के बीच बड़ा होने देंगे, तो समाज न तो प्रगतिशील बन पाएगा और न ही वैचारिक रूप से स्वतंत्र। बच्चों को शिक्षा के माध्यम से बदलती पारिवारिक भूमिकाओं, साझा जिम्मेदारियों और लैंगिक समानता से परिचित कराना बेहद जरूरी है। यही समझ उन्हें नए सामाजिक परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील और लचीला बनाएगी तथा एक अधिक समान, सहयोगी और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता करेगी।

चौपाल

### कौन जिम्मेदार

मलबे के बीच से जब धूल का गुबार छंटा, तो पीछे छोड़ गया केवल एक सन्नाटा। ऐसा सन्नाटा जो किसी का सब कुछ छिन जाने के बाद फैलता है। दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में पुरानी इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गई। उस समय सिर्फ ईंट-गारे का ढांचा नहीं गिरा था। उसके साथ ढह गए थे कई मासूम सपने, बरसों की हाड़-तोड़ मेहनत और एक छत के नीचे पलती जिंदगी की उम्मीदें। उस दोपहर जब आसपास के लोग धमाके की आवाज सुन कर दौड़े, तो कोई किसी का रिश्तेदार या जानने वाला नहीं था। मलबा हटाते छात्रों, पड़ोसियों और राहत दलों की आंखों में एक ही तड़प थी। शायद नीचे कोई सांस अब भी चल रही हो। कंक्रीट की सिल्लियों के बीच से जब किसी की हल्की सी कराह सुनाई देती थी, तो वहां मौजूद हर शख्स की सांसें थम जाती थीं। अस्पताल के बाहर बिखरी चप्पलों, धूल से सने कपड़ों और आंसुओं के बीच सिर्फ एक सवाल तैर रहा था। गलती किसकी थी? इमारत का गिरना महज एक तकनीकी या प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, यह उस मानवीय संवेदना का भी इम्तिहान है जो हम अक्सर कागजों और बयानों में भूल जाते हैं।

*– स्वीटी कुमारी, सत्य निकेतन, दिल्ली*

### आतंक का संजाल

अंतरराष्ट्रीय राजनीति जिस दौर से गुजर रही है, उसमें सुरक्षा की चुनौतियां अब केवल किसी एक देश की सीमा तक सीमित नहीं रह गई हैं। आतंकवाद, कट्टरपंथ, अवैध वित्तपोषण और आतंकियों को मिलने वाला समर्थन वैश्विक शांति के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसे समय में किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ भारत का स्पष्ट और कठोर संदेश विशेष महत्त्व रखता है। आतंकवादी संगठन तभी लंबे समय तक सक्रिय रह सकते हैं, जब उन्हें धन, हथियार, प्रशिक्षण, वैचारिक समर्थन और सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध हों। इसलिए किसी एक आतंकी हमले के बाद कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लेना या किसी संगठन के कुछ ठिकानों पर कार्रवाई कर देना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक चुनौती उस पूरे संजाल को तोड़ने की है, जो आतंकवाद को लगातार नई ऊर्जा देता है।

*– कांतिलाल मांडोत लखनऊ*

### नशे का जोखिम

देश के सामने राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां बदल रही हैं। एक समय देश के बड़े भूभाग में नक्सलियों को आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर चुनौती माना जाता था। उसके बाद आतंकवाद और सीमा पार से होने वाली गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकताओं में रहीं। अब केंद्र सरकार ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और नशे की समस्या को उसी गंभीरता से लेने का संकेत दिया है। मादक पदार्थों का खतरा बंदूक और बम की तरह दिखाई नहीं देता। आतंकवादी हमला किसी शहर को एक दिन में दहला सकता है, नक्सली हिंसा किसी क्षेत्र को वर्षों तक अस्थिर कर सकती है, लेकिन नशा धीरे-धीरे समाज की युवा शक्ति, परिवार की आर्थिक क्षमता, श्रम उत्पादकता और भविष्य की मानव पूंजी को कमजोर करता है। इसका प्रभाव इसलिए कहीं अधिक व्यापक और दीर्घकालिक हो सकता है।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

### साक्षरता के मायने

'साक्षरता का सपना' (दुनिया मेरे आगे, 8 सितंबर) पढ़ा। वर्ष 1951 में महज 18.3 फीसद की साक्षरता दर से शुरू हुई यात्रा का वर्ष 2011 में 74.04 फीसद तक पहुंचना निस्संदेह बड़ी उपलब्धि है। मगर स्वतंत्रता के आठ दशक बाद भी संपूर्ण साक्षरता का सपना अधूरा रहना गंभीर आत्ममंथन की मांग करता है। अठारह अप्रैल 1991 को जब केरल पूर्ण साक्षर राज्य बना, तब उसने संपूर्ण देश में एक नया भरोसा जगाया था। मगर कालक्रम में साक्षरता अभियान सिमट कर केवल सरकारी आंकड़ों और कार्यक्रमों तक सीमित हो गया, जिससे विकास की गति प्रभावित हुई। आज के बदलते दौर में साक्षरता का अर्थ केवल कागज पर नाम लिख लेना या अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि वित्तीय जागरूकता और अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों की समझ ही सच्ची साक्षरता है।

*– मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी, हरियाणा*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

विशेष
जनसत्ता | 9 सितंबर, 2026

## एथेनाल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम में लचीला रुख अपनाए सरकार : इक्रियर

सरकार को एथेनाल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम में लचीला रुख अपनाते हुए ई20 के लक्ष्य को दीर्घकालिक उद्देश्य के रूप में बनाए रखना चाहिए। साथ ही, घरेलू स्तर पर एथेनाल की उपलब्धता कम होने पर अस्थायी रूप से ई15 मिश्रण की अनुमति दी जा सकती है। इक्रियर के एक शोधपत्र में यह सुझाव दिया गया है। 'फूड वर्सेस फ्यूलः रीकैलिब्रेटिंग इंडियाज एथेनाल ब्लेंडिंग स्ट्रैटेजी' (खाद्य बनाम ईंधनः भारत की एथेनाल मिश्रण नीति में नए सिरे से संतुलन की जरूरत) शीर्षक वाले शोधपत्र में कहा गया कि ई20 को बनाए रखने, एथेनाल का आयात करने और अस्थायी रूप से मिश्रण घटाने के बीच चुनाव मौजूदा परिस्थितियों में इन विकल्पों की आर्थिक लागत के आधार पर किया जाना चाहिए। (ए)



### स्वास्थ्य पत्रिका द लैंसेट में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में खुलासा

# परोक्ष धूम्रपान से भारत में मौतों की संख्या 50 फीसद बढ़ी

जनसत्ता विशेष

भारत में परोक्ष धूम्रपान (दूसरों के तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने) के कारण होने वाली मौतों की संख्या 1990 की तुलना में 2023 में करीब 50 फीसद बढ़ गई हैं। इस दौरान हालांकि, तंबाकू के सेवन के कारण होने वाली मृत्यु दर में लगभग 30 फीसद की कमी आई। दुनिया की प्रमुख स्वास्थ्य शोध पत्रिकाओं में से एक द लैंसेट जन स्वास्थ्य पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

अध्ययन के अनुसार, भारत में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने वाली आबादी 1990 में 37.50 करोड़ से बढ़कर 2023 में 44.40 करोड़ हो गई, यानी इसमें 18.4 फीसद की वृद्धि हुई। हालांकि, उम्र के अनुसार समायोजित प्रसार दर 1990 के 43.20 फीसद से घटकर 2023 में 30.60 फीसद रह गई। आयु के अनुसार समायोजित प्रसार दर एक सांख्यिकीय तरीका है, जिससे अलग-अलग आयु वर्गों में किसी बीमारी या स्थिति की तुलना अधिक निष्पक्ष तरीके से की जा सकती है।

**शोध**

अध्ययनकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल 'ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज (जीबीडी) 2023 सेकेंड-हैंड स्मोक कोलैबोरेटर्स' ने 204 देशों और क्षेत्रों में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क और उससे होने वाली बीमारियों के बोझ का आकलन किया। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि 2023 में दुनियाभर में अनुमानित 271 करोड़ लोग परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में थे, जिनमें 0-14 वर्ष की आयु के 76.70 करोड़ बच्चे शामिल हैं। अध्ययन के अनुसार, 2023 में दुनियाभर में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने की दर 33.90 फीसद थी। चीन, भारत और इंडोनेशिया में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने वाली दुनिया की लगभग आधी प्रभावित आबादी रहती है। वर्ष 2023 में चीन में 66.40 करोड़, भारत में 44.40 करोड़ और इंडोनेशिया में 14.20 करोड़ लोग इसके संपर्क में थे। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी एशिया और ओशिनिया क्षेत्रों में उम्र के अनुसार समायोजित प्रसार दर सबसे अधिक 48.40 फीसद रही। कुछ देशों में महिलाओं के परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने की दर पुरुषों की तुलना में करीब 1.8 गुना अधिक पाई गई। अध्ययन के मुताबिक, भारत में परोक्ष धूम्रपान के कारण 1990 में 2,17,700 मौतें हुई थीं, जो 2023 में बढ़कर 3,25,600 हो गईं। हालांकि, प्रति एक लाख आबादी पर मृत्यु दर 1990 के 46.10 से घटकर 2023 में 30 रह गई, यानी इसमें करीब 35 फीसद की कमी आई। नई दिल्ली स्थित पुष्पावती सिंघानिया अस्पताल एवं शोध संस्थान की वरिष्ठ सलाहकार और फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डा नीतू जैन ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि समायोजित मृत्यु दर में कमी आने के बावजूद परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसका असर केवल श्वसन तंत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि शरीर के कई अंगों पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ सकता है। डा जैन ने कहा कि परोक्ष धूम्रपान हृदय और श्वसन संबंधी कई बीमारियों के खतरे को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि कोरोनरी धमनी रोग जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों में इसका प्रभाव अधिक चिंताजनक हो सकता है।



अध्ययन के मुताबिक, भारत में परोक्ष धूम्रपान के कारण 1990 में 2,17,700 मौतें हुई थीं, जो 2023 में बढ़कर 3,25,600 हो गईं। हालांकि, प्रति एक लाख आबादी पर मृत्यु दर 1990 के 46.10 से घटकर 2023 में 30 रह गई, यानी इसमें करीब 35 फीसद की कमी आई।

### अध्ययनकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल ने 204 देशों और क्षेत्रों में आकलन किया

अध्ययनकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल 'ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज (जीबीडी) 2023 सेकेंड-हैंड स्मोक कोलैबोरेटर्स' ने 204 देशों और क्षेत्रों में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क और उससे होने वाली बीमारियों के बोझ का आकलन किया। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि 2023 में दुनियाभर में अनुमानित 271 करोड़ लोग परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में थे, जिनमें 0-14 वर्ष की आयु के 76.70 करोड़ बच्चे शामिल हैं। अध्ययन के अनुसार, 2023 में दुनियाभर में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने की दर 33.90 फीसद थी। चीन, भारत और इंडोनेशिया में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने वाली दुनिया की लगभग आधी प्रभावित आबादी रहती है। वर्ष 2023 में चीन में 66.40 करोड़, भारत में 44.40 करोड़ और इंडोनेशिया में 14.20 करोड़ लोग इसके संपर्क में थे।

# सीमांत क्षेत्र के कई गांवों को अब भी विकास का इंतजार

जनसत्ता ब्यूरो

केंद्र सरकार ने सीमांत क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए वर्ष 2023 में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) शुरू किया था, लेकिन इन गांवों को अब भी वीवीपी के तहत कई योजनाओं के धरातल पर उतरने का इंतजार है। वीवीपी के तहत हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामों के विकास लिए केंद्र सरकार ने योजनाएं मंजूर कीं। लेकिन सरकार की रिपोर्ट बताती है कि केंद्र ने इस कार्यक्रम में पहले चरण में 663 गांवों के लिए पांच राज्यों की जो 1248 परियोजनाएं मंजूर की थी, उनमें से अब तक 316 परियोजना को ही पूर्ण किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्रालय के कार्यक्रम के तहत 3065.32 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया था। इस धनराशि से अरुणाचल प्रदेश में 832 परियोजना, हिमाचल प्रदेश में 98, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 79, सिक्किम में 87 और उत्तराखंड में 152 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। इन राज्यों की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक कुल 316 परियोजनाओं को ही पूर्ण किया गया है। शेष परियोजनाओं का अभी जमीन पर आने का इंतजार है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 1658 परियोजनाओं को केंद्रीय मंत्रालय और विभागों की ओर से अनुमति दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक योजना के कार्यावयन को सुविधाजनक बनाने के लिए जहां आवश्यक हो संबंधित राज्य, विभाग व केंद्र शासित प्रदेशों से समन्वय के या जाता है। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत किसी तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन नहीं होता।

**पड़ताल**

रिपोर्ट में बताया गया है कि वीपीपी के तहत 134 असंबद्ध गांवों को हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान करने के लिए 2481.81 करोड़ रुपए की मंजूरी दी जा चुकी है। इस धनराशि से 111 सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त संबंधित मंत्रालय व राज्य सरकार की ओर से 528 गांवों में फोर जी मोबाइल नेटवर्क, 625 गांवों में पाइप से पेयजल आपूर्ति और 621 गांव में बिजली उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 140 आफ ग्रिड सोलर परियोजनाओं और सात माइक्रो हाइडल परियोजनाओं की भी मंजूरी दी गई है। ऊर्जा मंत्रालय ने बिजली वितरण संबंधित अवसंचना के संवर्धन के लिए 238.30 की 43 परियोजनाओं को स्वीकार किया गया है। सरकार ने इस कार्यक्रम के तहत ही 40 मोबाइल चिकित्सा इकाइयों को स्वीकृति किया है और स्कूल निर्माण संबंधित योजनाओं को मंजूरी दी है।

हाल ही में केंद्र सरकार वीवीपी के तहत सीमावर्ती गांवों की परिभाषा को फिर से परिभाषित किया है। इसके अनुसार अब वे सुदूर चौकियां नहीं रहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास में राणनीतिक साझेदार बन चुके हैं। सरकार के मुताबिक इस समय पहले व दूसरे चरण में कुल 11639 करोड़ रुपए की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इसकी मदद से सीमावर्ती गांवों में सड़क संपर्क, बिजली, दूर संचार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आजीविका के अवसरों का विस्तार किया जाना है।



वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की सभी योजनाएं नहीं उतरीं जमीन पर।
केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक मंजूर योजनाओं में 316 ही पूर्ण।
सरकार ने पूर्वोत्तर के राज्यों में सीमा से सटे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बनाई है योजना।

# देश में पांच में से एक बस्ती दूषित जल पर आश्रित

राकेश शर्मा

देश में पांच में से एक बस्ती आज भी दूषित भूजल या पेयजल पर आश्रित है। ऐसी बस्तियों को जल जीवन मिशन के तहत सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया। योजना के तहत जुटाए गए आंकड़ों में एक अगस्त 2019 को पानी की गुणवत्ता से प्रभावित ऐसी बस्तियों की संख्या 53733 मिली थी, जो 31 दिसंबर 2025 तक घटकर 11531 रह गई। प्रभावित बस्तियों की संख्या 21.45 फीसद है। इसमें सबसे ज्यादा बस्ती में लवणता की समस्या है।

**आंकड़ा**

जलशक्ति मंत्रालय के अधीन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अनुसार आर्सेनिक, फ्लोराइड, भारी धातु, लौह तत्व, नाइट्रेट और लवणता से प्रभावित बस्तियों की पहचान की गई थी। इन समस्याओं को हल करने के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के बाद पिछले छह साल में करीब 79 फीसद बस्तियां इस श्रेणी से बाहर हो गईं। हालांकि, अभी भी 10,928 बस्तियों में पानी की गुणवत्ता की समस्या बनी हुई है। जबकि 603 बस्तियों में अल्पकालिक उपायों में कवर किया गया है। 11531 बस्तियों में से 64 फीसद बस्तियों में लवणता की समस्या है, जबकि 27.46 फीसद में लौह तत्व समस्या बनी हुई है।



विशेषज्ञों की मानें तो ये तत्व भारत के भूजल में पाए जाने वाले प्रमुख और खतरनाक रासायनिक संदूषक हैं। इनके कारण त्वचा रोग, कैंसर, तंत्रिका तंत्र तथा अंगों को नुकसान होने की आशंका रहती है। विभाग के अनुसार 2025 के अंत तक लवणता से प्रभावित 7379 बस्तियां थीं, जिनमें केवल चार को अल्पकालिक उपायों से कवर किया गया और 7375 बस्तियां अभी भी बाकी थीं। आर्सेनिक प्रभावित बस्तियों की संख्या 2019 में 11,559 थी, जो 2025 में घटकर 314 रह गई। इन सभी 314 बस्तियों को अल्पकालिक उपायों से कवर किया गया है। इसी तरह फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों की संख्या 6852 से घटकर 245 रह गई और सभी 245 बस्तियों में अल्पकालिक उपाय किए गए हैं। भारी धातुओं से प्रभावित बस्तियों की संख्या भी 2151 से घटकर 46 हो गई। इनमें 35 बस्तियों को अल्पकालिक उपायों से कवर किया गया, जबकि 11 बस्तियां अभी बाकी हैं। इसके विपरीत लौह तत्व, नाइट्रेट और लवणता से जुड़ी समस्याएं अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। लौह प्रभावित 3,167 बस्तियों में से किसी को भी अल्पकालिक उपायों के तहत कवर नहीं किया गया है। नाइट्रेट प्रभावित 380 बस्तियों में केवल पांच को कवर किया गया, जबकि 375 बाकी हैं।

जल जीवन मिशन के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया गया है कि आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों में पीने योग्य पानी की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। ऐसे क्षेत्रों में जब तक स्थायी पाइप से जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक लोगों को कम से कम पीने और खाना पकाने के लिए प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आठ से दस लीटर पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पाइप से जलापूर्ति की योजनाएं पूरी होने में अधिक समय लगने की स्थिति में राज्यों को सामुदायिक जल शोधन संयंत्र लगाने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों में इन्हें अंतरिम उपाय के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। योजना में राज्यों को ऐसी गुणवत्ता प्रभावित बस्तियों में प्राथमिकता के आधार पर हर घर तक पाइप से पानी पहुंचाने की योजना बनाने को कहा गया है। जिन गांवों में पर्याप्त भूजल उपलब्ध है, लेकिन पानी की गुणवत्ता खराब है, वहां उपयुक्त स्थानीय जल उपचार तकनीक अपनाने की संभावनाएं तलाशने पर भी जोर दिया गया है।

**संकट**



पटना में मंगलवार को गंगा का जलस्तर बढ़ने से नदी के किनारे निचले इलाके में स्थित एक ट्रैक्टर यार्ड में पानी भर गया।

# डिजिटल बोर्डिंग पास को दिया जाएगा बढ़ावा

सर्वेश कुमार

अब यात्रियों को हवाई सफर में छपे बोर्डिंग पास दिखाने की जरूरत नहीं होगी। प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलाव के इस दौर में जल्द ही मोबाइल फोन पर मिलने वाले बोर्डिंग पास को दिखाकर ही विमान में यात्रा कर सकेंगे।

**तैयारी**

इससे कागजों का इस्तेमाल और बोर्डिंग पास बनवाने में लगने वाले समय की भी बचत होगी। यात्रियों की सहूलियत के विस्तार के लिहाज से नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने डिजी सेवा, फ्लाइब्रेरी, हब एंड स्पोक प्रणाली के बाद घरेलू यात्रियों के लिए भी डिजिटल बोर्डिंग पास की सुविधा को बढ़ावा देने की तैयारी में है। विमानन मंत्रालय ने उड़ान पहल के तहत सभी हवाई अड्डों पर उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत के बाद सभी हवाई अड्डों को वाई फाई की सुविधा से लैस करने की दिशा में काम कर रही है। डिजी सेवा की सफलता को देखते हुए सरकार ने अब यात्रियों के डिजिटल बोर्डिंग पास शुरू करने की तैयारी कर रही है। इससे यात्रियों को उड़ान भरने के लिए हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए बोर्डिंग पास की जरूरत नहीं होगी। अब सफर से पहले आपके मोबाइल पर ही बोर्डिंग पास मिलने वाले डिजिटल पास के जरिए ही सफर कर सकेंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के मुताबिक, यात्रियों को अब हवाई यात्रा के लिए प्रिंटेड बोर्डिंग पास की जरूरत नहीं रहे, इस दिशा में काम चल रहा है। इसके पूरा होते ही प्रिंटेड बोर्डिंग पास की जरूरत पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

सफर में पढ़ने के लिए 'फ्लाइब्रेरी' से ले सकते हैं किताबः हवाई अड्डे पर इंतजार या सफर के दौरान उड़ान में भी आप अपनी पसंदीदा किताबें पढ़ सकते हैं। इसके लिए हवाई अड्डों पर 'फ्लाइब्रेरी' की दिशा में पहल की गई है। इसके तहत यात्रियों को हवाई अड्डे पर अपनी उड़ान का इंतजार करते हुए या सफर में भी निःशुल्क किताबें पढ़ने की सुविधा प्रदान की जा रही है। खासकर युवाओं में किताबें पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और इंतजार के वक्त में मोबाइल का कम इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने के लिए इस सुविधा का विस्तार किया जा रहा है।

# भारत समेत सदस्य देशों का सटीक मानचित्र जारी करेगा संयुक्त राष्ट्र

सुशील राघव

संयुक्त राष्ट्र महासभा में चार सितंबर को 'मानचित्र को सही करें: वैश्विक मानचित्रण प्रतिनिधित्व को संतुलित करना और दुनिया के क्षेत्रों, विशेषकर अफ्रीका के समान प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना' शीर्षक से एक प्रस्ताव पास किया गया। भारत सहित दुनिया के अधिकतर देशों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इसके बाद दुनिया का नक्शा पूरी तरह से बदल जाएगा। भारत भी कुछ अलग दिखाई देगा।

**स्थिति**

दिल्ली विश्वविद्यालय के भगत सिंह कालेज में भूगोल की प्रध्यापक अमृता बजाज ने बताया कि कई देशों ने भौगोलिक और क्षेत्रीय सीमाओं को सही तरीके से दर्शाने वाले विश्व मानचित्र की मांग की थी। इसी के परिणामस्वरूप 'समान क्षेत्रफल वाले मानचित्रण' के मूल सिद्धांत पर जोर देने वाला प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में लाया गया। यह प्रक्षेपण महाद्वीपों के आपसी वास्तविक आकार को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है, विशेष रूप से अफ्रीका को। बजाज ने बताया कि अभी हम 'मर्केटर प्रक्षेपण' नक्शा देखते हैं जिसे 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह मुख्य रूप से नौवहन के लिए उपयोगी है। हालांकि, इसे क्षेत्रों के आकार की तुलना करने के लिए कभी नहीं बनाया गया था, क्योंकि इसमें भूमध्य रेखा से दूर स्थित क्षेत्रों का आकार बढ़ा-चढ़ाकर और विकृत करके दिखाने की प्रवृत्ति होती है। उदाहरण के लिए, मर्केटर मानचित्र में ग्रीनलैंड अफ्रीका से बड़ा दिखाई देता है, जबकि वास्तविकता में अफ्रीका ग्रीनलैंड से लगभग 14 गुना बड़ा है।

इसी कारण भूमध्य रेखा के आसपास स्थित देश तुलनात्मक रूप से छोटे दिखाई देते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पृथ्वी लगभग गोलाकार है, जबकि मर्केटर मानचित्र पृथ्वी को एक सपाट आयताकार सतह पर प्रदर्शित करता है। इस प्रक्रिया में उत्तर और दक्षिण ध्रुवों की ओर जाते हुए विकृति लगातार बढ़ती जाती है। इसलिए वास्तविक आकार और क्षेत्रफल को अधिक सटीक रूप से दिखाने के उद्देश्य से 'इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन' जैसे समान क्षेत्रफल वाले प्रक्षेपणों को प्राथमिकता दी जाती है।

बजाज ने बताया कि 'इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन' मानचित्र पर भारत कुछ अलग दिखाई देगा, लेकिन भारत का वास्तविक आकार, उसकी सीमाएं, भौगोलिक स्थिति या क्षेत्रफल नहीं बदलेगा। भारत भौगोलिक रूप से न तो बड़ा होगा और न ही छोटा। बदलाव केवल इस बात में होगा कि पृथ्वी को सपाट सतह पर किस तरह प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्षेपण में अफ्रीका, यूरोप, चीन आदि देशों की तुलना में भारत का वास्तविक क्षेत्रफल अधिक सटीक रूप से दिखाई देगा। भारत के संदर्भ में यह बदलाव सकारात्मक है, क्योंकि दुनिया के वास्तविक आकारों की तुलना में भारत की स्थिति और उसका वास्तविक आकार अधिक स्पष्ट दिखाई देगा। इस विश्व मानचित्र में बदलाव के बाद लोगों को अन्य देशों और महाद्वीपों की तुलना में भारत के वास्तविक भौगोलिक आकार का अधिक सटीक अंदाजा हो सकेगा।



दिल्ली विश्वविद्यालय के भगत सिंह कालेज में भूगोल की प्रध्यापक अमृता बजाज ने बताया कि कई देशों ने भौगोलिक और क्षेत्रीय सीमाओं को सही तरीके से दर्शाने वाले विश्व मानचित्र की मांग की थी। इसी के परिणामस्वरूप 'समान क्षेत्रफल वाले मानचित्रण' के मूल सिद्धांत पर जोर देने वाला प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में लाया गया। यह प्रक्षेपण महाद्वीपों के आपसी वास्तविक आकार को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है, विशेष रूप से अफ्रीका को। बजाज ने बताया कि अभी हम 'मर्केटर प्रक्षेपण' नक्शा देखते हैं जिसे 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह मुख्य रूप से नौवहन के लिए उपयोगी है। हालांकि, इसे क्षेत्रों के आकार की तुलना करने के लिए कभी नहीं बनाया गया था, क्योंकि इसमें भूमध्य रेखा से दूर स्थित क्षेत्रों का आकार बढ़ा-चढ़ाकर और विकृत करके दिखाने की प्रवृत्ति होती है। उदाहरण के लिए, मर्केटर मानचित्र में ग्रीनलैंड अफ्रीका से बड़ा दिखाई देता है, जबकि वास्तविकता में अफ्रीका ग्रीनलैंड से लगभग 14 गुना बड़ा है। इसी कारण भूमध्य रेखा के आसपास स्थित देश तुलनात्मक रूप से छोटे दिखाई देते हैं।